हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

**हॉकी वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स के लिए तैयारी तेज, दो अलग-अलग टीम उतारने पर...**

Page 09



देश

**असम की सबसे युवा प्रत्याशी कुंकी चौधरी को पुलिस का समन, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा...**


कृष्ण पक्ष, तैतिल, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 14 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 132 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,39,750 | ₹ 2,55,000 |



## आज का इतिहास

**1891 :** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म हुआ।

**2005 :** भारत और अमेरिका ने अपने-अपने उड़ान क्षेत्र एक-दूसरे की एयरलाइनों के लिए खोलने का ऐतिहासिक समझौता किया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में बनेगा राज्य का पहला स्पोर्ट्स साइंस सेंटर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के खिलाड़ियों को जल्द स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की सौगात मिलेगी। इसका निर्माण नेशनल स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की तर्ज पर किया जाएगा। यह राज्य का पहला स्पोर्ट्स साइंस सेंटर होगा, जिसे करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और राजगीर खेल अकादमी में इसकी स्थापना की जाएगी। अगले साल तक इसे खिलाड़ियों को सौंप दिया जाएगा। स्पोर्ट्स साइंस सेंटर का निर्माण खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है।

### बीपीएससी की अहम अपील, अफवाहों से सावधान रहें अभ्यर्थी

**पटना (नि.सं.)।** बीपीएससी ने अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और फर्जी दावों से सतर्क रहने की सलाह दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कुछ असामाजिक तत्व परीक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से पैसे की मांग कर रहे हैं, जो पूरी तरह भ्रामक और धोखाधड़ी है। आयोग के अनुसार 14 से 21 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित होने वाली सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) परीक्षा को लेकर खासकर टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। बीपीएससी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी दावे पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार का आर्थिक लेन-देन करने से बचें। बीपीएससी ने यह भी स्पष्ट किया कि उसकी सभी परीक्षाएं पूरी गोपनीयता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित की जाती हैं।

बिहार में सत्ता की कुर्सी पर कौन बैठेगा आज शाम चार बजे होगा तय

# आज नए मुख्यमंत्री का ऐलान एनडीए की बैठक में लगेगी मुहर, तैयारियां पूरी

- राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा की डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से अहम मुलाकात

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार की सियासत में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, आज करीब 4 बजे राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम का आधिकारिक ऐलान किया जा सकता है। इससे पहले एनडीए विधायक दल की बैठक में नए नेता के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इसी कड़ी में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पहुंचकर करीब 30 मिनट तक अहम बातचीत की। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी सम्राट चौधरी से मुलाकात कर चुके हैं। माना जा रहा है कि यह मुलाकात संभावित मंत्रिमंडल और नेतृत्व को लेकर थी।

राज्यभर में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाएं तेज हैं। पटना के शीतला मंदिर और खगड़िया के काली मंदिर में उनके समर्थन में हवन-पूजन और महायज्ञ का आयोजन किया गया है। वहीं, जदयू कार्यालय से '25 से 30 फिर से नीतीश' वाले पोस्टर हटाए जाने को भी सियासी संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाजीपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं, कल सुबह 11 बजे उनकी अध्यक्षता में कैबिनेट की अंतिम बैठक होगी, जिसके बाद वे करीब 3:30 बजे राज्यपाल को इस्तीफा सौंप सकते हैं। दोपहर 2 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में होगी, जबकि 3 बजे मुख्यमंत्री आवास पर एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे, जिनकी देखरेख में नए मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति बनेगी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज पटना आने की संभावना



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को पटना आने की संभावना है। वे उसी दिन रात में पटना में ठहरेंगे और 15 अप्रैल को प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। उनके दौरे को लेकर स्टेट हैंगर से लोकभवन तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और बैरिकेडिंग का काम तेज कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा और जदयू दोनों ने अपने-अपने विधायकों को 14 और 15 अप्रैल तक पटना में रहने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही, नए मंत्रिमंडल के गठन को लेकर भी लगातार बैठकें चल रही हैं। कुल मिलाकर, बिहार में सत्ता परिवर्तन की तस्वीर अब लगभग साफ हो चुकी है। अगले दो दिनों में न सिर्फ नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होगा, बल्कि नई सरकार के स्वरूप और मंत्रिमंडल की पूरी रूपरेखा भी सामने आ जाएगी, जिस पर पूरे राज्य की नजरें टिकी हुई हैं।

नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा

# महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए योजना बना रही है सरकार

- गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन सब जानता हूं : महिलाओं के सशक्तिकरण पर बोले पीएम मोदी
- महिला आरक्षण पर स्पेशल सेशन का ऐलान, योजनाओं से महिलाओं की आर्थिक ताकत बढ़ने का दावा



**एजेंसी | नई दिल्ली**

नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और महिला आरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है और विधानसभाओं से लेकर संसद तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में लंबे इंतजार का अंत होने वाला है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया जाएगा, जिसमें महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि इससे संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान होगा और देश की लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी। अपने संबोधन के दौरान नरेन्द्र मोदी ने कहा, "मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन सब जानता हूं," और यह भी जोड़ा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना', 'मिशन इंद्रधनुष', 'स्वच्छ भारत अभियान', 'उज्ज्वला योजना' और 'आयुष्मान भारत' जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका सबसे अधिक लाभ देश की बहनों और बेटियों को मिला है। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में तीन करोड़ से अधिक महिलाएं अब अपने घर की मालिक बन चुकी हैं, जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पहले परिवार में आर्थिक निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी सीमित होती थी, लेकिन अब उनकी भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने महिला आरक्षण को लेकर दशकों से चल रही चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल किसी एक दल का नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों और पीढ़ियों के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने देश की महिलाओं को नए युग के आगमन की बधाई देते हुए कहा कि वे अपने जनप्रतिनिधियों से संवाद करें और अपनी अपेक्षाएं स्पष्ट रूप से रखें। सरकार की योजना के अनुसार, महिला आरक्षण को लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रस्तावित संशोधनों के तहत लोकसभा सीटों की संख्या में वृद्धि और नए सिरे से आरक्षण तय करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

### महिलाओं को आरक्षण 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए लाये जाने वाले संशोधन विधेयक को 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय करार देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से नारी शक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत की परिकल्पना और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

## बिहार में राजस्व सेवाएं पटरी पर, 69वीं बैच के सभी 69 अधिकारी लौटे ड्यूटी पर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में राजस्व सेवाओं को लेकर स्थिति अब सामान्य होती दिख रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जानकारी दी है कि राज्य में राजस्व सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं और लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई गई है। विभाग के अनुसार, बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के कुल 589 अधिकारी वर्तमान में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों में गति आई है। सबसे अहम बात यह है कि बिहार लोक सेवा आयोग की 69वीं बैच के सभी 69 राजस्व अधिकारी भी अपनी ड्यूटी पर लौट आए हैं। इससे न केवल अंचल कार्यालयों में कार्यबल मजबूत हुआ है, बल्कि आम जनता से जुड़े मामलों के निष्पादन में भी तेजी आई है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ मार्च के बाद से अब तक 27,448 दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। इसके साथ ही परिमार्जन से जुड़े 99,734 मामलों का निपटारा किया गया है, जो राजस्व प्रशासन की सक्रियता को दर्शाता है। वहीं ई-मापी के 17,354 मामलों पर भी तेजी से काम किया गया है और इनके निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य के सभी अंचल कार्यालयों में कार्य लगातार जारी है और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। इससे आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, खासकर जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और गति दोनों में सुधार देखने को मिल रहा है।

- 27,448 दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन
- 99,734 परिमार्जन मामलों का निपटारा
- 17,354 ई-मापी मामलों की प्रक्रिया जारी
- सभी अंचल कार्यालयों में कार्य तेज़ी से जारी

## पटना-बेतिया फोरलेन एक्सप्रेसवे का सीएम ने किया निरीक्षण

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में सड़क अधोसंरचना को नई रफ्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से बेतिया के बीच प्रस्तावित चार लेन एक्सप्रेसवे परियोजना का स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को तय समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। करीब 163.68 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी परियोजना चार चरणों में विकसित की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 5,996 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से पटना से बेतिया तक की यात्रा, जो वर्तमान में लगभग 6 घंटे में पूरी होती है, घटकर महज 2.5 घंटे में पूरी हो सकेगी।

इससे यात्रियों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यातायात का दबाव भी कम होगा और यात्रा अधिक सुगम व सुरक्षित बनेगी। यह एक्सप्रेसवे राज्य के कई प्रमुख जिलों—पटना, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण—को सीधे जोड़ने का कार्य करेगा। इसके माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। परिवहन लागत में कमी आने से स्थानीय उद्योगों और कृषि उत्पादों के बाजार तक पहुंच आसान होगी, वहीं पर्यटन क्षेत्र को भी विशेष बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## लालू यादव को झटका, एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज

**निज संवाददाता | पटना**



'लैंड फॉर जॉब' घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही साफ कर दिया गया है कि इस मामले में ट्रायल जारी रहेगा और निचली अदालत ही साक्ष्यों के आधार पर अंतिम फैसला करेगी। यह निर्णय जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। हालांकि अदालत ने आंशिक राहत देते हुए कहा कि ट्रायल के दौरान लालू प्रसाद यादव को व्यक्तिगत रूप से हर पेशी में उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मामले में इससे पहले 9 जनवरी 2026 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, बेटी मिसा भारती सहित कुल 41 आरोपियों पर आरोप तय किए थे। वहीं 52 लोगों को इस मामले में बरी कर दिया गया था।

## ईरान भारतीय जहाजों को होर्मुज पार कराने में करेंगे मदद

**नई दिल्ली (ए.)।** खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने भारत को लेकर अहम बयान दिया है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह भारतीय जहाजों को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होरमुज़ जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने में हर संभव मदद करेगा। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहली ने कहा कि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच सकारात्मक बातचीत जारी है और मौजूदा हालात के बावजूद ईरान चाहता है कि भारतीय जहाजों की आवाजाही निर्बाध बनी रहे।

बिहार में बालू घाट नीलामी को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम


## नीलामी की अड़चनें दूर करने की तैयारी, प्रक्रिया होगी आसान और तेज

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में बालू घाटों की नीलामी में लंबे समय से आ रही अड़चनें अब जल्द खत्म हो सकती हैं। राज्य सरकार ने इस दिशा में सख्त रुख अपनाते हुए पूरी प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने की पहल शुरू कर दी है। इसका सीधा असर न केवल नीलामी की गति पर पड़ेगा, बल्कि निर्माण कार्यों को भी नई रफ्तार मिलेगी। उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भू-तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि बालू घाटों की नीलामी में हो रही देरी को हर हाल में समाप्त किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को पर्यावरणीय मंजूरी की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाने और तय समय सीमा में सभी स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश दिए हैं। राज्य में कुल 463 पीले बालू घाट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से अब तक लगभग 360 घाटों की ही नीलामी पूरी हो सकी है। शेष घाट पर्यावरणीय स्वीकृति की लंबी प्रक्रिया में फंसे हुए हैं, जिससे न केवल सरकार के राजस्व पर असर पड़ा है, बल्कि निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

नीलामी प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा स्थापना की सहमति (सीटीई) और संचालन की सहमति (सीटीओ) की जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया बनी हुई है। इन अनुमतियों में देरी के कारण कई घाटों की नीलामी लंबित है। इस स्थिति को देखते हुए मंत्री ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और प्रक्रिया को पारदर्शी व तेज बनाने पर जोर दिया है। राज्य सरकार ने इस मुद्दे को केंद्र स्तर पर भी उठाया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पत्र भेजकर मंजूरी प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने का अनुरोध किया गया है, ताकि राज्यों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। सरकार का मानना है कि जैसे ही सभी बालू घाटों की नीलामी पूरी होगी, सड़क, पुल और भवन निर्माण जैसी परियोजनाओं में तेजी आएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### रजौली के मध्य विद्यालय में छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई,प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना

**रजौली**। रजौली मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका ममता रानी ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार पाण्डेय एवं विद्यालय की सचिव अनिता कुमारी भी मौजूद रही।कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं वर्ग अष्टम से उत्तीर्ण होने वाले 90 छात्रों को मेडल एवं कलम के साथ प्रमाण पत्र व प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित स्थानीय वरिष्ठ पत्रकारों कुमार मनीष देव एवं राजेश कुमार सिन्हा समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रों की आंखें नम हो गईं, जब उन्होंने अपने शिक्षकों और साथियों से विदाई ली। छात्रों ने अपने भावुक भाषण में अपने शिक्षकों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि उनके शिक्षकों ने उन्हें न केवल शिक्षा दी, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाया। कार्यक्रम के अंत में अल्पाहार का भी आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह ने छात्रों को एक नए अध्याय की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने भविष्य के लिए तैयार किया। छात्रों ने अपने शिक्षकों और साथियों के साथ बिताए गए पलों को याद किया और आगे के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक संगीता कुमारी, सुनील कुमार, रजनी शर्मा, तनुजा कुमारी, शिल्पी रानी, शबनम परवीन, शोभा कुमारी एवं शशांक कुमार के अलावे रसोइया सुनीता कुमारी, प्रतिमा देवी एवं रिंकू कुमारी मौजूद रहे।

### ताड़ के पेड़ से गिरने से अधेड़ की मौत

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत विशनपुर गांव निवासी नौरंगी चौधरी की सोमवार की सुबह ताड़ के पेड़ से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौरंगी चौधरी सुबह ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ जाने से वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नौरंगी चौधरी रोजी-रोटी के लिए ताड़ी निकालने का कार्य करते थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पनसोखा में डूबने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**नरहट (नवादा)**। थाना क्षेत्र के चातर अनुसूचित जाति टोला में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में करीब छह वर्षीय मासूम की पनसोखा में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान महेश रविदास के छह वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे की है। बच्चा अचानक घर से लापता हो गया, जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। घंटों तलाश के बाद घर के समीप स्थित पनसोखा में बच्चे का शव मिला। परिजन आनन-फानन में बच्चे को निकालकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि स्वजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस हृदयविदारक घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

### जनगणना कार्य के लिए प्रगणकों-पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू, 02 मई से होगी हाउस गणना की शुरुआत

#### 13 से 24 अप्रैल तक अलग-अलग बैचों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण, अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

**कौआकोल**। आगामी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर कौआकोल प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार एवं नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है,जिसके आधार पर सरकार विकास योजनाओं एवं संसाधनों का निर्धारण करती है। इसलिए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक अलग-अलग बैचों में 50-50 कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में हाउस लिस्टिंग, परिवार संबंधी जानकारी संकलन,प्रपत्र भरने की प्रक्रिया तथा डिजिटल माध्यम से डाटा अपलोड करने की जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर गौरव कुमार,अरुण कुमार,मनोज कुमार वर्मा एवं शिवशंकर कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं शिक्षक जयप्रकाश मेहता एवं गोपाल कुमार सिन्हा प्रशिक्षण कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 02 मई से प्रारंभ होगा। पहले चरण में हाउस गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया जाएगा,जिसके तहत क्षेत्र के सभी घरों एवं परिवारों का आधारभूत विवरण संकलित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से जनगणना कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।

### प्रस्तावित चीनी मिल में शामिल श्मशान घाट की जमीन, मकनपुर ग्रामीण चिंतित

#### चीनी मिल की प्रस्तावित भूमि से कई परिवारों के भूमिहीन होने का सता रहा खतरा।

**वारिसलीगंज**: वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मकनपुर गावं में प्रस्तावित चीनी मिल को लेकर चिन्हित किया गया मकनपुर मौजा की जमीन जो तीन चार प्लाट में है। जिसका प्रयोग वर्षो से श्मशान के रूप में किया जा रहा है। जो अब विवादों के घेरे में आ गई है। श्मशान भूमि को लेकर ग्रामवासियों के बीच उहापोह की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि को परियोजना के लिए चिन्हित किया गया है, उसमें वर्षों से उपयोग में लाई जा रही श्मशान की जमीन भी शामिल है, जिससे सामाजिक और धार्मिक भावनाएं जुड़ी हैं। वही इस क्षेत्र की करीब 42 एकड़ जमीन दर्जनों रैयतों के नाम से दर्ज है। किसान वर्षों तक राजस्व भुगतान करते रहे हैं। जबकि 60 एकड़ से अधिक भूमि बिहार सरकार की है।जिस पर किसानों का अवैध कब्जा है। यह जमीन अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के कब्जे में है। मकनपुर ग्रामीण किसान अभिमन्यु सिंह, बिपिन सिंह, यदुनंदन सिंह, अनिल सिंह, सुनील सिंह, बीरबल राउत, सिया मोची, रिझो राम, प्रमोद सिंह, सुजीत कुमार, सुनील कुमार, इन्द्रदेव सिंह, कुंदन कुमार समेत अन्य किसानों का दावा है कि वे पीढ़ियों से इस जमीन पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते आए हैं, लेकिन अब प्रस्तावित चीनी मिल के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया के चलते उनकी जमीन पर संकट मंडराने लगा है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा इस भूमि को "अवैध कब्जा" बताकर अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि किसान लंबे समय से इस जमीन के वास्तविक उपयोगकर्ता हैं। ऐसे में उन्हें भूमिहीन होने का भय सता रहा है। किसानों का कहना है कि यदि सरकार जमीन अधिग्रहण करती है, तो उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा मिलना चाहिए। हलांकि अभी स्थानीय प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### जनता दरबार में 38 फरियादियों की सुनी गई फरियाद

**अररिया**। समाहरणालय स्थित परमान सभागार में सोमवार को डीएम विनोद दूहन के जनता दरबार में 38 फरियादियों की फरियाद सुनी गई। सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जनता दरबार में राजमणि बैठा ने निजी जमीन होने के बावजूद लगान रसीद निर्गत नहीं किए जाने की शिकायत की गई। वहीं रामेश्वर साह ने फर्जी जमाबंदी निर्गत करने का मामला रखा। चंद्र मोहन चौधरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया।

# पत्रकार सम्मेलन में होनहार छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


नवादा जिला पत्रकार संगठन के समारोह में उपस्थित गणमान्यजन

**नवादा**। नवादा जिला पत्रकार संगठन की नरहट इकाई के सौजन्य से रविवार को नरहट प्रखंड सभागार में एक भव्य जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार व नरहट बीईओ निशांत प्रियदर्शी के साथ ही वरीय पत्रकार रविन्द्र नाथ भैया, पत्रकार संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ.आर.पी.साहू व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार रवि, जिला सचिव रविन्द्र पांडेय व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। वरीय पत्रकार रविन्द्र नाथ भैयाजी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह के मुख्य केंद्र में पत्रकारों की एकजुटता और समाज के होनहारों को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रहा। भैयाजी ने सभी का मार्गदर्शन किया और पत्रकारिता की शुचिता पर गहन चर्चा की। विशिष्ट अतिथि रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार व नरहट बीईओ निशांत प्रियदर्शी प्रतिभाशाली बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें जीवन में प्रगति के गुर बताए। पत्रकारिता के आदर्शों पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों को एकजुट होकर निष्पक्ष भाव से समाज की सेवा करनी चाहिए। बच्चों को बेहतरी के लिए प्रेरित किया। हिसुआ विधायक समेत तमाम अतिथियों ने मैट्रिक-इंटर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया, जिससे सभी में उत्साह देखा गया।

मंच का संचालन कर रहे संगठन संयोजक राजेश मंझवेकर ने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा बनाए रखी। कार्यक्रम में वरीय पत्रकार अजय कुमार और समाजसेवी मसीह उद्दीन ने पत्रकार, पत्रकारिता तथा बाल प्रतिभाओं के बाबत अपने विचार रखे। उन्होंने पत्रकारों और सम्मानित छात्र-छात्राओं के अंदर असीम ऊर्जा भरी। जिला सचिव रविन्द्र पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार और संगठन सचिव डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा समेत सतीश कुमार, अविनाश कुमार निराला, उमाशंकर पाठक, सुबोध कुमार, निर्भय कुमार, इंद्रजीत सिन्हा, उदय सिन्हा, रौशन कुमार, नवीन सिंह, रौशन कुमार सोनू, सत्यम राज विक्की, समीर राज पंकज, विनय कुमार एवं आयोजन के सूत्रधार नरहट इकाई के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद समेत राकेश कुमार, मनोज प्रसाद, दीपक कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। सभी वक्ताओं ने भी पत्रकारिता के गिरते मूल्यों और भविष्य की चुनौतियों पर अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में जिले भर से आए पत्रकारों ने शिरकत की, जिससे यह आयोजन एक मिलन समारोह में तब्दील हो गया।

# प्रवेश उत्सव रैली निकालकर नामांकन बढ़ाने का दिया संदेश


प्रवेश उत्सव रैली में शामिल छात्र-छात्राएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमबार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय शेखपुरा परिवार की ओर से प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में सोमबार को प्रवेश उत्सव रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार, विभिन्न गलियों एवं आसपास के मोहल्लों से गुजरते हुए लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर "सब पढ़ें, सब बढ़ें", "हर बच्चा स्कूल जाए" जैसे नारे लगा रहे थे। बैंड-बाजे के साथ निकली रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन समय पर विद्यालय में कराएं, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों को आगे बढ़ाया जा सकता है। रैली के माध्यम से समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही।

# नरहट एसएफसी गोदाम की जिला स्तरीय जांच, कम वजन व खराब गुणवत्ता उजागर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


गोदाम की जांच करते जिला स्तरीय टीम

**नरहट (नवादा)**: प्रखंड स्तरीय एसएफसी गोदाम नरहट में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत के बाद सोमवार को जिला स्तरीय टीम ने गोदाम पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान गोदाम में रखे गेहूं और चावल के वजन व गुणवत्ता की बारीकी से पड़ताल की गई। बताया जाता है कि रविवार को हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अनिल सिंह नरहट आए थे। इस दौरान कई जनवितरण प्रणाली डीलरों ने एसएफसी गोदाम में अनियमितता की शिकायत की।

शिकायत मिलते ही विधायक ने स्वयं गोदाम पहुंचकर निरीक्षण किया, जिसमें कई बोरे निर्धारित मानक से कम वजन के पाए गए। कुछ बोरे 45 किलो तो कुछ 46 किलो तक ही थे, जबकि तय वजन इससे अधिक होना चाहिए। जांच में यह भी सामने आया कि गेहूं और चावल की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद जिला स्तर से जांच टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

सोमवार को जांच के दौरान एसएफसी के जिला प्रबंधक प्रीतम सिंह और क्यूसी इंस्पेक्टर राघवेंद्र नारायण ने गोदाम में रखे अनाज का निरीक्षण किया। टीम ने अलग-अलग बोरे से नमूने लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया। शिकायत के बाद गोदाम में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला प्रबंधक प्रीतम सिंह ने मीडिया से कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। जांच के दौरान विधायक अनिल सिंह, बीडीओ प्रशांत कुमार, बीएसओ नितेश कुमार, एजीएम विकास कुमार, क्यूसी राघवेंद्र नारायण और थानाध्यक्ष गौतम कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस बलों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 31 बाइक सवारों पर लगा जुर्माना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


वाहन जांच कर जुर्माना करते पुलिसकर्मी

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 और एसएच-70 पर पुलिस बलों के द्वारा बीते रविवार की रात्रि से लेकर सोमवार की सुबह 10 बजे तक सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना में पदस्थापित एसआई सचिन कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से बिना हेलमेट के 31 बाइक सवारों पर जुर्माना लगाया है एवं चेतावनी भी दी गई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन से आए दिन थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। इसी के मद्देनजर रजौली थाना क्षेत्र में पुलिस बलों के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान 31 बाइक सवार बिना हेलमेट के पाए गए, जिसपर प्रत्येक बाइक सवारों पर एक-एक हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। इस प्रकार कुल 31 बाइक सवारों से 31 हजार रुपए की जुर्माना लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पुलिस लोगों के सुरक्षा को लेकर सदैव तत्पर है एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भविष्य में भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

# जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री राजीव कुमार का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एनआईसी नवादा राजीव कुमार का स्थानान्तरण पटना समाहरणालय में होने के उपरांत आज दिनांक 13.04.2026 को समाहरणालय सभाकक्ष में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री राजीव कुमार ने वर्ष 2012 में समाहरणालय, नवादा में अपना योगदान दिया था तथा अपने दीर्घ कार्यकाल में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश ने कहा कि आज हम सब यहाँ एक ऐसे व्यक्तित्व को विदाई देने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया, बल्कि अपने व्यवहार, मार्गदर्शन और सहयोग से हम सभी के दिलों में एक विशेष स्थान भी बनाया।

श्री राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज विदाई का यह क्षण भावुक जरूर है, लेकिन साथ ही गर्व का भी है कि मुझे नवादा में आप सभी के साथ कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,अपर समाहर्त्ता, गोपनीय शाखा प्रभारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अम्बेदकर जयंती को लेकर प्रतिमा की साफ-सफाई, तैयारियां शुरू



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल ब्लॉक परिसर के बाहर स्थित अम्बेदकर पार्क में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती को लेकर सोमवार को उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई की गई। जयंती समारोह को भव्य एवं गरिमामय तरीके से मनाने के उद्देश्य से प्रतिमा एवं पार्क परिसर की साफ-सफाई कर दिया गया। भाजपा पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्रतिमा स्थल की सफाई की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बताया कि अम्बेडकर जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम,माल्यार्पण एवं सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# चार छात्राओं ने लिया वैक्सीन


छात्राओं को वैक्सीन देते स्वास्थ्य कर्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)**। इंटर विद्यालय नारदीगंज में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को ह्यूमन पिप्लोमा वायरस का वैक्सीन लगाया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक इरशाद अहमद और एएनएम सुलेखा कुमारी ने चार छात्राओं को ह्यूमन पिप्लोमा वायरस का वैक्सीन लगाया। उन्होंने कहा यह वैक्सीन सर्वाबैक है। पहला डोज छह माह पहले दिया गया है,अब दूसरा डोज दिया गया है। इसका मात्र दो डोज है। इसमें नौ वर्ष से 14 साल के अंदर वाले छात्राओं को दिया जाने का प्राविधान है। यह वैक्सीन विद्यालय में दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में आगामी 17 अप्रैल तक चलेगा। यह दो तरह का वैक्सीन होता है। एक सर्वाबैक और दूसरा गाडासील वैक्सीन है। कहा गया गाडासील वैक्सीन 14 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले और 15 वें वर्ष में प्रवेश करने वाले बालिकाओं को दिया जाता है। यह सिंगल डोज है। जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में वैक्सीन देने की व्यवस्था है। इस केंद्र में फिलहाल 325 वैक्सीन उपलब्ध है। महिलाओं में आम तौर पर सर्वाइकल कैंसर की शिकायत ज्यादा होती है। इस कैंसर से बचाव के लिए यह वैक्सीन का डोज दिया जा रहा है।

# जिला स्तरीय शिक्षा निर्धारण समिति की मांग :- प्रभाकर झा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। आज दिनांक 13/04/2026 को नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल बिहार में निजी विद्यालय के मनमानी और शिक्षा के व्यवसायीकरण को लेकर अभिभावक में बढ़ता आक्रोश को संज्ञान में लेते हुए हुए नवादा जिला पदाधिकारी महोदय को 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा ।

श्री झा ने कहा कि निजी विद्यालयों द्वारा शुल्क वसूली , पुनः नामांकन , वार्षिक शुल्क , किताब एवं यूनिफॉर्म को खरीदने के लिए बाध्य किए जाने, किताब MRP पर देना यानी निजी विद्यालय की लुट की खुली छूट को लेकर बच्चों के अभिभावक परेशान दिख रहे है तथा निजी विद्यालय के इस मनमानी से मध्यमवर्गीय परिवार के लिए घातक साबित हो रहा है जिससे अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान दिख रहे है।

आर्थिक मंदी के कारण अभिभावक ऐसे ही दबे हुए है दूसरे तरफ आर्थिक शोषण से भी परेशान है। केंद्र सरकार की पूंजीवादी नरेंद्र मोदी जी के सरकार कि शिक्षा में ढुल - मूल नीति के कारण निजी विद्यालय और अभिवाभक दोनों परेशान है और पब्लिकेशन इसका लाभ उठा रहा है और कहीं न कही यह भाजपा को लाभान्वित कर रहा है ऐसा सरकार की दोहरी नीति से स्पष्ट प्रतीत होता है। नवादा जिला कांग्रेस कमिटी इन बातों को गंभीरता से लेते हुए आकलन कर पाया कि निजी विद्यालय की मनमानी का रोकने तथा अभिवाभक को आर्थिक शोषण से राहत कैसे मिल सके इसके लिए 14 सूत्री मांग नवादा जिलाधिकारी महोदय को सौंपा तथा जिला स्तरीय शुल्क निर्धारण समिति का गठन कर प्रकाशित करने का अनुरोध किया है साथ ही साथ इस इस समिति में जिला प्रशासन के अधिकारी के साथ - साथ , स्थानीय सांसद एवं विधायक,सभी राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष, बुद्धिजीवी शिक्षाविद एवं निजी विद्यालय के प्राचार्य को सदस्य बनाने की मांग करता हूं।

शिष्टमंडल में इंटक के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार , प्रदेश डेलिगेट रजनीकांत दीक्षित , सेवादल के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पप्पू , हिसुआ ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार शरीफ में रेड, 25 टन प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्तःनगर निगम का प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

**नालंदा**। बिहारशरीफ शहर को प्रदूषण मुक्त और 'स्वच्छ-सुंदर बिहारशरीफ' बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने आज कार्रवाई की है। वार्ड संख्या-37 के मुरारपुर इलाके में सघन छापेमारी कर निगम की टीम ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और अवैध कैरी बैग बरामद किए हैं। बरामद किए गए प्लास्टिक की कुल मात्रा 25 टन से भी अधिक है। जिसे 10 से अधिक ट्रैक्टर से ढोया गया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में नगर निगम का पूरा अमला मुस्तैद रहा। अभियान का नेतृत्व उप नगर आयुक्त शम्स रजा और नगर प्रबंधक ने किया। मौके पर सहायक लोक स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी के साथ निगम की विशेष स्वच्छता टीम ने गोदामों और दुकानों की बारीकी से तलाशी ली। छापेमारी के दौरान प्रशासन को विरोध और भावुक अपीलों का भी सामना करना पड़ा। मुरारपुर की एक महिला विक्रेता कंचन कुमारी ने रोते हुए अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे हैं, उन्हें कहां से पढ़ाएंगे? यह सामान पहले का रखा हुआ था। अब से ऐसी गलती नहीं होगी, हमें छोड़ दीजिए। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिहार में प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंधित है और नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जब्त प्लास्टिक को उचित निस्तारण के लिए अपशिष्ट केंद्र भेजा जा रहा है ।नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने की तैयारी है और आने वाले दिनों में अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भी इसी तरह की छापेमारी की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता और दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए कपड़े या जूट के थैलों का ही उपयोग करें। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और शहर की सुंदरता के लिए अनिवार्य है।

### विश्व शांति महोत्सव का दूसरा दिन शहीदों के नाम, गयाजी से देशभक्ति, इंसानियत का संदेश



**गयाजी**। गयाजी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में चल रहे विश्व शांति महोत्सव का दूसरा दिन अमर शहीदों के नाम समर्पित रहा। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति, इंसानियत और शांति का संदेश प्रमुखता से देखने को मिला। मंच से शायरों और कवियों की प्रस्तुति ने ऐसा माहौल बनाया कि दर्शक देर रात तक तालियों से उनका उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी राहुल कुमार, पीस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ एसएन सिंह, संरक्षक अशोक दा, सचिव इकबाल हुसैन समेत कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इसके बाद बैलून उड़ाकर शांति का संदेश दिया गया। समारोह के दूसरे दिन शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। पूरे कार्यक्रम में एक अलग ही भावनात्मक माहौल दिखा। मुशायरा और कवि सम्मेलन के जरिए शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं से प्रेम, भाईचारा, एकजुटता का संदेश दिया। यह आयोजन सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि कार्यक्रम में समाज को जोड़ने की एक मजबूत कोशिश उभर कर सामने आई। निबेंदु भट्टाचार्य की गजल ने लोगों को बांधे रखा। 'चिट्ठी न कोई संदेश...' और 'मैं न हिन्दू न मुसलमान...' जैसे प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। शायरों ने भी अपनी रचनाओं से माहौल को खास बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। वायरस डांस अकादमी की प्रस्तुति खास रही। शहीद भगत सिंह को समर्पित एक्ट, 'ख्वाजा मेरे ख्वाजा...' पर सूफी डांस और 'संदेशे आते हैं...' गीत पर भावुक प्रस्तुति ने माहौल को देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में अतरी विधायक रोमित कुमार भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और युद्ध का माहौल है, ऐसे समय में गयाजी से शांति का संदेश जाना बड़ी बात है। इस पहल को सराहनीय बताया। बेलागंज विधायक मनोरमा देवी ने कहा कि गयाजी की धरती ने दुनिया को महात्मा बुद्ध जैसा शांति का संदेश देने वाला महापुरुष दिया है। ऐसे में यहां से विश्व शांति का संदेश जाना गर्व की बात है।

### गयाजी के नागकुट पहाड़ी पर आग लगी, बस्ती पर मंडराया खतरा, आग पर काबू पाने की कोशिश जारी

**गयाजी**। गयाजी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सलेमपुर सीताकुंड स्थित नागकुट पहाड़ी पर आज आग लग गई। देखते ही देखते झाड़ियों में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। आग मंदिर परिसर के पास से शुरू होकर पहाड़ी की चोटी तक एक लाइन में फैलती चली गई। दूर-दूर तक लपटें नजर आने लगीं। करीब एक किलोमीटर दूर से भी आग साफ दिख रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक आग लगने के पीछे शरारती तत्वों की भूमिका हो सकती है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आग की लपटें देख आसपास के लोगों में डर का माहौल है। हवा तेज होने के कारण आग तेजी से फैल रही है और दिशा बदलते हुए उत्तर से दक्षिण और पश्चिम की ओर बढ़ रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की दो बड़ी गाड़ियां लगाई गई हैं। लेकिन पहाड़ी पर रास्ता नहीं होने से टीम को ऊपर तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। बावजूद इसके फायर फाइटर लगातार आगे बढ़कर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी दमकल टीम को पहुंचने में देर हुई। इसको लेकर लोगों में नाराजगी भी दिखी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत प्रभावी कार्रवाई की मांग की है, ताकि आग को जल्द रोका जा सके। नागकुट पहाड़ी क्षेत्र हरियाली और पेड़-पौधों के लिए जाना जाता है। ऐसे में आग से बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है और हालात पर नजर बनाए हुए है।

### नालंदा में पड़ोसी के घर में घुसने पर खूनी संघर्ष

**नालंदा**। नालंदा में पड़ोसी ने पीट-पीटकर 55 साल के व्यक्ति की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी परिवार गांव से फरार है। मृतक की पहचान तुलसी मांझी के पुत्र चंदेश्वर मांझी के तौर पर हुई है। घटना बड़गांव स्थित मांझी टोला की है। मृतक के पुत्र गोपाल ने बताया कि रविवार के मेरे पिता नशे की हालत में पड़ोसी वीरेश मांझी के घर में घुस गए थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। मारपीट के दौरान चंदेश्वर मांझी को गंभीर चोटें आईं। जिससे उनकी मौत हो गई हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि घायल का स्थानीय स्तर पर मामूली उपचार कराया गया था। पुलिस को भी जानकारी नहीं दी गई। चोट काफी गंभीर थी, देर शाम में इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों से पता चला है कि चंदेश्वर मांझी नशे की हालत में अक्सर गाली-गलौज करता था, जिसे लेकर विवाद हुआ है। लिखित आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी फिलहाल फरार है। चंदेश्वर मांझी नालंदा खंडहर के पास एक होटल में प्लेट साफ करने का काम करता था। परिवार में तीन बेटे और तीन बेटियां हैं। दो बेटे फिलहाल दूसरे राज्य में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। पिता की मौत की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।

# मजदूरों की हड़ताल आज से, शहर में कूड़े का अंबार लग सकता, पानी की सप्लाई में होगी दिक्कत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**गयाजी**। गयाजी में नगर निगम और बोधगया नगर परिषद के सैकड़ों मजदूरों ने आज जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। वे अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर एकजुट हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। यह प्रदर्शन बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के बैनर तले आयोजित किया गया। बता दें कि साल 2018 से ही मजदूर अपनी मांगों पर अड़े हुए है।

मजदूर के हड़ताल पर जाने से शहर में कूड़े का अंबार लग जाएगा, पानी का सप्लाई भी बाधित हो जाएगी। डीएम कार्यालय के सामने आज प्रदर्शन किया है और जिलाधिकारी को ज्ञापन पत्र देने के बाद कल से इन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। आंदोलन का नेतृत्व फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष और गया वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

**मजदूर बोले- समय पर नहीं मिल रहा वेतनः** संजीत सिंह ने बताया कि नगर निकायों में कार्यरत मजदूर लंबे समय से अपनी बुनियादी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। उन्होंने समय पर वेतन न मिलने, सेवा की अस्थिरता और सामाजिक सुरक्षा के अभाव जैसी समस्याओं का उल्लेख किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने अपनी प्रमुख मांगों को विस्तार से बताया।

इनमें सातवां वेतन आयोग लागू करना, दैनिक कर्मियों की सेवा स्थायी करना, एसीपी में की जा रही कटौती पर रोक लगाना, बकाया अंतर वेतन का जल्द भुगतान करना और न्यूनतम मजदूरी 783 रुपये प्रतिदिन लागू करना शामिल है। अन्य मांगों में समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत लागू करना और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, मजदूरों ने अनुकंपा के आधार पर बहाली में शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता समाप्त कर पुनर्बहाली लागू करने, पारिवारिक पेंशन की व्यवस्था लागू करने और एनजीओ के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को निगम कर्मचारी का दर्जा देने की भी मांग की।

## नालंदा में सांप के काटने से किशोर की मौत झाड़-फूंक के चक्कर में बिगड़ी हालत, अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में तोड़ा दम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा में साप के काटने से किशोर की मौत हो गई। परिजन अस्पताल ले जाने की जगह, झाड़-फूंक कराने लगे। जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान अर्जुन कुमार(14) के तौर पर हुई है। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र के फाजिलपुर गांव की है।

जानकारी के अनुसार, अर्जुन को रविवार रात करीब 9:00 बजे सांप ने डस लिया था। इसके बाद परिजन डियावां नामक स्थान पर झाड़-फूंक कराने ले गए। काफी देर तक तांत्रिक ने झाड़-फूंक की। जब किशोर की हालत बिगड़ने लगी और जहर शरीर में फैल गया, तब ओझा ने हाथ खड़े कर दिए। उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

**अस्पताल पहुंचने से पहले गई जानः** मृतक के चाचा जितेंद्र जमादार ने बताया कि झाड़-फूंक में समय बर्बाद होने के बाद बच्चे को अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी सांसें थम गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। माता-पिता और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** वहीं, थानाअध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल यूडी केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गयाजी में 2 लाख 815 स्मार्ट मीटर लगे, सस्ती बिजली का दावा, लोगों में रिचार्ज-बैलेंस खत्म होने की चिंता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में बिजली व्यवस्था तेजी से बदल रही है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की रफ्तार ने नया आंकड़ा छू लिया है। गया सर्किल में अब तक 2 लाख 815 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इसमें करीब 1.80 लाख कनेक्शन गया में और 20 हजार से ज्यादा जहानाबाद में हैं। लक्ष्य अभी 7 लाख से ज्यादा मीटर लगाने का है।


शहर से लेकर गांव तक इंस्टॉलेशन का काम चल रहा है। गोलपत्थर, चांदचौरा, वजीरगंज, टेकारी, बोधगया, मानपुर व शेरघाटी जैसे इलाकों में टीमें लगातार घर-घर पहुंच रही हैं। कई जगह पर उपभोक्ता खुद आगे आकर मीटर लगवा रहे हैं, लेकिन कुछ इलाकों में अभी भी हिचक और सवाल बने हुए हैं।

बिजली कंपनी की ओर से दावा है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए फायदे का सौदा है। सामान्य मीटर की तुलना में 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलने की बात कही जा रही है। हर रिचार्ज पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ भी जोड़ा जा रहा है। इतना ही नहीं, 2000 रुपये से ज्यादा बैलेंस रखने पर ब्याज जैसा फायदा मिलने की बात भी कही जा रही है अप्रैल से लागू 'टैरिफ ऑफ द डे' सिस्टम को भी बड़ा बदलाव बताया जा रहा है। इसके तहत सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली 20 प्रतिशत सस्ती मिलती है। यानी दिन में ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है।

**रिचार्ज-बैलेंस खत्म होने की चिंताः** हालांकि, जमीनी स्तर पर तस्वीर पूरी तरह एक जैसी नहीं है। कुछ उपभोक्ता जहां इसे पारदर्शी और कंट्रोल वाला सिस्टम बता रहे हैं। कुछ लोगों को रिचार्ज और बैलेंस खत्म होने की चिंता भी है। खासकर ग्रामीण इलाकों में लोगों को अब भी सिस्टम समझने में दिक्कत हो रही है। केंद्रीय बिजली प्राधिकरण ने नियमों में बदलाव कर उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत दी है। अब उपभोक्ता के पास विकल्प है कि वह मीटर को प्रीपेड मोड में चलाए या पोस्टपेड में रखे। हालांकि, प्रीपेड मोड में ही सस्ती बिजली और अतिरिक्त फायदे मिलेंगे।

# हरनौत में बम मिलने से सनसनी, पुलिस ने पूरे इलाके को घेरे में लिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


गेहूं के खेत में रखे डिब्बे में थे विस्फोटक

**नालंदा**। नालंदा जिले के चेरो ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुशहरी गांव के खंधा (खेत) में सोमवार की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक डिब्बे में रखे कई बम बरामद हुए। बम मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। सोमवार शाम करीब 4 बजे मुशहरी गांव के कुछ किसान खेत की ओर गए थे। चैत्र के महीने में गेहूं की कटाई का काम जोर-शोर से चल रहा है। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर गांव के पश्चिम दिशा में स्थित एक खेत के बीचों-बीच रखे संदिग्ध डिब्बे पर पड़ी। जब पास जाकर देखा गया, तो उसमें भारी मात्रा में विस्फोटक (चार-पांच बम) रखे हुए थे।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाईः** घटना की सूचना तुरंत स्थानीय चेरो ओपी थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रौशन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे खंधा क्षेत्र को अपने घेरे में ले लिया। पुलिस ने ग्रामीणों को घटनास्थल से दूर रहने की हिदायत दी है ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

**जांच में जुटी टीमः** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बम मिलने वाली जगह को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया गया है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। विशेषज्ञों की टीम और बम निरोधक दस्ते के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

**दहशत में ग्रामीणः** बम मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मुशहरी और डिहरी पंचायत के ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता देखी जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में बम खेत के बीच में किसने और किस उद्देश्य से रखे थे।

# बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त करने पर हंगामा पुलिस पर पथराव, गाड़ी का शीशा टूटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में बालू लोडेड ट्रैक्टर पकड़ने के बाद स्थानीय लोग भड़क गए। उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। भीड़ को शांत करने के लिए लाठीचार्च करना पड़ा। मौके से 2 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। घटना सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र की है।

**गाड़ी जब्त करने पर बढ़ा विरोधः** पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध बालू का खेल चल रहा है। इसी इनपुट पर टीम कर्मा रोड पहुंची। वहां एक बालू लदा ट्रैक्टर दिखा। रोककर जांच शुरू की गई, इस बीच मामला उलझ गया। ट्रैक्टर चालक ने मौके पर ही बालू गिरा दिया। इसके बाद गाड़ी खाली हो गई। ग्रामीण पुलिसकर्मियों से उलझ गए, कहा कि अब जब बालू नहीं है तो गाड़ी क्यों जब्त की जा रही है। इसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। कुछ ही मिनट में भीड़ बढ़ती चली गई। आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया।

**लोग पीछे हटने को तैयार नहीं थेः** फिर अचानक भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने टीम को घेर लिया। ईंट-पत्थर चलने लगे। एक पुलिस वाहन का शीशा टूट गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला। पहले समझाने की कोशिश हुई, लेकिन भीड़ पीछे हटने को तैयार नहीं थी। इसके बाद हल्का लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज होते ही भीड़ तितर-बितर हो गई।

**फुटेज खंगाल रही पुलिसः** सिंधुगढ़ थानाध्यक्ष निलेश कुमार ने बताया कि टीम खनन मामले में कार्रवाई करने गई थी। ड्राइवर ने बालू लदे ट्रॉली को पलट दिया और शोर मचाने लगा। पब्लिक भी ड्राइवर को छुड़ाने की कोशिश करने लगी। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वालों की पहचान की जा रही है। वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सब कुछ नियंत्रण में है। मौके पर पुलिसबल की तैनाती की गई है।

## सुषमा साहू बोलीं- पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन देश की बेटियों और महिलाओं को समर्पित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा जिला बीजेपी कार्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को सुनने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश नेत्री सुषमा साहू और जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में सुषमा साहू ने महिला सशक्तिकरण पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज का यह क्षण बेहद गौरवशाली है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन का एक-एक शब्द देश की बेटियों और महिलाओं को समर्पित किया है। पीएम के नेतृत्व में देश अब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है।

**लोकतंत्र में नया इतिहास रचा जाएगाः** महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा करते हुए सुषमा साहू ने कहा कि ये बिल1996 से अधर में लटका हुआ था, उसे प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2023 में पारित करवाकर महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने का मार्ग प्रशस्त किया।

जब यह कानून पूर्ण रूप से धरातल पर उतरेगा, तब सदन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व रूप से बढ़ेगी। महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंच जाएगी। आने वाले समय में जब सदन में महिलाओं की आवाज और अधिक मुखर होगी, तो देश के लोकतंत्र में एक नया इतिहास रचा जाएगा।

महिलाओं की प्रगति सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। जब महिलाएं नेतृत्व संभालती हैं, तो उनका उद्देश्य केवल पद पाना नहीं बल्कि अपने क्षेत्र के हर घर का विकास सुनिश्चित करना होता है। एक महिला जनप्रतिनिधि की सोच हमेशा यही रहती है कि उसके गांव में कोई भी गरीब न रहे और हर बच्चा उन्नति करें।

# मगध यूनिवर्सिटी में 'मेडिटेशन एंड स्ट्रेस रिलीज' सेमिनार, छात्रों ने सीखे आसान तरीके

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ तनाव भरी जिंदगी में सुकून के लिए प्रयास

**गयाजी**। गयाजी स्थित मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में खास पहल की गई। विभाग में "मेडिटेशन एंड स्ट्रेस रिलीज़" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सहज योग टीम ने छात्रों और शिक्षकों को मानसिक शांति के आसान उपाय बताए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार वर्मा ने सहज योग टीम का अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के दौर में तनाव हर व्यक्ति की बड़ी समस्या बन चुका है। ऐसे में ध्यान और योग जैसे कार्यक्रमों की जरूरत पहले से ज्यादा बढ़ गई है।

सेमिनार में सहज योग टीम के सदस्यों ने योग और ध्यान की सरल पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहज योग कोई जटिल प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसे हर उम्र का व्यक्ति आसानी से अपना सकता है। टीम ने मौके पर ही कुछ आसान योग और ध्यान के आसनों का अभ्यास भी कराया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**कई शिक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुएः** कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभाग की सहायक हेड मास्टर डॉ. श्रद्धा प्रसाद ने किया। मौके पर सहज योग टीम के डॉ. शशिकांत जवाले, मयूर धात्रक, गायत्री निमावत और शुभांगी कुमारी मौजूद रहे। वहीं विभाग के कई शिक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनमें डॉ. रेनू रानी, डॉ. अंकुरवा सिन्हा, डॉ. तन्मय लाहिड़ी, डॉ. शिल्पी बनर्जी, डॉ. माधव कुमार सिंह, डॉ. विश्वतोष मिश्र, डॉ. विमल तिवारी और डॉ. प्रीति शामिल हैं। इसके अलावा बॉटनी विभाग के डॉ. अमित कुमार सिंह और डॉ. एकता वर्मा भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले एमएससी के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने कहा कि इस सेमिनार से उन्हें तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा मिली। उन्होंने माना कि ध्यान और योग के आसान तरीकों को अपनाकर वे न सिर्फ मानसिक बल्कि शारीरिक रूप से भी खुद को बेहतर बना सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### खरमास खत्म होते ही बाजारों में भी रौनक लौट आई

**बिक्रमगंज /रोहतासः** एक महीने की प्रतीक्षा के बाद आखिरकार वह घड़ी आ ही गई,जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था । मंगलवार 14 अप्रैल 2026 से खरमास समाप्त हो गया है और इसी के साथ जीवन में शुभता का नया अध्याय शुरू हो गया है । अब तक रुके हुए विवाह,गृह प्रवेश, नामकरण और अन्य मांगलिक कार्यो को लेकर घर-घर में तैयारियां तेज हो गई हैं । खरमास के दौरान जहां एक ओर शादियों पर विराम था,वहीं अब यह ठहराव उत्सव में बदलने जा रहा है । आंगन फिर से सजेगा,रिश्तों की डोर बंधेगी और शहनाइयों की मधुर धुन माहौल को उल्लास से भर देगी । विद्वतजनों के अनुसार आने वाले दिनों में कई शुभ मुहूर्त हैं,जो विवाह और अन्य संस्कारों के लिए अत्यंत अनुकूल माने जा रहे हैं ।धार्मिक दृष्टि से खरमास को आत्मचिंतन और साधना का समय माना जाता है । इस दौरान लोग सांसारिक आयोजनों से दूरी बनाकर पूजा-पाठ,व्रत और दान- पुण्य में समय बिताते हैं । लेकिन अब जैसे ही यह अवधि समाप्त हुई है, जीवन की रफ्तार फिर से उत्सव की ओर मुड़ गई है । खरमास खत्म होते ही बाजारों में भी रौनक लौट आई है । शादी-विवाह से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखी जा रही है,ज्वेलरी की दुकानों से लेकर कपड़ों,बैंक्वेट हॉल और कैटरिंग सेवाओं तक हर जगह बुकिंग का दौर शुरू हो गया है । यह सिर्फ एक धार्मिक अवधि का अंत नहीं,बल्कि खुशियों की वापसी का संकेत है । 14 अप्रैल से शुरू हो रहा यह समय न केवल मांगलिक कार्यो के लिए शुभ है,बल्कि लोगों के जीवन में नई उम्मीद,नई शुरुआत और नए उत्साह का भी प्रतीक बन गया है ।

### हत्या मामले में पांच लोगों पर नामजद मामला दर्ज,गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**बिक्रमगंज/ रोहतासः** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 13 गौतम नगर काशी घाट के समीप रविवार को एक घर के छत के रेलिंग से लटका हुआ विवाहिता अमृता पटेल का शव मिला । हादसे के उपरांत मोहल्ले में सनसनी फैल गई । उसी मामले में मृतिका के पिता नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छतौना निवासी अशोक कुमार सिंह ने बिक्रमगंज थाना में लिखित आवेदन देकर ससुराल पक्ष से पांच लोगों को आरोपित बनाया है । जिसमें मृतिका के पति मनीष कुमार,ससुर राम केश्वर चौधरी,सास मीना देवी,ननद अंशु कुमारी व देवर प्रिंस कुमार को नामजद आरोपी बनाया है । श्री चौधरी ने अपने लिखित आवेदन में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है कि मेरी बेटी अमृता की शादी के समय दस लाख रुपए नगद राशि,दो भर का सोने का चेन सहित अन्य उपहार देकर शादी की गई थी । कहा है कि शादी के एक साल तक मामला सही था,लेकिन शादी के एक साल बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरी बेटी के साथ मारपीट करते रहे,साथ ही साथ उसे हमेशा दहेज मांगने के लिए प्रताड़ित व दबाव दे रहे थे । अंततोगत्वा ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरी बेटी को जान मार कर फंदे से लटका दिए । इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष बिट्टू लाल रंजन ने बताया कि उक्त मामले में मृतिका के पिता के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर 267/26 के आलोक में कांड दर्ज करने के उपरांत गिरफ्तारी के लिए पुलिस आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है ।

### कटिहार में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समन्वय समिति सह जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित




**कटिहार।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अभिसरण समन्वय समिति सह जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 से 23 अप्रैल 2026 तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें 0–6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कुपोषण मुक्ति के साथ-साथ शिशु एवं बाल मस्तिष्क के समग्र विकास हेतु पोषण एवं प्रारंभिक उत्तेजना पर जोर दिया गया । जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने ICDS, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, कृषि, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित सभी विभागों को सशक्त समन्वय स्थापित करते हुए PRI प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों एवं युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । पंचायत स्तर पर पोषण चौपाल, पोषण मेला एवं जागरूकता रैलियों के आयोजन पर विशेष बल दिया गया ।

सभी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा प्रखंड एवं जिला स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, पोषण पोर्टल जनआंदोलन पर समयबद्ध एवं सटीक प्रतिवेदन अपलोड करने तथा जनआंदोलन डैशबोर्ड पर नियमित समीक्षा करने पर बल दिया गया। सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप गतिविधि आयोजित कर इंट्री करवाने हेतु निर्देश दिया गया। संबंधित विभागों के अभिसरण से आंगनबाड़ी केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण संचालन, समुदाय एवं विभागीय सहयोग, उत्क्रमण करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने हेतु निदेश दिया गया I सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पीने का पानी, शौचालय और विधुत सुविधा उपलब्ध अवश्य कराया जाय I बैठक में बिनोद कुमार अपर समाहर्ता, कुमारी पूर्णिमा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जीविका), निदेशक डी०आर०डी०ए०, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,जिला मिशन समन्वयक,सभी प्रखंड समन्वयक,आजाद सोहेल एवं पीरामल टीम उपस्थित रहे। इसके साथ ही वीसी के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, कटिहार सदर, मनिहारी बारसोई और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उक्त बैठक में भाग लिया गया । बैठक के पश्चात् जन जागरूकता के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से बैलून उड़ा कर प्रेरित किया गया I जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में रंगोली कार्यक्रम, पौधा रोपन, सेल्फी स्टेंड एवं पोषण शपथ दिलाई गई I

# रीपर की चिंगारी से मचा कोहराम, बहेरी-समहुता में 200 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

## कुछ ही मिनटों में लहलहाते खेत बने राख का ढेर, दर्जनों किसान बर्बाद - मुआवजे की उठी मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**करगहर (रोहतास)।** रविवार की दोपहर करगहर प्रखंड के बहेरी और समरडीहां पंचायत के समहुता गांव में एक छोटी सी चिंगारी ने ऐसा कहर बरपाया कि किसानों की सालभर की मेहनत पलक झपकते ही राख में बदल गई। खेतों में खड़ी सुनहरी गेहूं की फसलें देखते ही देखते आग की भयानक लपटों में समा गईं और करीब 200 बीघे फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार, खेतों में हार्वेस्टिंग के बाद बचे डंठलों से भूसा बनाने के लिए रीपर मशीन से कटाई का काम चल रहा था। इसी दौरान मशीन से निकली चिंगारी सूखी फसल पर गिर गई और आग भड़क उठी। तेज पछुआ हवा ने आग को और विकराल बना दिया, जिससे कुछ ही मिनटों में आग ने विशाल क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसान अपने सामने अपनी फसल जलते देखते रहे, लेकिन उसे बचा नहीं सके। ग्रामीणों ने बाल्टी, पंपसेट, लाठी-डंडे और झाड़ियों के सहारे आग बुझाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि सभी प्रयास नाकाम साबित हुए।

बहेरी गांव में सुरेश कुमार पाठक, अरुण कुमार पाठक, सत्येंद्र पाठक, देवेंद्र ओझा, रविकांत पाठक, आशुतोष पाठक, श्रीराम पाठक, नरेंद्र पाठक, रामप्रवेश पाठक, रामाकांत पाठक, बबन पाठक, शशिकांत पाठक, जनार्दन पाठक, राकेश पाठक, मुकुल तिवारी, अमर तिवारी, राजेश्वर उपाध्याय, विक्रम पाठक, संतोष कुमार पाठक समेत करीब दो दर्जन किसानों की 100 बीघे से अधिक फसल जलकर खाक हो गई।

वहीं समहुता गांव में संतोष गुप्ता को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। उनके अलावा योगेंद्र राय, शंकर राम, हनुमान कहार, अवधेश साह, लक्ष्मण कहार, सच्चिदानंद राय, विनोद साह, कृष्णा राय, संत विलास राय, सखीचंद साह, देवेंद्र राय, पुनीत साह, फागु साह सहित डेढ़ दर्जन किसानों की भी करीब 100 बीघे फसल पूरी तरह नष्ट हो गई।इस भीषण अगलगी ने किसानों को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। जिन खेतों में कुछ घंटे पहले तक फसल लहलहा रही थी, वहां अब सिर्फ राख और धुआं बचा है। किसानों की आंखों में आंसू हैं और दिल में भविष्य की चिंता। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर अग्निशमन दल मौके पर पहुंच जाता, तो इतनी बड़ी तबाही को रोका जा सकता था।

घटना के बाद पूरे इलाके में मायूसी और गुस्से का माहौल है। किसान अब सरकार और प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास के तत्वावधान में महासभा भवन निर्मल धाम तेतरी की गई बैठक आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास के तत्वावधान में महासभा भवन निर्मल धाम तेतरी में आगामी 19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाने हेतु आज एक बैठक आयोजित की गई जिसमें जयंती मनाने की रूपरेखा तय करने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया ।सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की 18 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम की विधिगत पूजा अर्चना की जाएगी। लक्ष्मण दुबे उर्फ लखन बाबा एवं विभूति नारायण दुबे के संयुक्त संयोजन में कार्यक्रम संपन्न होगा। उपस्थित महानुभावों के उपस्थित के निर्णय लिया गया की 24 घंटे का अखंड मानस पाठ 18 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा जिसमें जिले के सभी विप्र बंधुओं की सहभागिता रहेगी तथा मानस पाठ की पूर्णाहुति 19 अप्रैल को की जाएगी तदुपरांत एक लंगर का आयोजन किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया । जिला परिषद सदस्य नोखा, मेलु मिश्रा के नेतृत्व में 51 सदस्यीय सक्रिय बंधुओं की एक टीम निर्मित किया जाएगा जो अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकारिणी का सहयोग करेगी ।आज के बैठक में ब्राह्मण महासभा के सम्मानित महासचिव संतोष मिश्रा , बुटस तिवारी , शशिकांत चौबे , परशुराम तिवारी , संतोष पांडेय , संजय पांडेय ,सहित नवगठित टीम के के दुर्गेश पांडेय ,मनीष चौबे, अभिनव नीरज, निरंजन कुमार तिवारी, रितेश तिवारी, सुशील पाठक ,अरविंद ओझा, राकेश पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, बिट्टू दुबे ,अमरीश पांडेय , राजगिरी पांडेय, सोनू दुबे , चंदन पांडेय, मनीष कुमार, बृज किशोर तिवारी ,बाबा चंदन तिवारी, सहित लगभग 100 विप्र बंधु उपस्थित हुए ।

### 14 अप्रैल को सतुआन का लोकआस्था से जुड़ा पावन पर्व पूरे हर्ष,उल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास :** अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में मंगलवार 14 अप्रैल को सतुआन का लोकआस्था से जुड़ा पावन पर्व पूरे हर्ष,उल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा । पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और हर घर में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।सतुआन केवल एक पर्व नहीं,बल्कि लोकजीवन की वह विरासत है जो मौसम के बदलाव के साथ जीवनशैली को संतुलित करने का संदेश देती है। भीषण गर्मी की दस्तक के बीच सत्तू,गुड़ और कच्चे आम जैसे शीतल एवं पौष्टिक आहार का सेवन करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है,जो स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति जागरूकता को दर्शाती है । सुबह से ही श्रद्धालु स्नान-ध्यान कर पूजा-अर्चना करेंगे और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करेंगे। घर-घर में सत्तू के व्यंजन, आम की चटनी और पारंपरिक पकवानों की खुशबू से पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा है। वहीं बाजारों में भी सतुआन की रौनक चरम पर है। सत्तू,गुड़,फल और पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए नगर समेत आसपास के बाजारों में लोगों की भीड़ देखी गई। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक हर जगह इस पर्व को लेकर गजब का उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है। सतुआन के इस अवसर पर पूरा बिक्रमगंज अनुमंडल आस्था,परंपरा और लोकसंस्कृति के रंग में रंगा नजर आएगा,जहां हर घर में परंपरा की मिठास और अपनापन झलकेगा।

## हृदयविदारक सड़क हादसाः एक परिवार की खुशियां पल भर में छीन लीं

# तेज रफ्तार बालू लदे हाईवा ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला मौके पर मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतासः** सोमवार सुबह करीब 9:45 बजे नेशनल हाईवे 120(ए) पर बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग स्थित बरना गांव के समीप एक हृदयविदारक सड़क हादसा हुआ, जिसने एक परिवार की खुशियां पल भर में छीन लीं । तेज रफ्तार बालू लदे हाईवा ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार नासरीगंज थाना क्षेत्र के छोटका बाराडीह गांव निवासी स्वर्गीय इस्लाम अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र अदुद अंसारी दवा लेकर बिक्रमगंज से अपने घर लौट रहे थे । इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और उन्हें रौंदते हुए निकल गई । हादसा इतना भयावह था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया ।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई । भीड़ को देख ट्रक चालक और सह चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए । हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार चालक की तलाश जारी है । घटना की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे । सड़क पर पड़े मृतक के शव को देखते ही परिवार में कोहराम मच गया । मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था । वह अपने पीछे 25 वर्षीय पत्नी रौशनी खातून,5 वर्षीय बेटी आफरीन खातून और 3 वर्षीय बेटा मोहम्मद रेयाज को छोड़ गया है ।बताया जाता है कि अदुद अंसारी गांव में ही किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे । इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष ललन कुमार ने दी ।

# प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

## संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अलावे अभिभावकों ने भाग लियाः मो.यासीन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकोरना पुरब में प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया गया।इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावे अभिभावकों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने किया। प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय नियम का पालन करते हुए स-समय आते हैं।विद्यालय के समय सारणी के अनुसार शिक्षक- शिक्षिकाएं वर्ग में निष्ठा पूर्वक पठन-पाठन करते हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में आते हैं। विद्यालय में अनुशासित रहकर पठन-पाठन करते हैं। अविभावक का भी सहयोग मिलता है। जिस कारण से विद्यालय का संचालन बहुत अच्छा से चल रहा है।

प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने कहा कि जब से हमने विद्यालय योगदान किया है, तब से विद्यालय की दशा एवं दिशा बदलने में लगे हुए हैं। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल एवं विद्यालय में स्वच्छता बरकरार रखने,नियमित रूप से पठन-पाठन करने, शत प्रतिशत छात्र छात्राओं स्कूल पोशाक में आने,प्रधानमंत्री पोषण योजना गुणवत्तापूर्ण संचालित करने आदि जैसे कार्य को अमली जामा पहनाने में लगे हुये हैं। विद्यालय के रखरखाव एवं सुव्यवस्थित करने के दिशा में प्रयत्नशील हैं और आगे भी प्रयत्नशील रहेंगे।

प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजने को कहा।बच्चें जब विद्यालय से घर जाएं तो घर पर भी अभिभावक अपने देखरेख एवं संरक्षण में पठन-पाठन अवश्य करायेंगे।

प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले वर्ग 1 से 5 तक के 524 छात्र- छात्राओं के बीच प्रगति पत्रक वितरण किया गया। जिसमें वर्ग एक में 64, वर्ग दो में 89, वर्ग 3 में 77, वर्ग 4 में 72, वर्ग 5 में 73, वर्ग 6 में 74, वर्ग 7 में 63, वर्ग 8 में 62

छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये छात्र-छात्राओं को कॉपी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका मनवारा खातून, अंजुम आरा खातून, शिक्षक मोहम्मद गुलाम यासीन,मोहम्मद शरीफ आलम, शिक्षिका प्रियंका पांडे, शिक्षक मोहम्मद आफताब आलम,मोहम्मद नियाज आलम, अब्दुल खालिक, अब्दुल मुस्लिम ने अहम भूमिका निभाया। सभी शिक्षकों ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है। प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने कहा कि नये सत्र में नामांकन जारी है। आज तक वर्ग एक में 27 छात्र छात्राओं का नामांकन हो चुका है और नामांकन जारी है। सीडब्लूसी के निःवर्तमान सदस्य, शिक्षा प्रेमी,विधिक सलाहकार,सीनियर अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने विद्यालय पहुंचकर उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दिया है।

# कटिहार सिविल कोर्ट को बम से उडाने की मिली धमकी, जिला प्रशासन आयी हरकत में

## डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ न्यायालय परिसर का लिया जायजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार सिविल कोर्ट को ईमेल के जरिये बम से उडाने की मिली धमकी मिलने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आयी। कटिहार के डीएम आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने पुलिस पदाधिकारी अन्य विभाग के अधिकारी के साथ न्यायालय परिसर का जायजा लिया। डीएम आशुतोष द्विवेदी एवं एसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में सुरक्षा को लेकर जांच किया गया। न्यायालय परिसर में की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं एसपी शिखर चौधरी ने न्यायालय परिसर के छप्पे- छप्पे की जांच कराया गया। न्यायालय में आने जाने वाले लोगों का भी जांच किया गया। आने जाने वाले लोगों के पास जो सामान यानी थैला, बैग का भी तलाशी लेते हुए जांच किया गया। जांचों प्रांत न्यायालय परिसर में ऐसा कोई खतरनाक वस्तु नहीं मिला। इसके बावजूद भी न्यायालय परिसर में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था किया गया।

जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने आम लोगों से कहा कि इस तरह के अफवा ह से आप लोग भयभीत न हो। ईमेल करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध साइबर क्राइम थाना में मामला दर्ज कर दिया गया है। जल्द ही उसे धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस क्रम में डीएम,एसपी ने व्यवहार न्यायालय कटिहार के न्यायिक दंडाधिकारी एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी के साथ बातचीत की।

# प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर सिकोड़ना-1 के प्रधानाध्यापक की लापरवाही के कारण विद्यालय सुचारू ढंग से नहीं चल रहा है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कटिहार।** कदवा प्रखंड अंतर्गत जाजा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर सिकोड़ना-1 के प्रधानाध्यापक की लापरवाही के कारण आज भी विद्यालय सुचारू ढंग से नहीं चल रहा है। प्रधानाध्यापक विद्यालय सुचारू ढंग से संचालन करने में दिलचस्पी नहीं रखते हैं। कभी अपने घर बैठे ही ऑनलाइन हाजिरी बना लेते हैं। तो कभी स्कूल आते हैं हाजिरी बना लेते हैं और फिर घर चले जाते हैं।क्योंकि इनका घर विद्यालय से महज आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित है।जिसका लाभ इन्होंने पिछले तीन वर्षों से बखूबी मिल रहा हैं। जिसके कारण इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं की पठन-पाठन आधार में लटका हुआ है। ग्रामीण काफी चिंतित है, कि आखिर कब इस विद्यालय की दिशा और दिशा बदलेगी।

आज ग्रामीणों ने विद्यालय ने परिसर में एक स्वर से मांग किया कि प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर सिकोरना वन के प्रधानाध्यापक मरगूब आलम के द्वारा विद्यालय का नियमित रूप से संचालन नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण विद्यालय की विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भूमि दाता सह विधालय शिक्षा समिति के सदस्य श्री प्रसाद दास के नेतृत्व में ग्रामीण काशी दास, मेघनाथ दास, केवल दास,रिंकू कुमार दास, मुलायम कुमार दास, बीरबल कुमार दास, डोम कुमार दास, सरगम दास, सहदेव दास, सुनील कुमार दास, सुरेश दास ने एक स्वर से कहा कि पिछले 10 दिनों से विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत चलने वाली भोजन नहीं दिया जा रहा है। प्रधानाध्यापक मरगूब आलम का निवास स्थान विद्यालय से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। जिसके कारण यह अपने घर से ही ऑनलाइन हाजिरी बनाकर अपने कर्तव्यों का इति श्री कर लेते हैं। इनके देखा-देखी कई आसपास के शिक्षकगण भी इसी तरह कार्य करने में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। एक दो शिक्षक आते हैं।वह भी हाजिरी बनाकर एक-दो घंटे विद्यालय में रहकर पुनः चले जाते हैं। जिसके कारण विद्यालय में नियमित रूप से छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन नहीं हो रहा है।यही कारण है कि विद्यालय में 120 छात्र-छात्राओं का नामांकन है,लेकिन मात्र 40-50 बच्चें विद्यालय में देखे जाते हैं। बच्चे भी एक-दो घंटा बैठकर पुनः भुखे अपने-अपने घर को चले जाते हैं।

छात्र-छात्राओं को वर्ग वार नियमित रूप से पठन-पाठन शिक्षकों के द्वारा नहीं कराया जाता है। विद्यालय रसोईया भी विद्यालय आते हैं ,लेकिन पिछले दस दिनों से विद्यालय में खाना नहीं बनने के कारण रसोईया भी एक-दो घंटा विद्यालय में समय विताकर अपने-अपने घर को चले जाते हैं। भूमि दाता सह विधालय विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य श्री प्रसाद दास कहते हैं कि प्रधानाध्यापक मारगूब आलम लगभग 3 वर्ष पूर्व विद्यालय में पदस्थापित हैं। तभी से विद्यालय की स्थिति इसी तरह संचालन हो रहा है। इसके पूर्व जुबेर प्रधानाध्यापक थे। इनके कार्यकाल में 3 साल तक विद्यालय समान रूप से चल रहा था। इसके 3 साल पूर्व मोहम्मद मुस्लिम प्रधानाध्यापक थे। इनके भी कार्यकाल में विद्यालय धरातल पर नहीं चल रहा था। हम सभी ग्रामीणों ने कई बार शिकायत किया। जिसमें मोहम्मद मुस्लिम को 6 वर्ष पूर्व दोषी पाकर निलंबित कर दिया गया था। मोहम्मद मुस्लिम के निलंबन के बाद मोहम्मद जुबेर प्रधानाध्यापक बने। यह 3 साल तक प्रधानाध्यापक रहे। इनका कार्यकाल काफी बेहतर देखा गया। मोहम्मद जुबेर के पश्चात मरगूब आलम प्रधानाध्यापक बने और विद्यालय की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा कर रख दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ से टकराई बाइक

**अररिया।** अररिया जिले के सिकटी प्रखंड अंतर्गत बरदाहा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गुंजन चौक के समीप अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई, जिसमें 30 वर्षीय सरवन कुमार ऋषि देव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार 8 वर्षीय बेटा ओम कुमार सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार, सरवन कुमार ऋषि देव अपने बेटे ओम कुमार के साथ ससुराल जा रहे थे। यह घटना गुंजन चौक के पास काली मंदिर के समीप हुई।

**ऋषि देव गंभीर रूप से घायल हो गए:** बताया गया कि बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज गति से एक पेड़ से जा टकराई। इस भीषण टक्कर के कारण सरवन कुमार ऋषि देव गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के समय बाइक पर पीछे बैठा उनका 8 वर्षीय बेटा ओम कुमार सुरक्षित रहा।

**दस दिन पहले ही पंजाब से घर लौटे थे:** स्थानीय लोगों ने दुर्घटना देखकर तुरंत बरदाहा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक सरवन कुमार ऋषि देव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया। बरदाहा थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरवन कुमार ऋषि देव अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। वह दिल्ली और पंजाब में मजदूरी करते थे और दस दिन पहले ही पंजाब से घर लौटे थे।

### पुलिस केंद्र में मंथली क्राइम कांफ्रेंस

**अररिया।** अररिया के हरियाबाड़ा स्थित पुलिस केंद्र में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिले के सभी थाना और ओपी प्रभारियों ने भाग लिया। एसपी ने लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निस्तारण और अपराध नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आपराधिक कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसपी जितेंद्र कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने और जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

**पुलिस बल के बीच समन्वय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया:** बैठक में अपराध की रोकथाम, जांच की गुणवत्ता में सुधार और पुलिस बल के बीच समन्वय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। अपराध गोष्ठी के बाद पुलिस केंद्र में ही पुलिस सभा का भी आयोजन किया गया। इसमें एसपी जितेंद्र कुमार, रक्षित पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व जवान शामिल हुए।

**त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश:** सभा के दौरान एसपी ने जवानों और अधिकारियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने जोर देकर कहा कि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जवानों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ कर्तव्यों का पालन करने की अपील की, ताकि जिले में शांतिपूर्ण माहौल बना रहे।

**अपराध मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही पुलिस:** यह आयोजन अररिया जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण और जन के कल्याण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। एसपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस अपराध मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस संबंध में जानकारी अररिया एसपी कार्यालय से रविवार देर रात करीब 9 बजे एक प्रेस रिलीज जारी कर दी गई।

### फारबिसगंज के युवा निशित लढ़ा ने रचा इतिहास, एवरेस्ट बेस कैंप और काला पत्थर की फतह

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के फारबिसगंज शहर के युवा निशित लढ़ा ने अद्भुत साहसिक उपलब्धियों से क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। स्व फूलचंद लढ़ा के पौत्र एवं ओम प्रकाश लढ़ा के पुत्र निशित लढ़ा ने 11 अप्रैल 2026 को विश्व प्रसिद्ध 17 हजार 598 फीट ऊंची एवरेस्ट बेस कैंप तथा 18 हजार 222 फीट ऊंची काला पत्थर की कठिन चढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी कर एक नई मिसाल कायम की। निशित की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि फारबिसगंज शहर और लढ़ा परिवार के लिए भी गर्व का विषय बन गई है। इससे पूर्व भी निशित जनवरी 2023 में लेह (लद्दाख) में आयोजित प्रसिद्ध द चादर ट्रेक में 11 हजार फीट की ऊंचाई को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं, जो दुनिया के सबसे कठिन ट्रेक्स में से एक माना जाता है। साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ निशित खेलों में भी सक्रिय हैं। वे कई फुल और हाफ मैराथन में भाग लेकर अपनी फिटनेस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दे चुके हैं। निशित लढ़ा की इन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर उनके परिजनों को लोग बधाई दे रहे हैं।

### जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**अररिया।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में सोमवार को जलियांवाला बाग हत्याकांड के सभी अमर शहीदों को स्कूली बच्चों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में रोलेट एक्ट का विरोध कर रही निहत्थे भीड़ पर ब्रिगेडियर जनरल डायर ने बिना चेतावनी गोलियां चलवाकर भीषण नरसंहार किया था। बैसाखी के दिन हुए इस हमले में सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों घायल हुए थे, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण मोड़ बना। आधिकारिक तौर पर ब्रिटिश आंकड़े के मुताबिक 379 मौतों का दावा कि जाती है, लेकिन कांग्रेस की जांच समिति ने लगभग हजार मौतें होने की बात कही थी। इस घटना से दुखी होकर रवींद्रनाथ टैगोर ने सर नाइटहुड की उपाधि लौटा दी थी।महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन 1920 - 22 की शुरुआत की। भारत मां के वीर सपूत शहीद उधम सिंह ने इस हत्याकांड का बदला लेने के लिए 1940 में लंदन में माइकल ओ डायर पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर की हत्या की थी। कार्यक्रम में प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह कवि सह शिक्षक संजीत कुमार निगम पूर्व प्रधानाध्यापक कुमार रजीव रंजन ने भी अपने-अपने विचार रखे।शहीदों को मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### बीच सड़क पर नगर परिषद की कचरा उठाने वाली गाड़ी में लगी आग

**अररिया।** फारबिसगंज नगर परिषद की कचरा उठाव करने वाली ट्रक अपशिष्ट संग्रहण वाहन में सोमवार को अचानक एनएच 27 फोरलेन सड़क पर आग लग गई। जिससे सड़क और थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। नगर परिषद क्षेत्र से कूड़ा कचरा का उठाव कर शहर से बाहर डंपिंग के लिए चालक गाड़ी को लेकर जा रहा था।उसी दौरान आबिद बाबू के पेट्रोल पंप के आगे रामपुर ओवरब्रिज पर कूड़ा ढोने वाला अपशिष्ट संग्रहण वाहन में तेजी से धुआं उठता दिखा।जिसके बाद सड़क से गुजर रहे लोगों ने गाड़ी का पीछा कर वाहन को रुकवाया और फिर अन्दर बैठे चालक तेजी से उतरकर अपनी जान बचाई। कूड़ा उठाव ट्रक में आग कैसी लगी,सही पता नहीं चल पाया। लेकिन मौजूद लोगों ने आशा व्यक्त किया कि गाड़ी के इंजन में ही शॉर्ट सर्किट से आग लग गई हो।हादसे में किसी तरह की जानमाल की क्षति नहीं हुई।

### कवि सम्मेलन में गूंजी साहित्य की स्वरलहरियां

**भागलपुर।** दीपनगर स्थित आर्य समाज मंदिर में आर्य भाषा परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में बिहार और झारखंड के रचनाकारों ने अपनी लेखनी से समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार ठाकुर रहे। परिषद की अध्यक्ष आंचल भारती ने हिंदी को राष्ट्रभाषा और संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनाने की पुरजोर वकालत की। भागलपुर की गौरी तिवारी ने मर्यादा और कुंडली जैसे विषयों पर कटाक्ष किया, मौके पर सुधीर श्रीवास्तव, डॉ. प्रेमचंद पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एसआई ने गर्लफ्रेंड से शादी की महिला दरोगा के करीब रहा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर।** 'मेरे SI दामाद का उसी के थाने की दरोगा पूजा से पिछले 3 साल से अफेयर चल रहा था। शादी के पहले से उसका अफेयर चल रहा था। दोनों अक्सर हाथ में हाथ डाले पूरा शहर घूमते थे। एक साथ लंच-डिनर किया करते थे। दामाद ने अपने अवैध संबंध को छिपाने के लिए मेरी बेटी को मार डाला।' ये कहना है मुंगेर के सफिया सराय थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार की पत्नी मधु कुमारी की मौसी रेणु देवी का। वहीं मधु के पिता का कहना है कि चंदन ने सर्विस पिस्टल से मेरी बेटी को गोली मारी है। उसका अवैध संबंध था। दरअसल, शनिवार की शाम SI चंदन कुमार की पत्नी मधु कुमारी (29) का शव उनके ही बेडरूम से मिला है। पति की सरकारी रिवॉल्वर से उनके सीने में गोली लगी, जो आरपार हो गई। महिला का घटना के 20 घंटे बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया है। ससुर ने मधु को मुखाग्नि दी है। घटना को लेकर दैनिक भास्कर की टीम ने जिला मुख्यालय से 5KM दूर SI के किराए के मकान पर पहुंची। मकान के बाहर करीब 20 से ज्यादा पुलिस तैनात थी। घटनास्थल वाले कमरे को पूरी तरह से सील कर दिया गया था। मधु के पति चंदन को पुलिस ने जेल भेज दिया। वहीं, मकान मालिक किसी को घर के अंदर घुसने नहीं दे रही थी। इसके बाद हम तुरंत पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे, जहां महिला के माता-पिता बेटी के शव को देखकर रोए जा रहे थे।

**2018 में पटना में हुई पहली मुलाकात:** मृतका के पिता रंजीत कुमार ने बताया, साल 2017 में मधु ने 12वीं पास करने के बाद पटना में ग्रेजुएशन में एडमिशन लिया था। इसी दौरान वह BPSC की तैयारी के लिए कोचिंग भी कर रही थी। उसी कोचिंग संस्थान में चंदन कुमार भी पढ़ने आते थे। साल 2018 में धीरे-धीरे चंदन ने पढ़ाई को लेकर सवाल पूछने के बहाने मधु से बातचीत शुरू की। पढ़ाई की चर्चा करते-करते दोनों के बीच दोस्ती हो गई और फिर वे कोचिंग में साथ बैठने लगे। इसी दौरान दोनों ने एक-दूसरे का फोन नंबर लिया और बातचीत का सिलसिला कोचिंग के बाहर भी शुरू हो गया। पिता ने आगे बताया कि धीरे-धीरे दोनों एक-दूसरे के करीब आ गए। पढ़ाई के साथ-साथ वे बाहर भी मिलने लगे और दोस्ती प्यार में बदल गई।

**2023 में चंदन की मुंगेर में हुई पोस्टिंग:** साल 2023 में चंदन कुमार की तैनाती मुंगेर और जमालपुर के बीच स्थित बरियारपुर थाना में हो गई। इस दौरान दोनों के बीच दूरी बढ़ गई, लेकिन इसके बावजूद दोनों ने करीब 2 साल तक लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहे। इसी दौरान दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। मधु ने हमें चंदन के बारे में बताया। पिता के अनुसार, 'मधु हमारी इकलौती बेटी थी। उसकी जिद के आगे हमें झुकना पड़ा। 7 फरवरी 2025 को मधु-चंदन शादी के बंधन में बंधे। यह लव मैरिज जरूर थी, लेकिन सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार धूमधाम से शादी की गई। शादी में करीब 55 लाख रुपए नकद और एक चार पहिया वाहन भी दिया गया था।'

## तीन मंजिला घर में लगी आग



♦ पीड़ित परिवार ने पड़ोसी पर लगाए गंभीर आरोप, धू-धूकर जला सारा सामान, लाखों का नुकसान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज में तीन मंजिला घर में आग लग गई। घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का आरोप लगाया है। घटना सीतारामपुर गांव के वार्ड नंबर-19 की है। पीड़िता निरु देवी ने बताया कि रविवार देर रात लगभग साढ़े बारह बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर परिवार के लोग घबरा गए। बाहर निकलकर देखा तो घर में आग लगी हुई थी। आपसी रंजिश में पड़ोसी पंकज साह, गोलू कुमार उर्फ सूर्य कुमार और छोटू मंडल ने ही घर में आग लगाई है।

**घर का सारा सामान जलकर राख:** घटना के समय मेरा बेटा अभिषेक चौधरी कमरे में बंद थे। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। सूचना देने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो चुकी थी। लाखों का नुकसान हुआ है।

**पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप:** निरु देवी ने आगे कहा कि पड़ोसी से कचरा फेंकने और पानी को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। स्थानीय थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। अगर उस समय सही तरीके से जांच कर प्राथमिकी दर्ज की गई होती, तो आज यह घटना नहीं होती। प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रंगदारी नहीं देने पर युवक की बेरहमी से पिटाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में रंगदारी नहीं देने पर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। रास्ते में घेरकरक्रिकेट बैट, लात-घूसों से बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने पूरी वारदात का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। घटना मणिकपुर गांव की है। पीड़ित की पहचान कनौसी गोढ़ियारी निवासी रोहित कुमार के तौर पर हुई है। गढ़पुरा थाने में मामला दर्ज कराया है। रोहित ने बताया कि विवाद रंगदारी टैक्स की मांग को लेकर शुरू हुआ। दरभंगा के कुशेश्वर थाना क्षेत्र के जिरौना गांव का रहने वाला अंगद यादव मणिकपुर में रहता है। पिछले कुछ समय से रंगदारी मांग कर रहा था। पैसा देने से मना करने पर सबक सिखाने की धमकी दी थी। इसके बाद 8 अप्रैल को बदमाशों ने जमकर मारपीट किया। केस करने पर फिर से घर पर जाकर गाली-गलौज भी किया था।

**हथियार लेकर घर पर बोला धावा:** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि हमलावर रोहित को बेरहमी से पीट रहे हैं। एक आरोपी क्रिकेट बैट से ताबड़तोड़ वार कर रहा है, जबकि बाकी उसे लात-घूसों से मार रहे हैं। रोहित जान बचाने की गुहार लगा रहा है, लेकिन हमलावरों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। इस दौरान कुछ हमलावर मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। मामला दर्ज कराने पर आरोपी बौखला गए और रात में 25-30 लोग लाठी-डंडे और हथियार से लैस होकर रोहित के घर पर धमक पड़े। बदमाशों ने गाली-गलौज किया। जमकर तोड़फोड़ की गई, जान से मारने की धमकी दी गई। परिवार के लोगों ने छत पर जाकर शोर मचाया, इसके बाद बदमाश भाग गए। पूरा परिवार दहशत में है।

**वीडियो के आधार पर छानबीन की जा रही है:** गढ़पुरा थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पीड़ित का आवेदन और वायरल वीडियो मिला है। इसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है। जांच-पड़ताल और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**गांव में प्रेम-प्रसंग की चर्चा:** ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। राहुल मणिकपुर गांव की एक लड़की से प्यार करता है और वह उससे मिलने के लिए बराबर जाता था। गांव के लड़कों ने उसे लड़की से दूर रहने को कहा था, लेकिन वह मान नहीं रहा था, इसी को लेकर उसके साथ मारपीट की गई है।

## अंबेडकर जयंती से पहले प्रतिमा और पार्क की सफाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती से एक दिन पहले शहर में उनकी प्रतिमा और अंबेडकर पार्क की व्यापक सफाई की गई। यह अभियान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा की अध्यक्षता में चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे पार्क और प्रतिमा स्थल को साफ-सुथरा बनाया, जिससे स्वच्छता का संदेश दिया गया। उन्होंने कूड़ा-करकट हटाने के साथ-साथ परिसर को स्वच्छ और आकर्षक बनाने का प्रयास किया। इस दौरान समाज में स्वच्छता, समरसता और सामाजिक न्याय के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता, न्याय और लोकतंत्र की मजबूत नींव दी। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता और न्याय को मजबूत करने का निरंतर प्रयास कर रही है।

**प्रतिमा स्थल को सजाया जाएगा:** झा ने बताया कि 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रतिमा स्थल को खूबसूरती से सजाया जाएगा। इस दिन विधिवत पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस मौके पर जिला अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगा ऋषिदेव, जिला मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सुमन, नगर अध्यक्ष संजय कुमार अकेला, नगर महामंत्री संजीव कुमार पासवान उर्फ मुच्चु पासवान, जिला मंत्री कनकलता झा, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ज्योति भगत, नगर उपाध्यक्ष पूनम यादव, नगर कोषाध्यक्ष भवेश कुमार मंडल और सतीश कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## एक करोड़ की शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बिहार में शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बेगूसराय पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक ट्रक पर लोड एक करोड़ से अधिक का विदेशी शराब बरामद किया है। कार्रवाई में पुलिस ने राजस्थान के रहने वाले दो अंतरराज्यीय शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। एसपी मनीष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप ट्रक के जरिए ले जाई जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए लाखो थाना की पुलिस एक्टिव हो गई।

**ट्रक से 11200 लीटर विदेशी शराब बरामद:** टीम ने NH-31 फोरलेन पर बहदुरपुर ढ़ाला के पास स्थित गोविंद पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर दी। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक के वहां पहुंचते ही पुलिस ने उसे रोक लिया। जब ट्रक की तलाशी ली गई, तो करीब 11200 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। मौके पर से राजस्थान के बाड़मेर जिले के सेडवा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर सिहानिया गांव के रहने वाले मो. इलियास के बेटे शाहरुख और हरचंद्र राम के बेटे गोरखा राम को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ कर कर पता लगाया जा रहा है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी।

**दोषी को बख्शा नहीं जाएगा:** इसके साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी भारी मात्रा में विदेशी शराब किस इलाके में खपाने की योजना थी। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में कार्रवाई चल रही है।

# 90 मदरसा छात्र जबलपुर में पकड़ाए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया के जोकीहाट थाना क्षेत्र से महाराष्ट्र के एक मदरसे में पढ़ाई के लिए रवाना हुए करीब 90 छात्रों को मध्य प्रदेश के जबलपुर में पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया है। इस घटना के बाद छात्रों के अभिभावकों में गहरी चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। परिजन लगातार अपने बच्चों की सुरक्षित रिहाई की मांग कर रहे हैं।

**मदरसे में पढ़ाई के लिए निकले थे छात्र:** मिली जानकारी के अनुसार, तारण, बगडहरा, ठेंगापुर, उड़ानटोली, मटियारी समेत आसपास के गांवों के ये छात्र 10 मार्च को ट्रेन के जरिए महाराष्ट्र स्थित एक मदरसे में पढ़ाई करने के उद्देश्य से घर से निकले थे। परिवार वालों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी बच्चे धार्मिक शिक्षा के लिए भेजे जा रहे थे।

**जबलपुर में पुलिस ने रोका, हिरासत में लिया:** यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने इन छात्रों को रोक लिया और संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया। पुलिस का दावा है कि एक व्यक्ति इन बच्चों को मजदूरी के लिए ले जा रहा था, जिस वजह से यह कार्रवाई की गई।

**अभिभावकों ने आरोपों को बताया गलत:** इधर, अभिभावकों ने पुलिस के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि बच्चे केवल मदरसे में पढ़ाई करने के लिए जा रहे थे, न कि किसी मजदूरी के लिए। परिजनों का आरोप है कि बिना पर्याप्त जांच और ठोस सबूत के बच्चों को हिरासत में रखना गलत है।

**जोकीहाट थाना पहुंचे परिजन, जताई नाराजगी:** घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में अभिभावक जोकीहाट थाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन से संपर्क किया। परिजनों ने कहा, "हमारे बच्चे पढ़ने के लिए गए थे, लेकिन उन्हें संदेह के आधार पर रोक लिया गया। इससे पूरे परिवार में दहशत और चिंता का माहौल है।"

**पूर्व मुखिया और जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज:** बगडहरा के पूर्व मुखिया इम्तियाज उर्फ मुन्ना और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता औवेस आलम ने भी मामले को गंभीरता से उठाया है। उन्होंने जोकीहाट थानाध्यक्ष को मौखिक रूप से घटना की जानकारी दी और जबलपुर पुलिस प्रशासन से अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्रों को जल्द रिहा किया जाए।

**परिजन बोले- बिना ठोस सबूत हिरासत अनुचित:** अभिभावकों का कहना है कि अगर पुलिस को किसी प्रकार का संदेह था, तो उन्हें उचित प्रक्रिया के तहत जांच करनी चाहिए थी। सभी छात्रों को एक साथ हिरासत में लेना और उन्हें रोके रखना न्यायसंगत नहीं है।

## 'खेत एक फसल अनेक' मॉडल देखने पहुंचे अधिकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका के बाराहाट प्रखंड स्थित खरहारा फार्म में "खेत एक फसल अनेक" मॉडल का अवलोकन करने के लिए जिले के शीर्ष अधिकारी पहुंचे। इस अभिनव कृषि मॉडल ने अधिकारियों को प्रभावित किया और किसानों में भी उत्साह जगाया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, उप विकास आयुक्त (डीडीसी), जिला कृषि पदाधिकारी और जिला उद्यान पदाधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण भी इस मॉडल को समझने के लिए फार्म पहुंचे। इस अनूठे मॉडल को प्रगतिशील किसान अभिषेक कुमार चौधरी ने विकसित किया है। उन्होंने एक ही खेत में तरबूज, भिंडी, कद्दू, पपीता और टमाटर जैसी विभिन्न फसलों का सफल उत्पादन किया है। यह मॉडल दर्शाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर योजना और समन्वय से खेती को लाभदायक बनाया जा सकता है।

**1000 से अधिक किसानों ने फार्म का दौरा किया:** अब तक 1000 से अधिक किसानों ने इस फार्म का दौरा किया है और वे इस मॉडल से प्रेरित होकर इसे अपने खेतों में अपनाने की तैयारी कर रहे हैं। अधिकारियों को बताया गया कि इस मॉडल के तहत मात्र एक एकड़ भूमि से सालाना 3 से 4 लाख रुपये तक की आय अर्जित करना संभव है। यह छोटे और मध्यम किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता हो सकती है। अधिकारियों ने इस पहल की सराहना की और इसे जिले के सभी प्रखंडों में लागू करने की सिफारिश की। उनका मानना है कि ऐसे नवाचार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि को अधिक टिकाऊ और आधुनिक बना सकते हैं। "खेत एक फसल अनेक" मॉडल कृषि में विविधता लाने के साथ-साथ कम लागत पर अधिक उत्पादन और लाभ सुनिश्चित करता है। यह मॉडल बांका जिले के किसानों के लिए आर्थिक मजबूती का आधार बन सकता है और कृषि क्षेत्र को एक नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## बाइक–साइकिल की आमने-सामने टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका टाउन थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल मोड़ जगतपुर के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के मुताबिक, कटोरिया प्रखंड के कागीसर निवासी विजय यादव का 24 वर्षीय पुत्र बाबुल कुमार अपनी बाइक से तेज गति में जा रहा था। इसी दौरान जगतपुर निवासी साइकिल सवार बमबम साह सामने से आ रहे थे, तभी दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और उसकी बाइक की डिक्की खुल गई, जिसमें रखी शराब की बोतलें सड़क पर बिखर गईं।

**शराब की बोतलें टूटकर मौके पर ही नष्ट:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कई शराब की बोतलें टूटकर मौके पर ही नष्ट हो गईं, जबकि कुछ बोतलें आसपास मौजूद लोगों द्वारा उठाकर ले जाने की भी चर्चा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**मालदा मंडल के तहत बहुउद्देशीय स्टॉलों की संविदा प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102, पश्चिम बंगाल (नीलामी संचालन अधिकारी) ने **मालदा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में बहु उद्देशीय स्टॉलों की संविदा प्रदान करने** के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.: एमपीएस-एपीआर-एमएलडीटी। नीलामी शुरू: दिनांक 27.04.2026, समय: पूर्वाह्न 11.00 बजे। सिक्वेंस सं., लॉट नं./श्रेणी, स्टेशन** निम्नलिखित हैं: **एए/1;** एमपीएस-एमएलडीटी-एमजीआर-एमपीएस-35-25-1; मुंगेर। **एए/2;** एमपीएस-एमएलडीटी-एचएसडीए-एमपीएस-27-26-1; हँसडीहा; **एए/3;** एमपीएस-एमएलडीटी-बीयूपी-एमपीएस-21-25-1; बरियारपुर; **एए/4;** एमपीएस-एमएलडीटी-एचएसडीए-एमपीएस-28-25-1; हँसडीहा; **एए/5;** एमपीएस-एमएलडीटी-बीजीपी-एमपीएस-10-25-1; भागलपुर; **एए/6;** एमपीएस-एमएलडीटी-एसजीजी-एमपीएस-20-25-1; सुल्तानगंज। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (MLD-17/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आर्थिक सुरक्षा, मानसिक सुदृढ़ता के साथ-साथ भावनात्मक संतुलन आवश्यक : डॉ लतिका वर्मा

**आरा।** वृद्धावस्था को लेकर समाज में प्रचलित नकारात्मक सोच को बदलने के उद्देश्य से तैयार की गई पुस्तक "बुढ़ापे को स्वीकार करना: एक सकारात्मक दृष्टिकोण, का विमोचन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने किया। इस पुस्तक के मुख्य संपादक प्रोफेसर लतिका वर्मा हैं। जबकि सह-संपादक के रूप में डॉक्टर कुमारी प्रीतिका और डॉक्टर वाचस्पति दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पुस्तक में वृद्धावस्था को जीवन का एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक चरण बताते हुए इसे आत्मचिंतन, अनुभवों की परिपक्वता और संतोष के समय के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में बताया गया है कि वृद्धावस्था कोई बोझ या अभिशाप नहीं, बल्कि एक ऐसा अवसर है जब व्यक्ति अपने अधूरे सपनों को पूरा कर सकता है और अपनी रुचियों को पुनः जीवंत बना सकता है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद का समय "अंत" नहीं बल्कि "पुनर्निर्माण" की शुरुआत होता है, जहां जीवन को नए उत्साह और ऊर्जा के साथ जिया जा सकता है। बताया कि पुस्तक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि इस अवस्था में आर्थिक सुरक्षा, शारीरिक सक्रियता, मानसिक सुदृढ़ता और भावनात्मक संतुलन अत्यंत आवश्यक हैं। सकारात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव को स्वस्थ और खुशहाल जीवन का आधार बताया गया है। परिवार और समाज के सहयोग को भी इस यात्रा में जरूरी बताया।

### अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राएं प्रोत्साहन राशि के लिए करें आवेदन

**आरा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, भोजपुर द्वारा मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष-2026 में इंटरमीडिएट एवं मौलवी परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए आवेदन मांगा गया है। यह आवेदन ऑफलाइन स्वीकार किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी शशि भूषण तिवारी ने बताया कि वर्ष -2026 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक समुदाय के मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन एवं पारसी छात्राओं को भी प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलेगा। उपरोक्त छात्राओं को इसके तहत 15 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वही प्रथम श्रेणी से फौकानिया परीक्षा उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्र एवं छात्राओं को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना के तहत प्रति छात्र छात्राओं को 10 हजार प्रोत्साहन राशि मिलेगा। विभाग ने यह भी कहा है कि केवल बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची या विभागीय सूची में नाम रहने पर ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इच्छुक लाभार्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। इनमें मैट्रिक का अंक पत्र, इंटर का प्रवेश पत्र, इंटर का अंकपत्र, मार्कशीट, एडमिट कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक की प्रति, आवासीय प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। सभी दस्तावेजों की छायाप्रति संबंधित शैक्षणिक संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित कराना अनिवार्य होगा। कार्यालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आवेदनकर्ता को स्वयं उपस्थित होकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, भोजपुर, आरा में अपने कागजात जमा करने होंगे, ताकि सत्यापन हो सके।

### बैठक में कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने पर चर्चा हुई

**आरा।** वीर कुंवर सिंह के169वें विजयोत्सव को लेकर भोजपुर में तैयारियां तेज हो गई हैं। वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति की रविवार को बाबू बाजार समिति कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता संयोजक सह अध्यक्ष निर्मल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बाबू कुंवर सिंह को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए विजयोत्सव को भव्य रूप देना जरूरी है, जिसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। समिति के राजगुरु डॉ शशि बाबा ने जागो और जगाओ का आह्वान करते हुए कहा कि यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि अभियान है। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 अप्रैल को विजयोत्सव जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्ण और गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत वीर कुंवर सिंह पार्क प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो रेलवे स्टेशन स्थित प्रतिमा तक पहुंचेगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यापक जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार, प्रशासनिक समन्वय और अन्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने का भी संकल्प लिया गया। बैठक में जिले के कई गणमान्य लोग और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। समिति ने आम जनमानस से कहा है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लें और बाबू कुंवर सिंह के साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को अपनाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### पूर्व मुखिया प्रत्याशी के घर पर हमला

**आरा।** भोजपुर के उगना गांव में रविवार देर रात ककीला पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी गोरख यादव के घर पर हमला हुआ है। वर्तमान मुखिया के पुत्र और समर्थकों पर मारपीट, गाली-गलौज और फायरिंग का आरोप है। इस दौरान हमलावरों ने इलाके में दहशत फैलाने की भी कोशिश की, जिससे गांव के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने घर के सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की है। जिससे महिलाओं और बच्चों में दहशत फैल गई। हमले की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी जुट गए, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में हमलावर पक्ष की तीन बाइकों में आग लगा दी। गांव में कुछ समय के लिए अराजकता का माहौल बन गया।

**दोनों पक्ष ने थाने में दिया आवेदनः** वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जगदीशपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों का बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरे मामले की हर पहलू से पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से हालात को नियंत्रित कर लिया गया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस अलर्ट है।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**कोईलवर।** गीधा थाना पुलिस ने केस नंबर 31/26 में फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया है। यह इश्तिहार खेशरहिया पंचायत के सरपंच रवि रंजन सिंह के घर पर चिपकाया गया। पुलिस के अनुसार, संबंधित अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा है और न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसके मद्देनजर न्यायालय के निर्देश पर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत इश्तिहार की कार्रवाई की गई। इश्तिहार में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि अभियुक्त निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। यदि वह समय पर हाजिर नहीं होता है, तो आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत उसकी संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि कानून के अनुसार फरार अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है और उन्हें हर हाल में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराया जाएगा।

### करंट लगने से किराना दुकानदार की मौत

**आरा।** भोजपुर में करंट लगने से किराना दुकानदार की मौत हो गई। गांव में ही दुकान चलाते थे। मृतक की पहचान एकवारी गांव वार्ड नंबर 10 निवासी मन बोधन साह के पुत्र कमिंद्र साह(56) के तौर पर हुई है। घटना सहार थाना क्षेत्र की है। मृतक के भाई इंद्र कुमार ने बताया कि रविवार की रात गांव में ही एक बारात में शामिल होने के लिए गए थे। इस बीच सूचना मिली के घर में आग लग गई है। तुरंच घर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। इस दौरान शॉर्ट सर्किट से जलकर गिरे जर्जर तार की चपेट में आ गए। गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# गर्लफ्रेंड से बात करने पर 20 वर्षीय युवक को 4 गोलियां मारीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ कमर-छाती-अंडकोष में फंसी बुलेट, बक्सर में दोस्त मरा समझकर झाड़ियों में फेंका, डॉक्टर बोले-खतरे से बाहर

**बक्सर।** बक्सर के 20 वर्षीय युवक आर्यन यादव को उत्तर प्रदेश के नरहीं थाना क्षेत्र के सोहांव गांव में गोली मार दी गई। उसे चार गोलियां लगी हैं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायल आर्यन को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहीं ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**चारों गोलियां शरीर के अंदर फंसी हुई थीं:** डॉक्टरों के अनुसार, आर्यन के शरीर में चार गोलियां लगी हैं एक जांघ में, एक सीने में, एक अंडकोष के पास और एक पेट व पीठ के बीच। चारों गोलियां शरीर के अंदर फंसी हुई थीं, जिससे उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। हालांकि, पुलिस के मुताबिक अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल आर्यन यादव ने अपने बयान में बताया कि वह पहले आरोपियों के साथ रहता था, लेकिन बाद में उनसे दूरी बना ली थी। घटना वाले दिन आरोपियों ने उसे भरौली गोलंबर तक छोड़ने को कहा, फिर सोहांव चलने को कहा। रास्ते में उन्होंने बीयर खरीदी और पी।

**मरा समझकर घास में फेंक दिया:** जब वे लौट रहे थे, तभी पीछे से पहले बबलू यादव ने गोली चलाई, और फिर बम यादव ने भी फायरिंग की। आरोपियों ने उसे मरा समझकर घास में फेंक दिया और उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। आर्यन के अनुसार, इस हमले की मुख्य वजह प्रेम प्रसंग है। उसने बताया कि बम यादव की गर्लफ्रेंड पहले उससे बात करती थी, लेकिन बाद में उसने उससे बात करना बंद कर दिया और आर्यन से बातचीत करने लगी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और यह घटना हुई। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक कृपाशंकर और सीओ राकेश कुमार सिंह सहित चितबड़ागांव पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई।

**प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा:** वीरेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष नरहीं ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान बम यादव और बबलू यादव के रूप में की है, जो बक्सर के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस घटना के बाद सोहांव गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के बीच इस वारदात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जबकि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## पति-पत्नी समेत चार की पिटाई




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के मुआप खुर्द बाजार टोला में जमीन विवाद में दंपति समेत चार लोगों की पिटाई कर दी गई। इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायलों में संतोष कुमार सिंह(45), पत्नी आभा देवी(40), बेटा सुशांत कुमार(27) और बेटी श्वेता कुमारी(19) शामिल है। घटना इमादपुर थाना क्षेत्र की है।

घायल सुशांत कुमार ने बताया कि चचेरे भाई और भतीजे से 11 कट्ठा जमीन को लेकर चार महीना से विवाद चल रहा है। अपनी जमीन पर पिताजी ने गेहूं लगाया था। रविवार दोपहर में दूसरे पक्ष के लिए जबरन गेहूं काटने पहुंच गए। विरोध करने पर घर में घुसकर लोहे की रॉड से मारकर घायल कर दिया। बीच-बचाव में परिवार के सदस्यों को भी मारा

**छानबीन में जुटी पुलिसः** सुशांत कुमार ने पाटीदार पर 11 कट्ठा जमीन पर जबरन फसल काटने और मना करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर शहर के आईटीआई बाईपास रोड, बुद्ध मार्ग पर एक चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। इस घटना में स्कूटी चला रहे युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूटी सवार अम्बेडकर चौक से गुजर रहा था, तभी स्कूटी के निचले हिस्से से धुआं निकलने लगा। कुछ ही सेकंड में धुआं आग की लपटों में बदल गया। खतरा भांपते हुए चालक ने तुरंत स्कूटी सड़क पर छोड़कर खुद को सुरक्षित कर लिया। देखते ही देखते पूरी स्कूटी आग की चपेट में आ गई। बीच सड़क पर जलती स्कूटी देखकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

**बैटरी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावनाः** प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण बैटरी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण बैटरी के ओवरहीट होने से ऐसी घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। हाल के दिनों में इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। यह घटना एक बार फिर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करती है।

## चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ भोजपुर में लोगों ने पकड़ा, पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा, पहले भी जा चुका है जेल

**आरा।** भोजपुर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शातिर चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की उदवंतनगर के दक्षिण एकौना गांव वार्ड नंबर-11 निवासी प्रहलाद सिंह के पुत्र रंजन सिंह के तौर पर हुई है। गिरफ्तारी नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास से हुई है। रविवार को रंजन सिंह बाइक चुराकर फरार होने की फिराक में था। इसी दौरान गाड़ी मालिक और स्थानीय लोगों की नजर उस पर पड़ गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया।

**आरोपी की तस्वीर सीसीटीवी में कैदः** समस्तीपुर जिले के रोसड़ा गांव निवासी संजय कुमार सहनी के पुत्र शशि सुमन आरा के इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करता है। अपनी बाइक से हरीजी के हाता, वार्ड नंबर 19 स्थित एक दोस्त के घर गया था। वहां से लौटने पर उसकी बाइक गायब हो गई थी। इस संबंध में उसने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सीसीटीवी कैमरों की जांच के दौरान रंजन सिंह की तस्वीर सामने आई, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई और उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई। नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि आरोपी पहले भी उदवंतनगर और नवादा थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी के मामलों में संलिप्त रहा है। पूर्व में जेल भी जा चुका है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। अन्य मामलों में उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## पंखे से लटका मिला मजदूर का शव



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक मजदूर की मौत हो गई। कमरे में पंखे से लटका हुआ शव मिला है। दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान महावीर राम(42) के तौर पर हुई है। घटना पीरो थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव की है। मृतक के ससुर हरेराम राम ने बताया कि 10 अप्रैल को पत्नी और दोनों बच्चियों के साथ अपने ससुराल आया था। परिवार को छोड़कर 11 अप्रैल को वापस अपने गांव चला गया था। इस बीच सूचना मिली कि फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। जिसके बाद परिवार के सदस्यों को साथ मौके पर पहुंचा। किस वजह से ये कदम उठाया है, इसकी जानकारी नहीं है। घर में कोई विवाद नहीं था। पता नहीं क्या है, ये जांच का विषय है।

**घर में मचा कोहरामः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। पांच भाई-बहन में चौथे नंबर पर था। परिवार में पत्नी शिमला देवी, दो पुत्री चांदनी और प्रिया है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिले में हर दिन जाम से लोग परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उठाए सवाल

**बक्सर।** बक्सर जिले के डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार लग रहे जाम की समस्या पर भाकपा माले के पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि डुमरांव शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और जिम्मेदार अधिकारी अपनी भूमिका से पीछे हट रहे हैं। अजीत कुशवाहा ने अपने बयान में आरोप लगाया कि बिहार में सरकार जैसी कोई चीज नहीं रह गई है। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद जनप्रतिनिधि पटना और दिल्ली में एनडीए के बड़े नेताओं की सेवा में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि कोई मंत्री बनने की कोशिश में है तो कोई मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल है, लेकिन किसी को भी अपने क्षेत्र की समस्याओं की चिंता नहीं है।

**स्थिति को शहर के "फेफड़े के जाम" होने जैसा बतायाः** पूर्व विधायक ने डुमरांव शहर की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि जाम की समस्या अब एक आम बात हो गई है। लगभग हर दिन सुबह नौ बजे तक पूरा शहर भारी वाहनों और ट्रकों के कारण जाम की चपेट में रहता है। उन्होंने इस स्थिति को शहर के "फेफड़े के जाम" होने जैसा बताया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस जाम के कारण कर्मचारी समय पर अपने दफ्तर नहीं पहुंच पा रहे हैं, और स्कूली बच्चों को भी काफी कठिनाई हो रही है। कुशवाहा ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और ट्रैफिक नियंत्रण की कमी के कारण यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

**स्थानीय स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रहीः** उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जिससे आम जनता को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अजीत कुशवाहा ने डुमरांव के नागरिकों से अपील की कि वे इस समस्या के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि जब तक आम लोग आगे नहीं आएंगे, तब तक इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे और उनकी पार्टी इस मुद्दे पर जनता के साथ खड़े रहेंगे और हर संभव सहयोग करेंगे। इस पूरे मामले ने एक बार फिर डुमरांव की ट्रैफिक व्यवस्था और प्रशासनिक सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती का दिया मंत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोईलवर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत रविवार को कोईलवर नगर मंडल में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला। स्थानीय स्टेशन रोड के एक विद्यालय में आयोजित हुआ। पार्टी के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठनात्मक विधि-विधान के साथ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात कर जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न विषयों पर क्रमवार चर्चा की गई, जिसमें संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और जनसंपर्क को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, आदित्य सिंह, प्रहलाद राय, सूर्यकांत पांडेय और आलोक अंजन समेत वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को बताया कि कैसे संगठन की नीतियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। वक्ताओं ने यह भी जोर दिया कि आने वाले समय में चुनावी एवं संगठनात्मक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना होगा। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, समाज के सभी वर्गों से संवाद बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रशिक्षण महाअभियान में मंडल अध्यक्ष संजीत कुमार रजक, महामंत्री अजित सिंह, चंदन निषाद, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, कुलदीप साहनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंकू कुमार, अति पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पिंटू साहनी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सितानंद पासवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजीता सिंह, श्रवण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

## आज 6 घंटे का पावर कट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिले के डुमरांव क्षेत्र में सोमवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार, यह कटौती सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लागू रहेगी। इससे शहर और आसपास के कई इलाकों में बिजली नहीं रहेगी। यह बिजली कटौती किसी तकनीकी खराबी के कारण नहीं, बल्कि आवश्यक रखरखाव और क्षमता वृद्धि के कार्यों के लिए की जा रही है। डुमरांव पावर हाउस (33/11 केवी) में 3.15 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा।

**क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगाः** विभाग का कहना है कि इस कार्य के पूरा होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा और यह पहले से बेहतर हो जाएगी। कनीय विद्युत अभियंता मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि ट्रांसफार्मर स्थापना का यह कार्य उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने की बात भी कही, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।

**आम जनजीवन प्रभावित होने की संभावनाः** बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित होने की संभावना है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों, छोटे उद्योगों, स्कूलों और घरेलू कार्यों में बाधा आ सकती है। गर्मी के मौसम को देखते हुए विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर लें और अनावश्यक रूप से बिजली से जुड़े उपकरणों का उपयोग न करें। विभाग ने यह भी बताया कि कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में 17 वर्षीय आर्यन को गोली मारी, दो महीने पुरानी टक्कर का विवाद, घुटनों में लगी 2 बुलेट, आरोपी फरार

**हाजीपुर।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के गर्दनिया चौक के पास सोमवार दोपहर एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गर्दनिया चौक निवासी अनिल राय के 17 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। आर्यन कुमार ने पुलिस को बताया कि करीब दो महीने पहले सोनपुर जाते समय उसकी मोटरसाइकिल एक काली स्कॉर्पियो से टकरा गई थी। इस बात को लेकर गाली-गलौज हुई थी। आर्यन के अनुसार, उसे इंस्टाग्राम के जरिए पता चला कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी उसके दोस्त कृष कुमार का बड़ा भाई राहुल कुमार उस स्कॉर्पियो में था। सोमवार दोपहर जब आर्यन अपने घर से जढुआ जा रहा था, तभी उसके घर से थोड़ी दूर पर एक काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक मिले। इनमें औद्योगिक थाना क्षेत्र के पासवान चौक, चाणक्य कॉलोनी निवासी आदर्श कुमार और सुल्तानपुर निवासी राहुल कुमार शामिल थे। युवकों ने आर्यन को बाइक पर बैठने को कहा। जब आर्यन ने मना किया, तो उन्होंने उस पर दो गोलियां चलाईं। दोनों गोलियां आर्यन के दोनों पैरों के घुटनों में लगीं, जिससे वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। हमलावर मौके से फरार हो गए।



### खड़गपुर अग्निकांड, डीपी यादव ने पीड़ितों को दी आर्थिक मदद, सरकारी सहायता और पक्के आवास की मांग

**हाजीपुर।** वैशाली के देसरी प्रखंड के खड़गपुर वार्ड संख्या 13 में हाल ही में भीषण अग्निकांड हुआ। इस घटना में 12 परिवारों के घर और उनका सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं और अब तक उन्हें प्रशासनिक स्तर से कोई ठोस मदद नहीं मिली है। सोमवार को भीखनपुरा गांव निवासी रेलवे यूनियन नेता और टीटी संघ के जोनल अध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ डीपी यादव पीड़ितों से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का दौरा कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और प्रत्येक पीड़ित परिवार की समस्याओं को सुना। डीपी यादव ने तुरंत अपने स्तर पर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने घर बनाने के लिए करकट (टीन, लकड़ी, कील, छप्पर आदि) खरीदने हेतु नकद राशि दी। यह सहायता ऐसे समय में पीड़ितों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई है। इस दौरान डीपी यादव ने स्थानीय प्रशासन से कड़ी मांग की कि पीड़ित परिवारों को यथाशीघ्र सरकारी सहायता राशि जारी की जाए और उन्हें पक्के आवास उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि आग से सब कुछ खत्म हो गया है और बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं रात में खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं। प्रशासन को तुरंत राहत सामग्री और आवास मुहैया कराने चाहिए। डीपी यादव ने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि ऐसी विपदा की घड़ी में हर व्यक्ति को आगे आकर पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही पीड़ित परिवार जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। इस अवसर पर लोजपा नेता अजय पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। पीड़ितों ने डीपी यादव द्वारा की गई सहायता की सराहना की और सरकार तथा प्रशासन से भी ऐसी ही त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है। वर्तमान में पीड़ित परिवार तिरपाल और खंडहर में शरण लिए हुए हैं।



### हाजीपुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली, ईमेल के बाद पुलिस अलर्ट, सुरक्षा बढ़ाई गई

**हाजीपुर।** हाजीपुर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है जिसके बाद प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई है। आनन फानन में एसपी विक्रम सिहाग के निर्देश पर सदर एसडीपीओ दलबल के साथ कोर्ट पहुंचे और पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराया जा रहा है वहीं मुजफ्फरपुर से बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया जा रहा है। अफरा तफरी के बीच एसडीपीओ सदर सुबोध कुमार ने बताया कि न्यायालय के ईमेल पर अज्ञात ईमेल से मेल आया है जिसमें कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।वहीं एहतियात के तौर पर कोर्ट में इंट्री बंद कर दी गई है और किसी को भी कोर्ट में प्रवेश की अनुमति नहीं है। जिला जज हर्षित सिंह के ईमेल पर कोर्ट उड़ने की धमकी मिली है। वहीं पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराया जा रहा है। कोर्ट के अंदर से अधिवक्ताओं के साथ साथ आम लोगों और दुकानदारों को भी कोर्ट परिसर से बाहर किया जा रहा है ताकि अच्छे से बम निरोधक दस्ता द्वारा जांच की जा सके। वहीं कोर्ट परिसर के साथ साथ आस पास के क्षेत्र की भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और आस पास स्थित सभी सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने के साथ साथ लोगो की आवाजाही पर पुर्णतः रोक लगाया गया है। बहरहाल इस खबर के सामने आने के बाद से पुलिस प्रशासन चौकन्ना है और सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



### वन विभाग की कार्रवाई पर काष्ठ शिल्पियों में नाराजगी, समिति ने अवैध जब्ती और पेड़ उखाड़ने का आरोप लगाया

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में विश्वकर्मा काष्ठ शिल्पी विकास समिति की एक बैठक बभनी मठ राजापाकर में जयप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वन विभाग की कथित अवैध कार्रवाइयों के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया गया। समिति ने आरा मिलों की जब्ती और पेड़ों को मनमाने ढंग से उखाड़ने का आरोप लगाया। समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा आरा मिलों को जब्त किया जा रहा है, लेकिन जब्ती सूची नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही, पेड़ों को भी मनमाने ढंग से उखाड़ा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि वन विभाग कानून का पालन नहीं कर रहा है, जिससे काष्ठ शिल्पियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य वक्ता और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की एसएलसी समिति के सदस्य राम भरोस शर्मा ने विभागीय पत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन गैर-कानूनी कार्रवाइयों के खिलाफ राज्यस्तरीय वन मंत्री के समक्ष प्रदर्शन करने के लिए सभी को संगठित होना चाहिए। संगठन के प्रदेश महासचिव एवं मुख्य अतिथि शिव प्रसन्न ठाकुर ने जिला स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने जिला संगठन को मजबूत करने और एक जिला सम्मेलन आयोजित करने का आह्वान किया। यह भी निर्णय लिया गया कि जिला सम्मेलन से पहले प्रखंडों का दौरा किया जाएगा और वहां बैठकें/सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। बैठक को मुकेश शर्मा, पंकज शर्मा, पूर्व मुखिया मोहन साह, जिला सचिव सुशील शर्मा, रामनाथ शर्मा, इंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, गुड्डू शर्मा और संजय शर्मा सहित कई अन्य सदस्यों ने संबोधित किया। समिति ने 14 जून, 2026 को जिला सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है।



# नंबर प्लेट से कार के ठिकाने पर पहुंची पुलिस, एक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के पाटलिपुत्र कॉलोनी जीडी मिश्रा पथ स्थित रहमान एन्क्लेव अपार्टमेंट के फ्लैट नम्बर 201 और 202 में चोरी हुई थी। चोरों ने करीब 30 लाख रुपए के गहने समेत कैश उड़ा दिए थे। इस मामले में पटना पुलिस ने जुनैद उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर 2 देसी पिस्टल, 7.65MM के 8 जिंदा कारतूस समेत सोने-चांदी के गहने बरामद किए हैं। एसडीपीओ लॉ एंड ऑर्डर 2 दिव्यांजलि जायसवाल ने बताया, आरोपी जुनैद उर्फ बाबा को जक्कनपुर इलाके से अरेस्ट किया गया है। जुनैद मूल रूप से छबीलापुर का रहने वाला है। पटना के जक्कनपुर इलाके में रेंट के मकान में रहकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था।

**जुनैद का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास रहा है:** डायल 100 पुलिस टीम की मदद से उसे पकड़ा गया है। इसका लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास भी मिला है। पटना के राजीव नगर, शास्त्री नगर, गर्दनीबाग, जक्कनपुर, पाटलिपुत्र के अलावा सारण के दरियापुर में भी चोरी लूट और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

**कैश के साथ कई कंपनीयिों की घड़ी मिली:** इसके पास से 30,976 कैश, रोलेक्स घड़ी, एप्पल घड़ी, बोट, फास्ट्रेक और दूसरी कंपनी की लगभग 17 घड़ियां बरामद की गई है। इसके अलावा चोरी की बाइक, लॉक तोड़ने और खोलने वाले वाले इक्विपमेंट्स बरामद किए गए हैं।

**बाइक नंबर प्लेट से हुई पहचान:** डायल 100 के जरिए बाइक नंबर प्लेट से आरोपियों का पीछा करते पुलिस जक्कनपुर इलाके के खास महल पहुंची। वहां दो-तीन दिनों तक थानेदार अतुलेश कुमार और विशाल कुमार दारोगा ने पहले रेकी की। उसके बाद आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के कमरे की जब तलाशी ली गई तो चोरी के समान और हथियार मिले। इस घटना में 3 आरोपी शामिल थे, जिसमें से दो फिलहाल फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। जुनैद ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि जेल में ही इन दोनों से मुलाकात हुई थी और इस दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए पूरी प्लानिंग की थी। बाहर आते तीनों ने सबसे पहले पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित फ्लैट को निशाना बनाया और लाखों रुपए के गहने और कैश चोरी कर लिए।

♦ **30 लाख के गहने-कैश चुराने वाले की 2 दिन की रेकी, जेल में रची थी घटना की साजिश**

# बिहार कांग्रेस हर हफ्ते उठाएगा जनहित के मुद्दे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार कांग्रेस अब राज्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को जनता के सामने लेकर आएगी। इसे लेकर कांग्रेस "प्रेस से मिलिए" संवाद कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रही है। इसे लेकर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिलाध्यक्षों को लेटर भेजा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हर सप्ताह राज्य के विभिन्न जिलों से जुड़े जनहित की गंभीर समस्याओं जैसे लूट, बलात्कार, घोटाले, शिक्षा, चिकित्सा, किसानी, मजदूरी से जुड़ी समस्याएं और अन्य अमानवीय घटनाएं को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

**हर हफ्ते अपने जिले के गंभीर विषयों को बताना होगा:** इसके तहत सभी जिलाध्यक्षों को हर हफ्ते अपने जिले के गंभीर विषयों का चयन कर प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय को अपडेट देना होगा। उन्हें जिलों से जुड़े जनहित की गंभीर समस्याओं के बारे में भेजना है। प्रदेश कांग्रेस को भेजी गई प्रमाणिक सूचना के आधार पर प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस वार्ता आयोजित की जायेगी। इसमें अध्यक्ष के साथ पार्टी प्रवक्ता, संबंधित जिले के जिला कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश पर्यवेक्षक शामिल रहेंगे।

**जनहित के मुद्दे उठाकर कांग्रेस संगठन मजबूत करने पर जोर:** राजेश राम ने कहा कि, 'मुझे न केवल आशा है, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जनहित के इन मुद्दों को गंभीरता से उठाकर हम प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय बनाएंगे। इसलिए आप सभी से आग्रह है कि इसी तर्ज पर अपने-अपने जिलों में भी प्रत्येक सप्ताह "प्रेस से मिलिए" कार्यक्रम आयोजित करें और स्थानीय जन-मुद्दों को प्रखरता से उठाएं।

❑ **सरकार से महिला अपराध, घोटाले-शिक्षा-चिकित्सा पर करेगी सवाल**

# 'लैंड फॉर जॉब' घोटाला मामले में लालू यादव की याचिका खारिज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** लैंड-फॉर-जॉब्स मामले में राष्ट्रीय जनता दल (RJD) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज FIR और उससे जुड़े ट्रायल को रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। यह फैसला जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। हालांकि, अदालत ने लालू प्रसाद यादव को आंशिक राहत देते हुए कहा कि उन्हें ट्रायल की कार्रवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट के सामने व्यक्तिगत पेश होने की ज़रूरत नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर फैसला लेने का अधिकार ट्रायल कोर्ट के पास रहेगा। यानी, अब निचली अदालत इस पूरे मामले की मेरिट पर सुनवाई करते हुए आगे की कार्रवाई करेगी।

9 जनवरी 2026 को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व CM लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजप्रताप, तेजस्वी यादव और बेटी मीसा, हेमा पर आरोप तय किए। लालू परिवार के साथ कुल 41 लोगों पर आरोप तय किया। इन लोगों पर अब मुकदमा चल रहा है।

कोर्ट ने 52 लोगों को बरी किया था। सुनवाई को लेकर लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती और बेटे तेजप्रताप-तेजस्वी दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे थे। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) द्वारा दर्ज किया गया है।

# पटना में 43वां डॉ. भीमराव अंबेडकर संस्कृत शिक्षण शिविर का भव्य उद्घाटन, संस्कृत के प्रचार पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता


**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की ओर से "आधुनिको भव, संस्कृतं वद" अभियान के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति दस दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। यह शिविर लगातार 43वें वर्ष आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के प्रतिभागी जुड़ रहे हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर संस्कृत भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि भारत में एकता और सांस्कृतिक समरसता को मजबूत करने में संस्कृत भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र पति त्रिपाठी ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संविधान के महान विशेषज्ञ के रूप में याद किया। मुख्य वक्ता प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने "सुशिक्षिता भव" का संदेश दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि संस्कृत भाषा का ज्ञान देश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। वहीं, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा और डॉ. अनिल कुमार चौबे ने उन्हें संस्कृत भाषा का प्रबल समर्थक बताया। उग्र नारायण झा और डॉ. लीना चौहान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता थे। उन्होंने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और समाज सुधार में योगदान को विस्तार से रेखांकित किया।

इस अवसर पर डॉ. विश्वजीत रुद्रपाल, डॉ. रागिनी कुमारी, अदिति चोला, देवेश प्रकाश, वंदना पटेरिया, डॉ. रंभा कुमारी, डॉ. डिंपल कुमारी, श्रद्धा कुमारी सहित कई वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके जीवन, विचारों और योगदान पर प्रकाश डाला तथा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंगलाचरण से हुई, जिसे उग्र नारायण झा ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान ने किया, जबकि एकता मंत्र अदिति चोला द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह के अंत में धर्मेंद्र पति त्रिपाठी ने सभी संस्कृत प्रेमियों से आह्वान किया कि भारतीय संस्कृति की रक्षा और संवर्धन के लिए संस्कृत भाषा का अध्ययन और प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक है।



# सम्राट चौधरी को सीएम बनाने की मांग, शीतला मंदिर में किया विशेष हवन-पूजन

♦ **बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना सिटी के प्रसिद्ध शीतला मंदिर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन संपन्न कराया। हवन के दौरान भगवान से प्रार्थना की गई कि सम्राट चौधरी को बिहार का नेतृत्व करने का अवसर मिले और राज्य में विकास की नई दिशा स्थापित हो।

**यह हवन आस्था और विश्वास का प्रतीक-बीजेपी कार्यकर्ता:** आयोजन में शामिल लोगों ने सम्राट चौधरी को एक सक्षम और जनप्रिय नेता बताया, जिनके नेतृत्व में बिहार तेजी से प्रगति कर सकता है। इस अवसर पर कई स्थानीय नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कहा कि यह हवन किसी राजनीतिक प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास का प्रतीक है।


**मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल:** मंदिर परिसर को फूलों और सजावट से विशेष रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। श्रद्धालुओं ने पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण किया और सम्राट चौधरी के समर्थन में नारे भी लगाए। हालांकि, विपक्षी दलों ने इस आयोजन को राजनीतिक स्टंट बताया है और कहा है कि विकास कार्यों पर ध्यान देना अधिक महत्वपूर्ण है।

**विपक्ष ने बताया 'राजनीतिक स्टंट':** यह आयोजन स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है और राजनीतिक गलियारों में भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है। आने वाले समय में इसका राजनीतिक असर कितना होगा, यह देखना बाकी है, लेकिन ऐसे आयोजन बिहार की राजनीति में जनभावनाओं की झलक जरूर दिखाते हैं।

# बहू को इंसाफ दिलाने के लिए भटक रही सास, दबंग पड़ोसियों पर हत्या का आरोप

♦ **महिला बोली- वारंट निकलने पर भी गिरफ्तारी नहीं, आईजी दफ्तर पहुंची**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** पटना के गोपालपुर थाना अंतर्गत बैरिया की रहने वाली सुनयना देवी अपनी बहू मृतक शोभा देवी को इंसाफ दिलाने के लिए अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगा रही है। सोमवार को पटना जोनल आईजी के दफ्तर में इंसाफ की गुहार लगाने पहुंची थी। सुनयना देवी के मुताबिक पड़ोस के दबंगों ने घर में नशे के हालत में घुसकर 4 अप्रैल 2023 को मारपीट की थी। जिसमें उनकी बहू शोभा देवी और सुनयना गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

**साल 2023 में हुई थी बहू की मौत:** इलाज के दौरान शोभा देवी की मौत 9 अप्रैल 2023 को हो गई थी। इसके बाद गोपालपुर थाने में लिखित शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज किया। रसूखदार होने के चलते कार्रवाई नहीं हुई। मामला अब न्यायालय में चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से नॉन बेलेबल वारंट इश्यू किया है। बावजूद इसके गोपालपुर थाने की पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उल्टे आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है। सुनयना देवी का कहना है कि इस कांड में शामिल आरोपी सुलह का दबाव बनाने के लिए डरा धमका रहे हैं।

**2 दिन पहले पूर्वी एसपी से मिली थी पीड़िता:** पीड़िता ने 2 दिन पहले पूर्वी एसपी से मुलाकात करके अपनी बात रखी थी। SP द्वारा थाने पर भेजा गया। वहां जब परिजन मिलने गए तो थानेदार ने परिजनों को उल्टा हड़का दिया।

अब परिजन और पीड़िता ने पटना आईजी से मदद की गुहार लगाई है। परिजन को आशंका है कि उनके साथ भी कभी भी मारपीट की जा सकती है। पूर्व से भी इन आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। एक अन्य दूसरे मामले में भी इन आरोपियों के खिलाफ कुर्की निकली हुई है।

# रिंग रोड से घिरेगा पटना, बिना ब्रेक 6 लेन पर 80 की रफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**15 हजार करोड़ खर्च से बदलेगी राजधानी की सूरत**



**पटना।** राजधानी पटना को जाम से मुक्ति दिलाने और दिल्ली, मुंबई की तरह वर्ल्ड क्लास महानगर बनाने के लिए रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। 150 km लंबी सड़क नेटवर्क तैयार करने में 15 हजार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। दिल्ली के रिंग रोड की तर्ज पर इसे बनाया जा रहा है। रेड लाइट नहीं होंगे। मतलब, बार-बार रुकने, ब्रेक लगाने की जरूरत नहीं। गाड़ियां 80km/h की रफ्तार से दौड़ सकेंगी। हादसे रोकने के लिए एक्सेस कंट्रोल की व्यवस्था होगी। बाहर से आने वाली गाड़ियां पटना शहर में प्रवेश किए बिना वैशाली, सारण, आरा और बक्सर जैसे पड़ोसी जिलों में चली जाएंगी। इससे राजधानी के आसपास नए उपनगर बसेंगे। पटना आना-जाना आसान होगा।

**क्या है पटना रिंग रोड?:** पटना रिंग रोड राजधानी के चारों तरफ बन रही सड़कों का घेरा है। इसके घेरे में 1350 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आएगा। प्रधानमंत्री पैकेज और भारतमाला परियोजना का यह प्रोजेक्ट भविष्य में पटना और इसके आसपास के क्षेत्रों के शहरी एवं आर्थिक परिदृश्य को बदलेगा। अब तक 39.16 km लंबाई वाले कन्हौली-रामनगर खंड का निर्माण 984 करोड़ की लागत से पूरा हुआ है। गंगा नदी के उत्तर तरफ पटना रिंग रोड के 37.35 किलोमीटर लंबाई वाले दिघवारा से बिदुपुर एलाइनमेंट की मंजूरी का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। वहीं, गंगा नदी के दक्षिण तरफ ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण जारी है।

**हादसे रोकने के लिए बनेंगे एक्सेस कंट्रोल खंड:** 6 लेन रिंग रोड पर हादसे रोकने के लिए एक्सेस कंट्रोल खंड बनाए जाएंगे। मतलब यहां मेन रोड पर जहां चाहें वहां से नहीं आ सकते और न निकल सकते हैं। गाड़ियों के मेन रोड पर आने और बाहर निकलने के लिए खास जगह होंगे। इससे मनमाने तरीके से गाड़ी मेन रोड पर लाना संभव नहीं होगा। अचानक किसी गाड़ी के सामने आने जैसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। इससे हादसे कम होंगे।

**क्या है पटना रिंग रोड का एलाइनमेंट?:** रिंग रोड का मुख्य रूट बिहटा के कन्हौली के पास से शुरू होगा। आगे यह नौबतपुर, रामनगर, कच्ची दरगाह, वैशाली के बिदुपुर, हाजीपुर, सोनपुर, सारण के दिघवारा और शेरपुर होते हुए वापस कन्हौली तक आएगा। 12 एनएच और 5 स्टेट हाईवे रिंग रोड से जुड़ेंगे। रिंग रोड की कुल लंबाई लगभग 150 किमी होने वाली है। यह नेटवर्क 170 किमी तक जा सकता है। गंगा नदी पर दो बड़े ब्रिज (कच्ची दरगाह-बिदुपुर और शेरपुर-दिघवारा) भी इसमें आ रहे हैं।

# बाबूलाल मरांडी ने रांची वन मंडल में करोड़ों की अनियमितता का लगाया आरोप, राज्यपाल से उच्च-स्तरीय जांच की मांग

एजेंसी। रांची



झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को लोक भवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की और रांची वन मंडल से संबंधित विभिन्न प्रकरणों के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। बाबूलाल मरांडी ने ज्ञापन के माध्यम से उक्त प्रकरणों की उच्चस्तरीय जांच एवं फॉरेंसिक ऑडिट कराए जाने के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। साथ ही राजधानी रांची वन मंडल के तत्कालीन प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजीव लोचन बख्शी (आईएफएस) पर गंभीर वित्तीय घोटाले का आरोप लगाते हुए राज्यपाल से उनके कार्यकाल में हुए घोटाले, प्रशासनिक कदाचार एवं राजकोष की सुनियोजित लूट की उच्चस्तरीय जांच एवं फॉरेंसिक ऑडिट कराने की मांग की है । राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में बाबूलाल मरांडी ने लिखा, " राज्य के जागरूक नागरिक होने के नाते यह सूचित करना मेरा कर्तव्य है कि राजीव लोचन बख्शी की कार्यशैली सदैव नियमों के संरक्षण के बजाय सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर उच्च स्तर पर 'विशिष्ट सेवा-प्रदाता' की रही है।"बाबूलाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी इसी विशेषता के कारण वे वर्तमान मुख्यमंत्री के अत्यंत निकट बने हुए हैं और इसी राजनीतिक संरक्षण का लाभ उठाकर अपने कार्यकाल के काले कारनामों को दबाए रखने में सफल रहे हैं। यदि निष्पक्ष जांच समय पर हुई होती तो मात्र रांची वन प्रमंडल में उनके कार्यकाल में किए गए घोर भ्रष्टाचार के कारण वे आज जेल की सलाखों के पीछे होते। विडंबना यह है कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद वे वर्तमान में सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के सर्वेसर्वा बने हुए हैं। जहां वे अपनी भ्रष्ट कार्यप्रणाली को निर्बाध रूप से जारी रखे हुए हैं। बाबूलाल मरांडी ने अपने ज्ञापन में झारखंड महालेखाकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए राज्यपाल को अवगत कराया है। उन्होंने लिखा है कि महालेखाकार द्वारा 95 मस्टर रोल्स की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि झारखंड कोषागार संहिता के नियम 242-243 का घोर उल्लंघन कर 1.0383 करोड़ का संदिग्ध भुगतान किया गया है। इन मस्टर रोल्स पर न तो मजदूरों के हस्ताक्षर हैं, न अंगूठे के निशान, बल्कि इनमें 'व्हाइटनर' और 'इरेजर' लगाकर रिकॉर्ड के साथ आपराधिक छेड़छाड़ की गई है। मजदूरों को भुगतान बैंक खातों के बजाय नकद दिखाया गया, जो कि सरकारी निर्देशों की सीधी अवहेलना है। बाबूलाल ने दावा किया है कि यह तो मात्र 95 मस्टर रोल्स की बानगी है। राजीव लोचन बख्शी के पूरे कार्यकाल में हजारों ऐसे मस्टर रोल्स के माध्यम से करोड़ों रुपये की लूट की प्रबल आशंका है, जिसकी सघन फॉरेंसिक जांच अत्यंत आवश्यक है। स्वतंत्र एजेंसी से उच्चस्तरीय जांच और फॉरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश होना चाहिए। बाबूलाल ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में महालेखाकार के ऑडिट रिपोर्ट की कॉपी को भी संलग्न कर प्रमाणिकता के लिए भेजा है। उन्होंने राजीव लोचन बख्सी के प्रशासनिक कदाचार का दूसरा उदाहरण ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में हुई गड़बड़ी को लेकर दिया है। उन्होंने कहा ग्रामीण विद्युतीकरण के प्रस्तावों को नियम विरुद्ध आठ खंडों में विभाजित कर दिया गया वो इसलिए किया ताकि 7.35 हेक्टेयर वन भूमि के अपयोजन का आदेश वे स्वयं डीएफओ स्तर पर दे सकें और इसे राज्य सरकार या सक्षम प्राधिकार के पास न भेजना पड़े। मरांडी ने कहा कि इस कृत्य के माध्यम से बख्शी ने यूजर एजेंसी को अनुचित लाभ पहुंचाया और सरकार को न्यूनतम 46.01 लाख की एनपीवी राशि के राजस्व की सीधी क्षति पहुंचाई है। ऑडिट टीम की ओर से पूछताछ किए जाने पर उन्होंने सदैव की तरह केवल टालमटोल भरा रवैया अपनाया है। इसके अलावा सीएएमपीए मद के तहत अंतर्गत रेंजर्स को दिए गए 8,53,40,488 के अग्रिम का लेखा-जोखा जानबूझकर ऑडिट टीम से छिपाया गया, ताकि इस भारी राशि के व्यय की जांच न हो सके। उन्होंने कहा कि इस राशि का कहां और कैसे उपयोग हुआ, इसका कभी भौतिक सत्यापन नहीं हो सका है। इसके अतिरिक्त, 1.80 करोड़ की सामग्री खरीद के मूल वाउचर ऑडिट में उपलब्ध ही नहीं कराए गए और यह भ्रामक तर्क दिया गया कि वे महालेखाकार को भेज दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल से राजीव लोचन बख्शी के रांची वन प्रमंडल के पूरे कार्यकाल की किसी स्वतंत्र एजेंसी से उच्चस्तरीय जांच एवं फॉरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश देने का आग्रह किया है।

## टिकट जांच में 284 यात्रियों से 2.34 लाख का वसूला गया जुर्माना

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम



पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर रेल मंडल में बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने और यात्रियों को अधिकृत टिकटिंग प्रणाली के उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए रेलवे की ओर से सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में एक साथ संचालित किया गया। सोमवार को रेलवे की ओर से विज्ञप्ति जारी कर बताया है गया कि अभियान के तहत टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, आदित्यपुर, गम्हारिया, चाईबासा, राजखरसावां, बामरा, पानपोश, बोंडामुंडा, राजगंगपुर और बारबिल सहित कई स्टेशनों पर टिकट जांच टीमों को रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से तैनात किया गया। जांच के दौरान बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान में कुल 284 लोग बिना टिकट या नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए, जिनसे जुर्माने के रूप में कुल 2,34,320 रूपये की राशि वसूली गई। इसके अलावा रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने और धूम्रपान करने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए उनसे अलग से जुर्माना लिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य न केवल बिना टिकट यात्रा को हतोत्साहित करना है, बल्कि यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक कर उन्हें वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित करना भी है। साथ ही, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए यात्रियों को बेहतर और व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना भी रेलवे की प्राथमिकता है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह के सघन जांच अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और रेलवे सेवाओं में पारदर्शिता एवं अनुशासन बना रहे।

## बहरागोड़ा में 50 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम



पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 50 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। सोमवार को ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने टाटा पंच कार (रजिस्ट्रेशन नंबर JH05DS-6333) को संदेह के आधार पर रोका। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसकी डिक्की से 25 पैकेट में पैक लगभग 50 किलो गांजा बरामद किया गया। इसके साथ ही वाहन में सवार दो लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जमशेदपुर के सोनारी झाबरी बस्ती भीम यादव और बिहार भोजपुर निवासी के राज कुमार पाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से दो मोबाइल फोन और 3482 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा के चिल्का झील के आसपास के इलाके से लाया गया था,जिसे जमशेदपुर और बिहार के विभिन्न हिस्सों में खपाने की योजना थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह तस्करी एक संगठित नेटवर्क के जरिए की जा रही थी, जिसमें कई और लोग शामिल हो सकते हैं। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरोह के सरगना की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में घाटशिला एसडीपीओ के नेतृत्व में बहरागोड़ा थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीण एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अवैध धंधों में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## झारखंड के 12 जिलों में 17 अप्रैल को लू का येलो अलर्ट

एजेंसी। रांची

झारखंड में एक बार फिर गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में 17 अप्रैल को लू चलने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में लू का असर देखने को मिल सकता है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रांची, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। सोमवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही। दोपहर होते-होते गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए। गौरतलब है कि हाल ही में राज्य के कई हिस्सों में हुई बारिश के कारण अधिकतम तापमान में करीब 9 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई थी। लेकिन पिछले तीन-चार दिनों से मौसम साफ रहने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 24 घंटों के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री और न्यूनतम 24.7 डिग्री, डाल्टनगंज में 39.8 और 20.8 डिग्री, बोकारो में 38.1 और 20.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि लू के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और धूप से बचाव के उपाय अपनाएं।



## झारखंड हाई कोर्ट में संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर सुनवाई, लोकायुक्त पर एक हफ्ते में अनुशंसा का आश्वासन

एजेंसी। रांची

झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को राज्य के अहम संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार ने लोकायुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। सरकार ने अदालत को बताया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए अनुशंसा एक सप्ताह के भीतर राज्यपाल को भेज दी जाएगी। मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में भी सरकार ने अदालत को अवगत कराया कि कुछ नाम पहले ही राज्यपाल को भेजे जा चुके हैं। हालांकि, राज्यपाल द्वारा कुछ नामों पर आपत्ति जताई गई है, जिन पर फिलहाल सरकार विचार कर रही है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, यह सुनवाई राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर दायर जनहित याचिका और राजकुमार द्वारा दायर अवमानना याचिका पर हो रही थी। पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया था कि कई संवैधानिक संस्थाओं में तीन से पांच वर्षों से पद खाली पड़े हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इन पदों को जल्द भरने की मांग की थी। इस पर राज्य सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया था कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग में नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही इन पदों को भर लिया जाएगा।

## बड़ाजामदा में मोबाइल दुकानों की चोरी का 24 घंटे में खुलासा, तीन नाबालिग निरूद्ध

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाजामदा बाजार में दो मोबाइल दुकानों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उद्भेदन कर दिया। सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए बड़ाजामदा थाना प्रभारी बालेश्वर उरांव ने बताया कि 11 अप्रैल को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनके आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान की गई। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरी में शामिल कुछ युवक बोकना गांव के पास जंगल में छिपे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी अभियान चलाया और मौके से तीन नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए छह मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**द्वितीय**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट **निविदा सूचना संख्या– DWSD/GAR/01/2026-27,** **दिनांक–06.04.2026** द्वारा Changing or Rotten Riser pipe कार्य जो **PR No. 376819** Drinking Water and Sanitation (26-27).D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों **नियम एवं भार्तो में संशोधित किया गया जो इस प्रकार है :–**

**1) RRP (Rotten riser pipe) कार्य का अनुभव आवश्यक होगा।**

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

PR 377437 Water Resource(26-27)#D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Works Department ,Works Division Daltonganj**

**Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-02/2026-27**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/ Owners/Lessee for respective items . The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhand tenders.gov.in. Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 17.04.26 at 10:30 hrs. to 27.04.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 29.04.26 at 11.30 Hours.
The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall submit Hire Charges of Plant & Machineries inclusive of POL, Maintenance, wages of driver/operator, statutory charges/fee and other taxes but exclusive of GST.
2. Plant and Machineries should have capability/capacity to perform as desired in specifications of Central Public Work Department (CPWD)/concerned Department of government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the Plant and Machineries/ Part of the Plant and Machineries for which they are concerned.
4. Plant and Machineries should not be older than 5(Five) years as on quotation due date.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj

Address for Communication :-
Executive Engineer
Rural Works Department
Works Div. Daltonganj
Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098
e- mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

PR 377402 District(26-27).D

**Executive Engineer**
**R.W.D. Works Div.,Daltonganj**

**कार्यालय नगर परिषद् बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code-822132**
**Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

पत्रांक 901 /न0प0, दिनांक 13.04.2026

**–: आवश्यक सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत नगर परिषद, बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत PMAY-U 2.0 के BLC घटक के तहत ऑनलाईन प्राप्त आवेदन के जाँचोपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पूर्व स्वीकृत (2015–2022) प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत चरणवार जियोटैगिंग पश्चात चार किश्तो में राशि लाभार्थी के बैंक खातो में हस्तानांतरित किया जा रहा है।

वर्तमान में सूचना प्राप्त हो रही है कि आवेदको से नये आवास स्वीकृत कराने एवं पूर्व संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अन्तर्गत किश्त भुगतान / जियोटैगिंग कार्य हेतु अवैध रूप से राशि की मांग की जा रही है।

अतः उक्त के आलोक में सभी संबंधित आवेदको, प्रतिनिधियो अथवा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त योजनान्तर्गत किसी भी आवेदक / लाभार्थी से किसी भी प्रकार की राशि की माँग किसी के द्वारा की जाती है तो इससे संबंधित शिकायत कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बिश्रामपुर से करें।

ऑनलाईन आवेदन के पश्चात ऑनलाईन प्रति के साथ सम्पूर्ण कागजात की छायाप्रति / मूलप्रति नगर परिषद कार्यालय बिश्रामपुर में दिनांक 18.04.2026 तक अवश्य जमा कर दें।

**सभी आवेदक / लाभार्थी Cyber/Online Fraud से सावधान रहें।**

PR 377404 District(26-27).D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited (JBVNL)**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
Electric Supply Area, Medininagar
Retd. Office : By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102 e-mail :- gm_mdnjseb@yahoo.in
**Telephone :- 06562-295539**

**e-Tender Notice**

**Proposal for vendor empanelment for all kinds of electrical works under Electric Supply Area, Medininagar**

Online e-tenders are invited from reputed all Vendors/ JBVNL Vendor / Contractors/ Firms/ Company who are interested for empanelment for all kind of electrical works in different head of JBVNL under Electric Supply Area, Medininagar.

| Sl. No. | e- NIT No. | Name of Work | Application fee for vendor Registration |
|---|---|---|---|
| 1. | 26/PR/JBVNL/ 2026-27 | Vendor empanelment for all kinds of electrical works under Electric Supply Area, Medininagar | 11,800.00 (Including 18% GST) (Non Refundable) |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NITS**

| | |
|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | from 17.04.2026 10.30 Hrs |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | 17.04.2026 10.30 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of e-tender with online Cost of BOQ/Documents etc. | 07.05.2026 17.00 Hrs |
| 4. Date and time of opening of e-tender(Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I) | 09.05.2026 15:00 Hrs |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http:// jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the . last minute technical stage. No document will be accepted/considered through postal service or courier.
3. All required information for bid must be filled and submitted online.
4. Other detail can be seen in the bidding documents.
5. The Undersigned reserve to the right to extend the date of sale of BOQ/Submission and opening of Tender/decrees/or reject any or canceal tender without assigning any reason.
6. Tender received after the due date & time, conditional and incomplete will be not considered.
7. **For any clarification please contact : -Electrical Executive Engineer(Tech) ESA Medininagar 9835574043**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 377375 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

**Sd/-**
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**(2026–2027) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/RM/02/2026-27 (1st Call)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड / डाउनलोड की तिथि / समय :– 16.04.2026 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय :– 21.04.2026 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि / समय :– 21.04.2026 को 04:00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | चैनपुर | 240 | 233470.00 | 5000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 02 | रामगढ़ | 50 | 48640.00 | 1000.00 | 250.00 | 04 (चार) माह |
| 03 | पाटन | 185 | 179966.00 | 4000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 04 | पड़वा | 60 | 58367.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 05 | मनातू | 80 | 77823.00 | 2000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 06 | तरहसी | 110 | 107007.00 | 2500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 07 | लेस्लीगंज | 160 | 155646.00 | 3500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 08 | सतबरवा | 95 | 92415.00 | 2000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 09 | मेदिनीनगर | 150 | 145919.00 | 3000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 10 | विश्रामपुर | 105 | 102143.00 | 2100.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 11 | नवा बाजार | 65 | 63231.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 12 | पाण्डू + उँटारी रोड | 125 | 121599.00 | 2500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 13 | छत्तरपुर | 150 | 145919.00 | 3000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 14 | नौडीहा बाजार | 95 | 92415.00 | 2000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 15 | हरिहरगंज | 75 | 72959.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 16 | पीपरा | 75 | 72959.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 17 | हुसैनाबाद | 160 | 155646.00 | 3500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 18 | हैदरनगर | 100 | 97279.00 | 2000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 19 | मोहम्मदगंज | 75 | 72959.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 20 | पाँकी | 210 | 204286.00 | 4500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

PR 377412 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
मेदिनीनगर

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस में राहुल गांधी को हटाने का माहौल बन रहा : सीएम फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस में उन्हें



हटाने का माहौल बन रहा है, क्योंकि वह पार्टी को चुनाव में जीत नहीं दिला पा रहे हैं। फडणवीस ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि गांधी केवल अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और अपने नेतृत्व को लगातार मिल रही हार से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। फडणवीस ने दावा किया, 'कांग्रेस में राहुल गांधी को हटाने का माहौल बन रहा है, क्योंकि वह पार्टी के लिए चुनावी जीत सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं।' उन्होंने कहा कि गांधी ने अपनी पार्टी के भीतर जारी संघर्ष से ध्यान हटाने के लिए ऐसे बयान दिए हैं। राहुल ने आरोप लगाए थे कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का उद्देश्य संविधान को खत्म करना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए। उन्होंने मंडी हाउस से 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर की जयंती से पहले यहां 'रन फॉर आंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टीट्यूशन' मैराथन शुरू होने से पहले एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'आंबेडकर जी का मुख्य संदेश संविधान का था। संविधान के बिना जिसे हम भारत कहते हैं, वह नहीं होता। उन्होंने कहा था, 'आज जो लोग आरएसएस-भाजपा की सोच के हैं, वे संविधान को खत्म करना चाहते हैं। वे कुछ भी कहें, उनका असली उद्देश्य संविधान को मिटाना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए।' उन्होंने कहा, 'वे (आरएसएस-भाजपा) चाहे जो करें, वे आंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने सिर भी झुकाते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य संविधान को खत्म करना है। हमारा उद्देश्य संविधान की रक्षा करना और उसे मजबूत करना है।'

### बेटी की गर्दन फंसने से मौत, गुरुग्राम में खेल-खेल में चली गई जान

**गुरुग्राम, एजेंसी।** घर की दीवार की ग्रिल से साड़ी का झूला बनाकर गोल-गोल घूम रही 13 वर्षीय किशोरी का गला अचानक साड़ी में फंस गया। साड़ी से गला दबने से किशोरी की मौत हो गई। घटना सेक्टर-9 थाना क्षेत्र के देवीलाल कॉलोनी में रविवार शाम की है। किशोरी अपनी दो छोटी बहनों के साथ घर में खेल रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। कई बार बच्चे घरों के पर्दे में लटक कर झूला झूलते हैं। इस तरह देवीलाल कॉलोनी में रहने वाली 13 साल की रानी कुमारी अपनी दो छोटी बहनों के साथ दीवार की ग्रिल में मां की साड़ी डालकर उससे लटककर गोल-गोल झूल रही थी। झूलते समय कब साड़ी उसकी गर्दन में लिपट गई, उसे पता नहीं चला। वहीं, हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी के पिता सुरेश सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के रहने वाले हैं और कई सालों से देवीलाल कॉलोनी में किराए पर रहकर सिलाई का काम करते हैं। उनकी तीन बेटियां हैं। रविवार शाम तीनों घर में खेल रही थीं। वह और उनकी पत्नी भी घर में ही मौजूद थे, लेकिन यह सब कैसे हुआ उन्हें कुछ भी पता नहीं चला। बेटी की मौत पर परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

# असम की सबसे युवा प्रत्याशी कुंकी चौधरी को पुलिस का समन

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम जातीय परिषद (एजेपी) की असम की सबसे युवा प्रत्याशी 27 साल की कुंकी चौधरी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के बीच ठनी हुई है। सीएम सरमा उनकी मां पर भी बीफ खाने और दिखावा करने का आरोप लगा चुके हैं। इसी बीच असम पुलिस ने गुवाहाटी सेंट्रल से पार्टी के उम्मीदवार कुंकी चौधरी को समन भेजा है। वहीं एजेपी ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निर्वाचन क्षेत्र में अपने खिलाफ जनादेश को देख कर घबरा गई है।

चुनाव संबंधी मामले में समन मिलने के बाद चौधरी सुबह पानबाजार पुलिस थाना पहुंचीं। उन्हें शनिवार को नोटिस देकर रविवार सुबह 11 बजे से पहले पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था और ऐसा नहीं करने पर उनकी गिरफ्तारी की बात कही गई थी। कुंकी चौधरी करीब दो घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस थाना से बाहर आईं और वहां इंतजार कर रहे संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने जांच अधिकारी के सामने अपना बयान दर्ज कराया है।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

बीजेपी कार्यकर्ता नबा कुमार लखकर ने नौ अप्रैल को मतदान के दिन चौधरी और उनके चुनाव प्रचार अभियान प्रबंधक संदीप यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कुमार ने आरोप लगाया गया था कि दोनों ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनावों के संचालन में बाधा डाली।

एजेपी ने असम पुलिस द्वारा उसके उम्मीदवार का कथित 'उत्पीड़न' किए जाने की निंदा की और असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। वकील शांतनु बोरठाकुर ने पुलिस थाने के बाहर संवाददाताओं से कहा, 'प्राथमिकी में लगाए गए सभी आरोप



जमानती हैं, इसलिए उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। वास्तव में, आरोप बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। एक मामला दर्ज किया गया है और इतने कड़े शब्दों में समन केवल परेशान करने के लिए जारी किया गया है।' उन्होंने सवाल किया कि अभी आदर्श आचार संहिता लागू है, और जब मुख्य सचिव सरकार चला रहे हैं, तो मुख्यमंत्री कथित तौर पर यह कैसे कह सकते हैं कि उन्होंने पुलिस भेजी थी? बोरठाकुर ने कहा, 'कुंकी ने चुनाव लड़ा और पूरे राज्य के लिए एक विमर्श तैयार किया, जो भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित हुआ। इसीलिए राजनीति से प्रेरित होकर यह मामला दर्ज किया गया है।''उन्होंने पुलिस से यह भी सवाल किया कि चौधरी द्वारा कथित तौर पर भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा फैलाए गए 'डीप फेक' वीडियो के संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का क्या हुआ। एजेपी से पहली बार चुनाव लड़ रही चौधरी उस समय विवाद में आ गईं, जब मुख्यमंत्री शर्मा ने कथित तौर पर 'बीफ' के सेवन को लेकर उनके माता-पिता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। हालांकि, चौधरी ने इन हमलों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। वह गुवाहाटी सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार गुप्ता के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। कुंकी चौधरी ने चार अप्रैल को मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा उनकी मां की खान-पान की आदतों के बारे में किए गए दावों के बाद, सोशल मीडिया पर परिवार के बारे में कथित तौर पर 'डीप-फेक' प्रौद्योगिकी से तैयार मानहानिकारक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। नवीनतम घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए, एजेपी के अध्यक्ष लुरिंज्योति गोगोई ने कहा कि चौधरी को तलब करना ''चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण'' है। उन्होंने कहा, 'यह केवल किसी उम्मीदवार पर प्रशासनिक दबाव नहीं है, बल्कि यह असम में भाजपा द्वारा लोकतंत्र के दमन का ज्वलंत उदाहरण है। हिमंत विश्व शर्मा और भाजपा ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए प्रशासन और पुलिस का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक खतरनाक संकेत है।' गोगोई ने आरोप लगाया कि जब सत्तारूढ़ दल को सत्ता खोने का डर होता है, जब उसे यकीन हो जाता है कि जनता का वोट उसके खिलाफ गया है, तो भाजपा जैसी फासीवादी पार्टियां सत्ता को अपने कब्जे में रखने के लिए कुटिल रास्तों का सहारा लेती हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा सवाल यह है कि कुंकी चौधरी द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद डीप-फेक वीडियो प्रसारित करने वाले भाजपा समर्थकों को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है?

## कर्नाटक में कैबिनेट विस्तार या सीएम बदलने के आसार?

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार में जल्द ही बड़े बदलाव हो सकते हैं। खबर है कि करीब 30 वरिष्ठ कांग्रेस विधायक दिल्ली रवाना हो गए हैं। ये सभी मंत्री पद की मांग को लेकर रायबरेली सांसद राहुल गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। हालांक, अभी मुलाकात को लेकर जानकारी स्पष्ट नहीं है। विधायकों का इस कदम को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर कैबिनेट विस्तार के लिए दबाव डालने से भी जोड़कर देखा जा रहा है।



एक अखबार के अनुसार, कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्ण ने कहा कि समूह ने बड़ी संख्या में मुलाकात की थी और मंत्रालय में मौके की मांग रखने की बात तय हुई थी। उन्होंने कहा, 'ऐसे कई नेता हैं जिन्हें तीन, चार या पांच बार भी मौके मिले हैं। हम अनुरोध करेंगे कि जिन्हें अब तक जगह नहीं मिली है, उन्हें मौका दिया जाए।' उन्होंने कहा कि यात्रा सिर्फ मंत्री पद हासिल करने के लिए की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस विधायक अशोक पाटन ने कहा, 'हमारी सिर्फ एक ही मांग है। हम चाहते हैं कि कैबिनेट में जल्द से जल्द बदलाव किया जाए और हमारे जैसे वरिष्ठ सदस्यों को मौका दिया जाए।' उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया ने पहले संकेत दिए थे कि अन्य को 2 साल बाद मौका दिया जाएगा, लेकिन तीन साल गुजर गए हैं। पहली बार चुने गए विधायकों ने भी पदों के लिए दबाव तेज कर दिया है। पीटीआई भाषा के अनुसार, कांग्रेस विधायकों ने मांग की है कि फेरबदल के दौरान उनमें से कम से कम पांच को मंत्री बनाया जाए। तीन से अधिक कार्यकाल वाले कई वरिष्ठ विधायक रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए। वे पार्टी नेतृत्व से मुलाकात कर यह मांग रखने वाले हैं कि प्रस्तावित फेरबदल के दौरान करीब 40 वरिष्ठ विधायकों में से कम से कम 20 को मौका दिया जाए।

मांड्या से पहली बार विधायक बने रविकुमार गौड़ा (रवि गनिगा) ने कहा, 'हर किसी की इच्छा मंत्री बनने की होती है।

## अब नोएडा में सैलरी पर बवाल, वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी; पुलिस पर पथराव

**नोएडा, एजेंसी।** गुरुग्राम के बाद अब नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर बड़ा बवाल हुआ है। नोएडा के फेज-2 में एक निजी कंपनी के कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगी दी। पुलिस पर भी पथराव किया गया। घंटों पूरा इलाका युद्ध क्षेत्र जैसा बना रहा। पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए किसी तरह स्थिति को काबू किया। दूसरी तरफ दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवेल समेत नोएडा-गाजियाबाद के कई इलाकों में भीषण जाम लग गया। बताया जा रहा है कि फेज-2 स्थित मदरसन कंपनी के अस्थायी कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि समेत कुछ मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था। अस्थायी कर्मचारियों का दावा है कि कंपनी ने नए श्रम कानूनों के प्रावधानों को लागू नहीं किया है, जिसको लेकर उनमें रोष था। सोमवार सुबह हजारों की संख्या में



प्रदर्शनकारी कंपनी के बाहर एकत्रित होकर नारेबाजी कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस भी तैनात थी। प्रदर्शन अचानक उग्र हो गया। भीड़ हिंसक हो उठी। कंपनी के आसपास कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। तोड़फोड़ की गई। यहां तक कि पुलिस पर भी पथराव होने लगा। पुलिस की गाड़ियों को में तोड़फोड़ की गई। एक जिप्सी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करके पलट दिया गया। हिंसक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज करके भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की। फेज-2 के अलावा सेक्टर 15 और 62 में भी श्रमिकों ने हंगामा किया। जिसकी वजह से दिल्ली मेरठ-एक्सप्रेसवे समेत नोएडा में कई जगह भीषण जाम लग गया और लोगों को आवाजाही में काफी समस्या हुई। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर तो घंटों लोग फंसे रहे। गाजियाबाद पुलिस ने भीषण जाम को देखते हुए एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि सेक्टर 62 नोएडा राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर दिल्ली जाने वाली साइड रोड पर इंडस्ट्रियल कर्मचारियों के द्वारा प्रदर्शन कर जाम किया गया है, यातायात का दबाव उत्पन्न हो गया है। पुलिस बल मौके पर मौजूद है। यातायात पुलिस गाजियाबाद द्वारा ए बी इ एस तथा विजयनगर बाईपास से आवश्यक डायवर्जन किया जा रहा है। असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

# अपराधियों की सूचना दीजिए और पाइए मोटा इनाम, पहचान रहेगी गुप्त; पंजाब सरकार का ऐलान

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने राज्य में अपराध कम करने और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नई पुरस्कार नीति शुरू की है। इसके तहत अपराधियों के बारे में जानकारी देने वाले लोगों को इनाम दिया जाएगा। गैंगस्टरों ते वार प्रोजेक्ट के अंतर्गत सरकार ने एसएसपी को 1 लाख रुपये तक, पुलिस कमिश्नर/रेंज आईजी/डीआईजी को 1.5 लाख रुपये तक, विभिन्न विंगों के प्रमुखों (स्पेशल डीजीपी/एडीजीपी) को 2 लाख रुपये तक और डीजीपी को 2 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत करने की शक्तियां प्रदान की हैं। यह इनाम केवल सही और प्रमाणिक सूचना देने वाले व्यक्तियों को ही दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य राज्य में अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क पर पूरी तरह से लगाम लगाना है। साथ ही 28 मोस्ट वांटेड क्रिमिनल्स की लिस्ट भी जारी की गई है। पहले जांच की जाएगी और तय मानकों के आधार पर



ही इनाम दिया जाएगा। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उसे किसी प्रकार का खतरा नहीं होने दिया जाएगा। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 9394693946 पर जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस के अनुसार, ऐसी विश्वसनीय सूचना जिससे वांछित या घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, उस पर इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा नागरिकों की ओर से दिए गए सुझावों पर भी कार्रवाई की जाएगी। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के एडीजीपी प्रमोद बान ने बताया कि पंजाब सरकार ने चुने गए पुलिस कर्मचारियों के लिए ऊपर बताई गई मंजूरी की शक्तियों को मंजूरी दे दी है। पहले जानकारी वेरिफाई की जाएगी और जानकारी देने वाले को क्राइटेरिया के हिसाब से इनाम दिया जाएगा। जानकारी देने वाले की पहचान पुलिस, पब्लिक या सरकार के किसी भी लेवल पर बताई या पब्लिक नहीं की जाएगी। इसका मकसद राज्य में काम कर रहे क्रिमिनल और गैंगस्टर के लिए सभी दरवाजे बंद करना है और पंजाब सरकार इस मकसद को पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। गिरफ्तारी में मदद करने वाली भरोसेमंद जानकारी देने वाले मुखबिरों को इनाम दिया जाएगा। पंजाब पुलिस मुखबिरों से मिली लीड्स को फॉलो करेगी। यह प्रोजेक्ट पंजाब पुलिस नेटवर्क को भी और मजबूत करेगा ताकि वे उपद्रवियों को रोक सकें।

## छत्तीसगढ़ : कांकेर में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, इनामी महिला नक्सली कमांडर 'रूपी' एनकाउंटर में ढेर

***कांकेर, एजेंसी।*** *छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सल एरिया कमांडर को ढेर कर दिया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह मुठभेड़ कांकेर जिले में छोटे बेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के जंगलों में हुई। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मारी गई महिला नक्सली पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। कांकेर के पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा ने बताया कि मारी गई महिला नक्सली की पहचान 'रूपी' के तौर पर हुई है, जो माओवादियों की प्रतापपुर एरिया कमेटी की सदस्य थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ आज सुबह छोटे बेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक वनक्षेत्र में तब हुई जब सुरक्षाबल नक्सल रोधी अभियान पर था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक महिला नक्सली का शव और एक हथियार बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इलाके में अब भी अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार है। यह घटना 31 मार्च को सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को सशस्त्र माओवादी मुक्त घोषित किए जाने के 12 दिन बाद हुई है। बता दें कि इस साल 31 मार्च को सरकार ने छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। सुरक्षा बलों द्वारा घने जंगलों में चलाए गए अथक अभियान के बाद उग्रवादियों का कोई नेता या कैडर नहीं बचा, जिनमें से अधिकतर या तो मारे गए हैं या उन्होंने हथियार डाल दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 30 मार्च लोकसभा में देश नक्सलवाद से मुक्त होने का ऐलान किया था। उन्होंने वामपंथी नक्सलवाद को विदेशी विचारों का परिणाम बताते हुए कहा था कि हिंसा के लिए देश में कोई जगह नहीं है और शांति की इच्छाशक्ति की बदौलत ही मोदी सरकार ने नक्सलवाद को खत्म करने में कामयाबी हासिल की है। अमित शाह ने कहा कि देश नक्सल मुक्त हो चुका है और अब जो हथियार उठाएगा, उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। गौरतलब है कि, बीते महीने चार दशक से अधिक समय बाद छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में माओवादी सशस्त्र आंदोलन का अंत हो गया।*

# गर्मी में बिजली संकट की आशंका, कर्मचारियों पर ऐक्शन से गुस्सा, 15 अप्रैल से प्रदेशभर में आंदोलन

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्पीड़न की कार्यवाहियां वापस न होने पर गर्मियों में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की



जिम्मेदारी शीर्ष प्रबंधन की होगी। यह चेतावनी विद्युत कर्मियों ने रविवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक में दी है। समिति ने 15 अप्रैल से 21 मई तक प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान चलाने का ऐलान किया है। सभी डिस्कॉम मुख्यालय पर प्रदर्शन होंगे। उत्पीड़न होने पर सीधी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

लखनऊ में हुई बैठक में प्रदेशभर से लगभग 1000 से अधिक बिजली कर्मचारी एवं अभियंता पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस नहीं ली गईं तो आने वाली भीषण गर्मियों में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की पूरी जिम्मेदारी पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन की होगी। चेतावनी दी गई है कि यदि प्रबंधन अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए किसी भी कर्मचारी या अभियंता पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करता है, तो बिजली कर्मी कार्यस्थल पर काम छोड़कर बाहर आने को बाध्य होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। जनजागरण अभियान के तहत 24 अप्रैल को मेरठ डिस्कॉम, 2 मई को केस्को, 6 मई को आगरा, 14 मई को लखनऊ और 21 मई को वाराणसी डिस्कॉम पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान के तहत केंद्रीय पदाधिकारी पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे और प्रत्येक जनपद में बिजली उपभोक्ताओं एवं किसानों के साथ संयुक्त सभाएं आयोजित की जाएंगी। बैठक में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा गया कि एक ओर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी की जा रही है। जिससे तकनीकी कार्यों में बाधा आ रही है। यदि यही स्थिति रही तो मेंटेनेंस के अभाव में ट्रांसफार्मर जलने और लाइनों में फॉल्ट की समस्याएं बढ़ेंगी, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ेगा।

## दलित छात्र की मौत पर गरमाई केरल की सियासत, कांग्रेस ने लगाया दिखावटी जांच का आरोप

**कन्नूर, एजेंसी।** केरल के कन्नूर डेंटल कॉलेज में दलित छात्र की मौत को लेकर सियासत गर्म हो गई है। मृतक छात्र नितिन राज आरएल के परिवार ने आरोप लगाया है कि नितिन की जाति, रंग और माता-पिता के दिहाड़ी मजदूर होने की वजह से उसे प्रताड़ित किया जाता था और अकसर अपमानित किया जाता था। नितिन तिरुवनंतपुरम के ही उझामलक्कल गांव का रहने वाला था और कन्नूर जिले के अंजराकंडी में कन्नूर डेंटल कॉलेज में बीडीएस का छात्र था। कॉलेज परिसर में ही बिल्डिंग से गिरकर उसकी मौत हो गई थी। नितिन ने बीते वर्ष ही कॉलेज में ऐडमिशन लिया था। कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सदस्य के.सी. वेणुगोपाल ने केरल सरकार से कन्नूर डेंटल कॉलेज के पहले साल के बीडीएस छात्र आर.एल. नितिन राज की मौत की पूरी जांच शुरू करने और उसे एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की मांग की है। वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि नितिन के माता-पिता और सहपाठियों ने एक फैकल्टी सदस्य के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं, और जोर दिया कि एक पूरी जांच के माध्यम से सच्चाई सामने आनी चाहिए। वेणुगोपाल इस घटना को बेहद परेशान करने वाला बताते हुए कहा कि कुछ ऐसे लोगों के कथित आपराधिक कृत्यों के कारण एक परिवार की उम्मीदें टूट गईं,

# इस्लाम छोड़ सनातन की राह पकड़ी

### हरकी पैड़ी में गोल टोपी पहनने का आरोप

**हरिद्वार , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से शुरू हुई पूर्व मुस्लिम सद्भावना पदयात्रा हरिद्वार की हरकी पैड़ी के ब्रह्मकुंड पर समाप्त हुई। इसमें शामिल दर्जनों लोगों ने मां गंगा को प्रणाम किया। पदयात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। हालांकि इस दौरान श्री गंगा सभा ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मुकदमे की चेतावनी दी। आरोप लगाया कि हरकी पैड़ी में गोल टोपी पहननकर पहुंचे थे।

हरकी पैड़ी पर यात्रा में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोगों के पहुंचने का विरोध शुरू हो गया है। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम और तीर्थ उज्जवल पंडित ने आरोप लगाया कि झूठी परमिशन लेकर नियमों के विपरीत मुस्लिमों को हरकी पैड़ी क्षेत्र में घुमाया गया। उन्होंने ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**दावा- इस्लाम से सनातन की राह पर निकलेत्न** दूसरी ओर यात्रा में शामिल इमरोज आलम और अन्य लोगों का कहना है कि उन्होंने इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म स्वीकार कर लिया है। वे अपनी 'घर वापसी' के बाद हर की पैड़ी पर गंगा पूजन करना



चाहते हैं।

यात्रा का उद्देश्य यह है कि सनातन धर्म में आने के बाद उन पर कोई आंच न आए और न उन्हें प्रताड़ित किया जाए। पदयात्रा में संत रामविशाल दास महाराज समेत हिंदू संगठनों से जुड़े लोग और साधु-संत भी शामिल हुए। पदयात्रा 11 अप्रैल को बिजनौर गंगा बैराज से शुरू हुई थी। यह रविवार को हरकी पैड़ी पहुंची। इसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही विरोध शुरू हो गया।

श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि यात्रा में केवल इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपनाने वाले शामिल है। इस पर उन्होंने इस फैसले का स्वागत किया लेकिन वीडियो में हरकी पैड़ी पर कई लोग मुस्लिम टोपी लगाए दिख रहे हैं। इससे उन्हें आघात लगा है। हरकी पैड़ी क्षेत्र में बायलॉज के अनुसार मुस्लिम प्रवेश नहीं कर सकते। ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने रामविशाल दास महाराज को कांग्रेस का नेता बताते हुए उन पर सनातन को कलंकित करने का आरोप लगाया। तीर्थ पुरोहित उज्जवल पंडित ने कहा कि झूठ बोलकर एक संत ने प्रशासन और श्री गंगा सभा को भ्रमित किया। हरकी पैड़ी पर पहुंचे कई लोग मुस्लिम टोपी पहने हुए थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### मणिपुर में हिंसा की चिंगारी, कानून व्यवस्था पर सवाल

मणिपुर में कुछ दिनों की शांति के बाद फिर से हिंसक घटनाएं सिर उठाने लगी हैं। बिष्णुपुर इलाके में मंगलवार सुबह हुए हमले में दो बच्चों की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय सुरक्षाबल सीआरपीएफ की एक चौकी को घेरने की कोशिश की गई और गोलीबारी में दो लोगों की जान चली गई। इस घटना के बाद आसपास के इलाकों में भी तनाव बढ़ गया है। सवाल है कि सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते स्थिति को संभालने का प्रयास क्यों नहीं किया?प्रदर्शनकारियों की ओर से चौकी पर धावा बोलने की कोशिश से पहले ही उन्हें भरोसे में लेकर माहौल शांत करने को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई? शांति भंग करने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी किसकी है? शासन-प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि असामाजिक तत्त्वों को किसी भी सूरत में ढील न दी जाए, ताकि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे।गौरतलब है कि राज्य में मैतेई और कुकी-जो समुदाय के बीच जातीय हिंसा के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने विस्थापन की पीड़ा सही है और सैकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। यही कारण है कि राज्य सरकार की प्रशासनिक और राजनीतिक विफलता पर भी सवाल उठते रहे हैं। बिष्णुपुर की घटना के उपरांत हुई आगजनी और हिंसा के बाद राज्य के पांच जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। मगर सरकार के इस कदम से हालात कितने दिन तक नियंत्रण में रहेंगे, कुछ कहा नहीं जा सकता।हालांकि इस घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजंसी को सौंप दी गई है, लेकिन सवाल है कि एक घर पर हमला करने के आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की गई, जिस कारण लोगों का गुस्सा भड़क गया। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि राज्य में दो समुदायों के बीच मतभेदों की जो खाई पैदा हुई है, उसे पाटने और स्थायी समाधान निकालने के लिए संवेदनशील तरीके से निरंतर प्रयासों की जरूरत है। दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली के बिना दीर्घकालिक शांति का मार्ग प्रशस्त नहीं पाएगा।

### युद्धविराम के बाद कैसा होगा नया दौर

यह बात महत्त्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है।अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच शांति की राह खुलने से एक नई उम्मीद जगी है। एक माह से अधिक समय तक वार-पलटवार के बाद आखिरकार दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि शुक्रवार से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो सकती है। इस फैसले से दुनिया के उन देशों को भी फिलहाल राहत महसूस हो रही है, जिनका इस युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से उनके यहां तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है।युद्धविराम के एलान का तात्कालिक असर यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बढ़े दामों में अठारह फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे निश्चित तौर पर तेल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, लेकिन सवाल है कि क्या युद्धविराम स्थायी शांति में तब्दील हो पाएगा? यह प्रश्न इसलिए अहम है, क्योंकि खबरों के मुताबिक ईरान ने अपने प्रस्ताव में जो शर्तें रखी हैं, उन पर आम सहमति कायम करना आसान नहीं होगा।गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ ही युद्ध का बिगुल बज गया था। इसका असर सिर्फ युद्ध में शामिल पक्षों तक ही सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों को जहां ईरान के मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा, वहीं भारत समेत कई अन्य देशों में तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया। ईरान ने रणनीति के तहत हार्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई।

*महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वे स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। वर्ष 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वे स्वयं भी बीमारी की शिकार हो गईं।*

## महात्मा फुले के विचार आज भी भारत के भविष्य के मार्गदर्शक हैं

**(पीएम नरेंद्र मोदी)**

आज ग्यारह अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक, और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि उनके दो सौंवे जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्मचिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं। महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाई। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वे कहते भी थे- 'हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।' साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। जीवन में शिक्षा सबसे महत्त्वपूर्ण मिशन महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्त्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं। उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बताया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए शोध और नवाचार को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसी प्रणाली बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति में आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, 'जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिलत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिलत नाही'। यानी जब तक समाज में सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज में मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रह कर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा, लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर पक्षाघात के बाद भी उन्होंने अपना काम और संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वे स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। वर्ष 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वे स्वयं भी बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके दो सौवें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपना कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा ओर यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़ कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले दो सौ साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं। **(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

## तीन राज्यों में बंपर वोटिंग ने क्या संदेश दिया?

**(नीरज कुमार दुबे)**

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है। सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है।असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं।यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है।हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना। अब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है।केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले चुनाव से अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक कोझिकोड जिले में सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। केरल में इस बार चुनाव का मुख्य सवाल यह रहा कि क्या सत्तारुढ़ गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगा या फिर विपक्ष वापसी करेगा? उच्च मतदान को लेकर अलग अलग राजनीतिक दलों ने अलग अलग दावे किए हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 3892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 3891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली 6061



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1979 के दिन इस तत्कालीन राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की थी (8)
6. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ हो जाने के समय युवराज के मस्तक पर लगाया लाने वाला टीका (3)
7. स्वीकार करना, मानना (3)
9. अस्वजन, अपरिचित, अनजान, पराया (3)
12. गीत गाने या बोलने का ढंग, शब्दों को उच्चारण करने का खासा ढंग (3)
14. यह मध्यप्रदेश के प्रांत का नगर एवं संभाग है जो प्रदेश प्रांत के विंध्य पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
15. फायदा, मुनाफा, प्राप्ति (2)
17. दौड़ने वाला, धावक (3)
19. दादा का पिता, प्रतितामह (4)
20. विरूद्ध, प्रतिकूल, उलटा (3)
22. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
23. जिसके पार अपार संपत्ति हो, धनपति, मालामाल, धनाढ्य (3)
24. पृथ्वी, जमीन, सीता की एक सहेली का नाम (1)

**ऊपर से नीचे**

1. लोक व्यवहार हेतु नियत किया गया आचार, बर्ताव का ढंग (2)
2. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
3. मान्य और सर्वप्रिय, पसंद किया हुआ (4)
4. सजीव रहना, जिंदा रहना, जीवित होना (2)
5. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
8. जो सीधा न जाकर बल खाता हुआ गया हो (5)
10. अनजान, अपरिचित, अज्ञात (4)
11. तानयुक्त स्वरों में आरंभिक धुन प्रदर्शन (3)
13. प्राणतत्व, जीवन, जानकारी, पहचान (2)
16. ऋण मोचन, क्षतिपूर्ति, भुगतान, आवक पत्र (4)
18. पहरेदार या रक्षक को यह भी कहा जाता है (3)
21. उर्दू का एक अक्षर, अलक, जुल्फ, फौज का दस्ता, दूर, दूरी पर, समूह (2)

### वर्ग पहेली 6060 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रो | मा | नि | या | | कु | श | ल |
| ज | न | | द | ह | श | त | |
| ना | ना | ना | | ल | व | | था |
| म | | पा | स | | ती | त | र |
| चा | बु | क | | व्यो | | बा | |
| | डा | | ना | म | ज | द | गी |
| | पे | प | र | | म | ला | |
| ड | स्ट | र | | मी | ना | | |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन वृष राशि वालों के घर परिवार की स्थिति को बना सकता है कुछ व्यस्तता से भरपूर। दोस्तों के साथ कुछ जरूरी कामों को करने के अलावा करियर की बातें भी साझा करने वाले हैं। घर के बड़ों के साथ कुछ काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। बच्चों की उछल-कूद कर सकती है परेशान। भावनाओं में बहने के बजाय समझदारी से फैसले लें।

### वृष

आज दिन की शुरुआत सुस्ती दे सकती है ऐसे में घर के कामों में आप का रुझान भी कम ही रह सकता है। घर के बड़ों के साथ कुछ काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।इस समय पर काम के सिलसिले में यात्राएं भी बहुत अधिक बढ़ने वाली हैं इस दौरान घर के रख रखाव से जुड़े मामले आप पर भारी न पड़े इसके लिए हर बात का रखें ख्याल।

### कर्क

आज का समय थोड़ा संभल कर काम करें। आज के दिन ग्रहों की चाल आप को कर सकती है प्रभावित मन पर बना रहेगा असर। आज आपको अपने अंदर संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। भावनाओं में बहने के बजाय समझदारी से फैसले लें। रिश्तों में प्यार बना रहेगा, बस बातों को सही तरीके से कहना जरूरी होगा।लोगों के साथ तालमेल बनाने में लगे रहेंगे।

### सिंह

आज के दिन की स्थिति प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ने का मौका देने वाली है। आज आप अपने काम में मस्त रहेंगे पर ध्यान रखें की इसके चलते अपनी पर्सनल लाइफ को इग्नोर न कर बैठें। लोगों के साथ तालमेल बनाने में लगे रहेंगे। दिल की सुनना अच्छा है पर हर निर्णय सोच-समझकर लें। आपका अनुशासन आपको सही दिशा देगा।

### मिथुन

आज घर परिवार की स्थिति रहेगी मिलेजुले प्रभाव वाली। आज आप अपनों के साथ जुड़ाव ज्यादा महसूस करेंगे। दिल से जुड़ी बातें आपको खुश भी करेंगी और थोड़ा भावुक भी। छोटी बातों को नजरअंदाज करना सीखेंगे तो दिन ज्यादा सुकून भरा रहेगा।

### कन्या

आज आपका दिल थोड़ा ज्यादा नरम रह सकता है और छोटी-छोटी बातें भी आपको अंदर तक असर कर सकती हैं। किसी अपने को लेकर आप गहराई से सोचेंगे, लेकिन हर बात को ज्यादा तूल देने से बचें। समझदारी से काम लेंगे तो माहौल हल्का बना रहेगा।

### तुला

आज के दिन का समय आप को दे सकता है नए लोगों से कुछ नवीन चीजों को समझने की स्थिति। आज आप अपने रिश्तों और करीबियों को लेकर मन ही मन काफी सोचते रहेंगे। भावनाएं आपको थोड़ा धीमा कर सकती हैं, इसलिए हर बात को शांत मन से समझना बेहतर रहेगा जल्दबाजी में कोई प्रतिक्रिया न दें।

### वृश्चिक

आज स्थिति सामान्य रहेगी पर मन के कारक ग्रह चंद्रमा आप को शांति से नहीं बैठने देंगे। आज आपके मन में कई उलझे हुए ख्याल आ सकते हैं। किसी खास रिश्ते या स्थिति को लेकर आप ज्यादा सोच सकते हैं। जरूरी है कि आप हर बात को दिल से नहीं, बल्कि समझ से भी देखें। घर के बड़ों के साथ कुछ काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### मकर

आज दिन रहेगा घर के कामकाज के साथ साथ खुद को समय देने के लिए महत्वपूर्ण। आज आप बाहर से मजबूत और अंदर से थोड़ा कोमल महसूस कर सकते हैं। रिश्तों में आपकी सोच गहरी होगी। घर के बड़ों के साथ कुछ काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।अगर आप दिल और दिमाग दोनों को साथ लेकर चलेंगे तो बेहतर नतीजे मिलेंगे।

### कुंभ

आज आपके मन में कई छिपी हुई बातें उभर सकती हैं। छात्र इस समय अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सजग रहेंगे। नौकरी में आज के दिन पद प्राप्ति का योग भी बन रहा है। आप किसी से दिल की बात कहने का सोच सकते हैं, लेकिन हर बात साझा करना जरूरी नहीं होता। सोच-समझकर ही कदम उठाएं। घर के बड़ों के साथ कुछ काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### धनु

आज जरूरी है की हर काम पर अच्छे से ध्यान बनाए रखा जाए। आज कुछ कामों में दूसरे का हस्तक्षेप आप को परेशान कर सकता है। घर पर अपनों की बातों को गहराई से समझने की कोशिश करेंगे लेकिन ज्यादा सोचने से खुद को थका सकते हैं। रिश्तों में हल्का नजरिया अपनाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। घर के बड़ों के साथ कुछ काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### मीन

करियर के मामले में आज का दिन आप को नए लोगों के साथ काम करने का मौका देगा। इस समय घरेलू जिम्मेदारियों को संभाल पाना आसान न लग पाए। बच्चे अपनी जिद में भी बने रहेंगे। माता पिता के लिए ज्यादा सोचेंगे और उनके लिए कुछ अच्छा करने का मन बना सकते हैं। भावनाएं मजबूत रहेंगी, लेकिन हर चीज में समझदारी रखना जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# प्रसिद्ध कृष्णा का लखनऊ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर कब्जा

**लखनऊ (एजेंसी)।** गुजरात टाइंटस के तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटक कर पर्पल कैप पर कब्जा जमा लिया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए इस मुकाबले में प्रसिद्ध कृष्णा चार विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में चार मैचों में कुल 10 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है। इस दौरान प्रसिद्ध ने 28/4 के आंकड़े के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है जबकि उकना इकोनॉमी रेट 9.50 रहा है। इस सूची में दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई (9 विकेट) तथा चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज अंशुल कंबोज (8 विकेट) तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव और रॉयल चैलेंजसै बेंगलुरु के जैकब डफी हैं, जिनके नाम 6-6 विकेट हैं। मैच की बात करें तो तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। एलएसजी को 8 विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (चार ओवर में 32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए और रुस्त्र 164 रन ही बना पाई।



# महिला टी20 विश्व कप की प्राइज मनी का ऐलान

**चैंपियन टीम को आईपीएल विजेता से भी ज्यादा पैसे मिलेंगे**

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप 2026 की प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। इस बार टूर्नामेंट की



कुल प्राइज मनी 8,764,615 यानी करीब 81 करोड़ 83 लाख रुपये होगी। 2024 में हुए पिछले महीने टी20 विश्व कप से यह 10 प्रतिशत ज्यादा है। चैंपियन बनने वाली टीम को 2,340,000 यानी करोब 21 करोड़ 84 लाख रुपये मिलेंगे। आईपीएल की विजेता टीम को बीसीसीआई 20 करोड़ रुपये देती है। आईसीसी फाइनल में हारने वाली टीम को 1,170,000 देगी। यह भारतीय रुपये में करीब 11 करोड़ होता है। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 675,000 मिलेंगे, जबकि ग्रुप मैच में हर जीत पर टीमों को 31,154 मिलेंगे। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीम को कम से कम 247,500 डॉलर यानी 2 करोड़ 31 लाख का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा।

## ● हॉकी वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स के लिए तैयारी तेज

# दो अलग-अलग टीम उतारने पर विचार करेगा भारत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी को लेकर बड़ा फैसला सामने आ सकता है। हाकी इंडिया इस साल होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स के लिए अलग-अलग टीम उतारने की योजना बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह कदम दोनों टूर्नामेंट के बीच कम समय अंतराल को देखते हुए उठाया जा सकता है।



**शेड्यूल बना बड़ी चुनौती -** हॉकी वर्ल्ड कप 15 अगस्त से 30 अगस्त तक बेल्जिय मऔर नीदरलैंड में खेला जाएगा। इसके ठीक 20 दिन बाद 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में एशियन गेम्स आयोजित होंगे। कम समय के कारण खिलाड़ियों की फिटनेस और तैयारी बड़ी चुनौती बन सकती है।

**एशियन गेम्स को मिलेगी प्राथमिकता -** खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया- एशियन गेम्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का जरिया है, इसलिए हमारी टीम वहां जाएगी। यानी भारत अपनी मजबूत टीम एशियन गेम्स में उतार सकता है, जबकि वर्ल्ड कप के लिए अलग टीम भेजी जाएगी।

**वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान भिड़ंत -** पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप में इंडिया और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है।

**एशियन गेम्स में बड़ी उम्मीदें**

*भारत एशियन गेम्स 2026 में बेहतर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है। पिछले एशियन गेम्स में भारत ने 106 मेडल जीतकर इतिहास रचा था, जिसे इस बार पार करने का लक्ष्य रखा गया है। इस बार 700 से ज्यादा भारतीय खिलाड़ी 40 से अधिक खेलों में हिस्सा ले सकते हैं। दो बड़े टूर्नामेंट के बीच कम अंतराल के चलते भारत अलग-अलग टीम उतारने की रणनीति अपना सकता है। एशियन गेम्स को प्राथमिकता देना साफ दर्शाता है कि ओलंपिक क्वालीफिकेशन भारतीय हॉकी के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य है।*

## द मास्टर्स 2026

# रॉरी मैकलॉय ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट 2026 में रॉली मैकलॉय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ मैकलॉय दिग्गजों टाइगर वुड्स जेक निकलेस और निक फेल्दो के खास क्लब में शामिल हो गए हैं।



**एक शॉट से जीता रोमांचक मुकाबला -** मैकलॉय ने चार राउंड में 67, 65, 73 और 71 का स्कोर बनाते हुए कुल 12 अंडर 276 किया। उन्होंने Scottie Scheffler को सिर्फ एक शॉट से हराकर यह खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला आखिरी तक बेहद रोमांचक बना रहा।

**तीसरे राउंड में गंवाई बढ़त, फिर की जोरदार वापसी -** तीसरे राउंड के बाद मैकलॉय के पास 6 शॉट की बढ़त थी, लेकिन उन्होंने यह बढ़त गंवा दी। हालांकि फाइनल राउंड में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अंत में दो बेहतरीन बर्डी लगाई और जीत सुनिश्चित की।

## पिट्ठू प्रतियोगिता में छाईं पौड़ी की लड़कियां, रुद्रप्रयाग के लड़के

# रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ समापन

**देहरादून (एजेंसी)।** राजधानी के जीआरडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज (प्रेमनगर) में चल रही 'प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका पिट्ठू प्रतियोगिता' का रविवार को समापन हुआ। देहरादून

**● फाइनल मुकाबले में पौड़ी की बालिकाओं ने रुद्रप्रयाग को हराया**

पिट्ठू एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में पौड़ी की लड़कियों और रुद्रप्रयाग के लड़कों ने अपना दबदबा कायम करते हुए चैंपियन का ताज पहना। वहीं, बालिका वर्ग में उत्तरकाशी और बालक वर्ग में मेजबान देहरादून ने तीसरा स्थान हासिल किया। रविवार को खेले गए




सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया और दर्शकों को कई रोमांचक मैच देखने को मिले।

**● बालक वर्ग में भी टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली-** पहले सेमीफाइनल में रुद्रप्रयाग ने उत्तरकाशी को 80-67 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पौड़ी ने देहरादून को 127-48 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। मेजबान देहरादून ने तीसरे मुकाबले में उत्तरकाशी को 58-42 से हराकर तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। जबकि खिताबी मुकाबले में रुद्रप्रयाग के खिलाड़ियों ने रणनीति के तहत खेलते हुए पौड़ी को 75-67 से मात दी और चैंपियन बन गए।

## बालिका वर्ग के फाइनल में पौड़ी ने रुद्रप्रयाग को 99-63 से हराया

बालिका वर्ग में पौड़ी का एकतरफा दबदबा रहा और खिताबी सफर में टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया। दिन के पहले सेमीफाइनल में रुद्रप्रयाग ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उत्तरकाशी को 49-44 से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में पौड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देहरादून को 133-39 के बड़े अंतर से एकतरफा शिकस्त दी।

तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में उत्तरकाशी ने देहरादून को 56-40 से हराकर बाजी मारी। जबकि खिताबी मुकाबले में पौड़ी की बालिकाओं का दबदबा कायम रहा और उन्होंने रुद्रप्रयाग को 99-63 से हराकर राज्य स्तरीय ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

## विजेताओं को किया गया सम्मानित

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के प्रतिनिधि राय सिंह नेगी, उत्तराखंड पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद पांडे और सचिव अश्वनी भट्ट ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर जीआरडी कॉलेज के निदेशक सिद्धांत चमोली, प्राचार्या प्रियंका सिंह, सुशील चमोली, देहरादून पिट्ठू एसोसिएशन के सचिव विनोद पंवार, शशांक उनियाल, ओम प्रकाश, जितेंद्र लिंगवाल, मुकेश और संध्या थापा समेत कई खेल प्रेमी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लगातार तीसरी हार के बाद

# पंड्या का सख्त संदेश, टीम को दी कड़ी चेतावनी

**मुंबई (एजेंसी)।** लगातार तीन हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम को सख्त संदेश देते हुए कहा कि उनके पास दो ही विकल्प हैं, या तो अलग-अलग सोचें या एकजुट होकर समस्याओं का सामना करें। आरसीबी के खिलाफ हार के बाद पांड्या ने गेंदबाजी और रणनीति पर भी सवाल उठाए और टीम में बदलाव के संकेत दिए।



**जीतना और सीखना - यही हमारा मंत्र होना चाहिए**

आईपीएल 2026 में लगातार तीन हार के बाद मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी तनावपूर्ण नजर आया। हार्दिक पांड्या, जो टीम के कप्तान हैं, बेहद गंभीर और निराश दिखे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मिली 18 रन की हार ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इस मैच में मुंबई इंडियंस कभी भी लक्ष्य का पीछा करते हुए नियंत्रण में नहीं दिखी। मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में हार्दिक पांड्या ने पूरी टीम को संबोधित करते हुए साफ शब्दों में कहा कि अब टीम के पास सिर्फ दो विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, एमजे (माहेला जयवर्धने) ने जो कहा, उसी को आगे बढ़ाते हुए मैं कहूंगा कि हमारे पास दो ही विकल्प हैं। या तो हम अपने-अपने कमरों में जाएं, खुद को एकाग्र करें और अकेले सोचें। मुझे पता है हारना मुश्किल होता है, लेकिन दूसरा यह है कि हमें सीखना होगा गायब नहीं होना है। यह हमेशा जीतना और सीखना है, हारना नहीं। उन्होंने आगे टीम को एकजुट रहने की सलाह दी, %जब हम होटल वापस जाएं, तो साथ में खाना खाएं। क्रिकेट की बात करें, कुछ और बात करें, लेकिन मिलकर इसका हल निकालें।

**रणनीति में बदलाव के संकेत -** हार्दिक ने साफ संकेत दिए कि टीम की रणनीति में बदलाव हो सकता है। उन्होंने कहा, अब बहुत सारी चीजों पर दोबारा सोचने की जरूरत है। यह तरीका काम नहीं कर रहा। हमें देखना होगा कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी में और क्या विकल्प हो सकते हैं।

**● आरसीबी के खिलाफ क्यों हारी मुंबई? -** इस मुकाबले में आरसीबी के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। विराट कोहली, फिल सॉल्ट और रजत पाटीदार की पारियों की बदौलत टीम ने 240 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए यह लक्ष्य काफी बड़ा साबित हुआ और टीम 222/5 तक ही पहुंच सकी। हालांकि, शेरफेन ने 31 गेंदों में 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थी।

**● गेंदबाजी पर उठे सवाल -** मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने गेंदबाजी यूनिट पर भी चिंता जताई और माना कि टीम ने जरूरत से ज्यादा रन दिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने बहुत ज्यादा रन दे दिए। 241 का लक्ष्य हमेशा मुश्किल रहने वाला था। पिछले कुछ मैचों में हम खेल को कंट्रोल करने के बजाय उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें खुद को देखना होगा, समझना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं और कैसे वह लय हासिल कर सकते हैं जिसकी हमें जरूरत है।

**आगे की राह आसान नहीं**

मुंबई इंडियंस के लिए आगे का सफर आसान नहीं रहने वाला है। लगातार हार के बाद टीम को जल्दी ही वापसी करनी होगी, वरना प्लेऑफ की राह मुश्किल हो सकती है। हार्दिक पांड्या का यह संदेश साफ है- अब टीम को एकजुट होकर ही आगे बढ़ना होगा। मुंबई का अगला मैच 16 अप्रैल को पंजाब किंग्स से है।

# रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन कौर के साथ दिखे अर्शदीप सिंह

**वायरल हुआ यह क्यूट वीडियो**





**मुंबई (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के स्टार खिलाड़ी अर्शदीप सिंह इन दिनों अपनी गेंदबाजी की वजह से नहीं, बल्कि निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। अर्शदीप ने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड के हाथों में हाथ डालकर फोटो शेयर की थी। उसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर अर्शदीप की गर्लफ्रेंड है कौन! इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने दावा किया कि पंजाबी अभिनेत्री और मॉडल समरीन कौर ही अर्शदीप की गर्लफ्रेंड हैं। अब अर्शदीप आईपीएल 2026 के दौरान अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन के साथ स्पॉट भी हुए हैं।

**टीम ट्रैवल के दौरान का वीडियो**

वीडियो आईपीएल के दौरान का ही, क्योंकि अर्शदीप के पीछे पंजाब की टीम बस खड़ी दिख रही है। अर्शदीप भी सामान के साथ हैं, यानी वीडियो टीम ट्रैवल के दौरान की है। अर्शदीप के साथ समरीन खड़ी हैं और अर्शदीप कुछ क्यूट से जेस्चर बनाते हैं और समरीन उस पर हंसने लगती हैं।

# 200 मीटर रेस में बोल्ट से भी तेज निकले गाउट

## ऑस्ट्रेलिया के 18 वर्षीय गाउट ने रेस 19.67 सेकंड में पूरी कर बोल्ट का इस उम्र का रिकॉर्ड तोड़ा

**सिडनी (एजेंसी)।** एथलेटिक्स की दुनिया में कल एक ऐसा चमत्कार हुआ, जिसने भविष्य की सुनहरी झलक पेश कर दी। सिडनी ओलिंपिक पार्क एथलेटिक सेंटर में 18 वर्षीय स्प्रिंट सनसनी गाउट गाउट ने 200 मीटर के फाइनल में 19.67 सेकंड का अविश्वसनीय समय निकालकर इतिहास रच दिया। यह समय न केवल महान उसैन बोल्ट के रिकॉर्ड से तेज है, बल्कि इसने ऑस्ट्रेलियाई एथलेटिक्स के एक नए युग का सूत्रपात भी कर दिया है।



खेल इतिहास में तुलनाएं अक्सर की जाती हैं, लेकिन गाउट ने आंकड़ों से अपनी श्रेष्ठता साबित की। साल 2004 में उसैन बोल्ट ने 18 साल की उम्र में 19.93 सेकंड का समय निकाला था। ऑस्ट्रेलियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गाउट ने उनसे कहीं आगे निकलते हुए 19.67 सेकंड में फिनिश लाइन पार की और गोल्ड मेडल जीता। यह इस साल दुनिया का सबसे तेज समय है। गाउट के लिए यह जीत एक भावनात्मक पल भी थी। पिछले साल उन्होंने 19.84 सेकंड का समय निकाला था, लेकिन वह 'अवैध टेलविंड' के कारण आधिकारिक नहीं हो सका था। इस बार 1.7 मीटर प्रति सेकंड की वैध हवा की गति के साथ उन्होंने रफ्तार पर मुहर लगा दी। रेस की शुरुआत सामान्य थी। उम्मीद थी कि गाउट जल्द ही बढ़त बना लेंगे, लेकिन एडन मर्फी ने गाउट को कदम-कदम पर कड़ी टक्कर दी। मर्फी की इस चुनौती ने गाउट के भीतर के 'एथलेटिक दानव' को जगा दिया। अंतिम मीटरों में गाउट ने अपनी सिग्नेचर टॉप-स्पीड पकड़ी और जब स्कोरबोर्ड पर समय चमका, तो पूरा स्टेडियम स्तब्ध रह गया। इस प्रदर्शन में एडन मर्फी की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। मर्फी ने 19.88 सेकंड का समय निकाला और दूसरे स्थान पर रहे। यह पहली बार है, जब एक ही रेस में दो ऑस्ट्रेलियाई धावकों ने 20 सेकंड से कम में रेस पूरी की है। मर्फी ने पीटर नॉर्मन के 1968 के उस रिकॉर्ड को तोड़ने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की, जो दशकों से अभेद्य लग रहा था।

# हार्दिक के आउट होने पर क्रुणाल ने आक्रामक तरीके से मनाया जश्न, अटकलों का बाजार गर्म

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के मुकाबले में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच सिर्फ मैच ही नहीं, बल्कि दो भाइयों की कहानी भी सुर्खियों में रही। हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या के बीच रिश्तों में खटास की अटकलें तेज हो गई हैं। सबसे ज्यादा चर्चा उस पल की हुई जब हार्दिक पांड्या के आउट होने पर क्रुणाल ने काफी आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। यह दृश्य फैंस के लिए चौंकाने वाला था, क्योंकि दोनों भाई पहले मैदान पर अक्सर एक-दूसरे के साथ मजाक और गर्मजोशी दिखाते थे।



**हार्दिक के आउट पर क्रुणाल का जश्न क्यों चर्चा में-** मैच के दौरान हार्दिक पांड्या 22 गेंदों में 40 रन बनाकर खेल रहे थे। वह बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब डफी की गेंद पर आउट हो गए, जहां कैच रोमारियो शेफर्ड ने लपका। जैसे ही विकेट गिरा, क्रुणाल पांड्या तेजी से दौड़ते हुए आए और काफी जोश के साथ जश्न मनाया। उन्होंने अजीब तरीके से सिर को भी घुमाया। यह जश्न इतना आक्रामक था कि सोशल मीडिया पर तुरंत चर्चा शुरू हो गई कि क्या दोनों भाइयों के बीच सब ठीक नहीं है।

**मैच के दौरान नहीं दिखी कोई बातचीत-** फैंस ने यह भी नोटिस किया कि पूरे मैच के दौरान हार्दिक और क्रुणाल के बीच कोई बातचीत या सामान्य गर्मजोशी नजर नहीं आई। यहां तक कि मैच के बाद भी दोनों ने हाथ मिलाते हुए या हंसते-मुस्कुराते हुए नजर नहीं आए। जब क्रुणाल गेंदबाजी कर रहे थे, तब भी दोनों ने एक-दूसरे को ठीक से नहीं देखा।

**सोशल मीडिया से शुरू हुई दरार की चर्चा-** दरअसल, सोशल मीडिया पर फैंस दावा कर रहे हैं कि पांड्या ब्रदर्स के बीच दूरी की अटकलें पहले से ही चल रही थीं। फैंस के मुताबिक, टी20 विश्वकप 2026 में हार्दिक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद क्रुणाल ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई नहीं दी। हार्दिक ने इस टूर्नामेंट में 217 रन बनाए और नौ विकेट लिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### पुलिस अधीक्षक ने की कांड की समीक्षा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण कांड की समीक्षा की गई। इस दौरान एसडीपीओ सदर-01 एवं संबंधित अनुसंधान पदाधिकारी (आईओ) भी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के क्रम में वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनकी बातों को गंभीरता से सुना गया। पुलिस अधीक्षक ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जांच प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा मामले का शीघ्र और न्यायोचित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिल सके।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** न्यायालय के आदेश पर औरंगाबाद पुलिस ने एक फरार अभियुक्त के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसके घर पर इश्तेहार चस्पा किया। यह कार्रवाई मदनपुर (देवजरा) थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस टीम ढोल-नगाड़े के साथ अभियुक्त के घर पहुंची और विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान आसपास के लोगों को भी अभियुक्त की जानकारी दी गई और उसे जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई है और यदि अभियुक्त निर्धारित समय के भीतर सरेंडर नहीं करता है तो आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।

भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट, उपाधीक्षक ने मरीजों से लिया फीडबैक

# हीट वेव से बचाव की तैयारी, सदर अस्पताल में 35 बेड का विशेष वार्ड

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित हीट वेव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सदर अस्पताल में 35 बेड का एक विशेष डेडिकेटेड वार्ड तैयार किया जा रहा है, जहां लू से प्रभावित मरीजों को त्वरित और समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल जिला प्रशासन के निर्देश पर की जा रही है, ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार ने सोमवार को अस्पताल का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) के समीप बनाए जा रहे इस विशेष वार्ड का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वार्ड में हर बेड के पास बड़े कूलर लगाए जा रहे हैं, ताकि तापमान को नियंत्रित रखा जा सके और मरीजों को राहत मिल सके।

इसके साथ ही बर्फ, ठंडे पानी और जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हीट वेव के दौरान डिहाइड्रेशन, चक्कर, बेहोशी और हीट स्ट्रोक जैसे मामलों में तेजी से वृद्धि होती है, इसलिए अस्पताल प्रशासन को पहले से ही पूरी तैयारी रखनी होगी। इसके लिए डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक ने अस्पताल के लगभग सभी महत्वपूर्ण विभागों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने माइनर ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी, आईसीयू, महिला एवं पुरुष वार्ड, महिला ओपीडी, अल्ट्रासाउंड केंद्र, दंत ओपीडी, नेत्र ओपीडी, प्रसूति वार्ड, शिशु वार्ड, ब्लड बैंक, टीकाकरण केंद्र, एनसीडी क्लिनिक, नशा मुक्ति केंद्र, ऑपरेशन थिएटर सहित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर इलाज की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता और अस्पताल की सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। कई मरीजों ने संतोष व्यक्त किया, वहीं कुछ स्थानों पर छोटी-मोटी कमियों की ओर भी ध्यान दिलाया गया। उपाधीक्षक ने इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक कर उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्पाद सिपाही की परीक्षा देकर लौट रही थी अंजलि, सोन पुल के पास हादसा

# ट्रक ने युवती को कुचला, मौके पर की हुई मौत, भाई बाल-बाल बचा

- शहर जाने की जरूरत खत्म होगी।
- 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पहल।
- घर-घर स्क्रीनिंग के लिए विशेष वाहन चलेंगे।

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)



अंजलि कुमारी



जिले के बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन पुल के पास सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई बाल-बाल बच गया। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के निहालपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र की पुत्री अंजलि कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अंजलि अपने भाई प्रकाश पटेल के साथ झारखंड के रामगढ़ से उत्पाद सिपाही की परीक्षा देकर घर लौट रही थी। दोनों रविवार की रात सोन पुल के पास एक होटल में ठहरे थे और सोमवार की सुबह करीब 2 बजे बाइक से वाराणसी के लिए रवाना हुए। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद अंजलि सड़क पर गिर गई और ट्रक के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसका भाई इस हादसे में बाल-बाल बच गया, लेकिन वह गहरे सदमे में है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार अंजलि पढ़ाई में काफी मेधावी थी और उसका सपना पुलिस सेवा में जाने का था। वह पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल रही थी और इस बार उत्पाद सिपाही की परीक्षा देने गई थी।

मामले में बारुण थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# औरंगाबाद में बीपीएससी परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी अभीलाषा शर्मा के निर्देश पर समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। यह परीक्षा जिले में 14, 15, 17, 18, 20 एवं 21 अप्रैल 2026 को एकल एवं द्वितीय पाली में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए कुल 19 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो पुलिस बल के साथ परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले ही केन्द्र पर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। वे कक्षवार वीक्षकों की रैंडम प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे और केन्द्राधीक्षक के साथ समन्वय बनाकर परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराएंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश को लेकर भी सख्त व्यवस्था की गई है। सभी अभ्यर्थियों की गहन तलाशी (फ्रिस्किंग) की जाएगी और उनके ई एडमिट कार्ड पर अंकित क्यूआर/बार कोड की स्कैनिंग कर फोटो व पहचान पत्र से मिलान के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

# माता-पिता के प्रति श्रद्धा सनातन संस्कृति का मूल तत्व : डॉ प्रेम कुमार

- बारून में समाजसेविका एवं शिक्षाविदुषी अरुण लता सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण
- विधानसभाध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं विधायक समेत कई हस्तियां हुई समारोह में शामिल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि माता-पिता के प्रति श्रद्धा भारतीय सनातन संस्कृति का मूल तत्व और और हमारी संस्कृति में पितृ ऋण चुकाना पुत्र का दायित्व है । डॉ. कुमार ने रविवार की रात औरंगाबाद जिले के बारून में प्रख्यात समाजसेविका अरुणलता सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय अरुणलता सिन्हा के पुत्रों कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट के पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए योगदान की भी चर्चा की। डॉ कुमार ने कहा कि समाज के लिए अच्छा करने वाले लोगों को हमेशा याद किया जाता है । उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद , राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसके बाद समाज सेवा । उन्होंने लोगों से राष्ट्र - समाज के लिए बेहतर करने की अपील की । पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार कमल किशोर - श्रीराम अम्बष्ट द्वारा अपने स्मृतिशेष माता-पिता की प्रतिमा का स्थापना किया जाना एक प्रशंसनीय कार्य है और, इस प्रकार उन्होंने अपने जन्मदाताओं को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लाला शंभूनाथ और स्वर्गीय अरुणलता सिन्हा का

परिवार पत्रकारिता, प्रशासन, चिकित्सा, तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस परिवार को यह प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी स्व अरुणलता सिन्हा को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी प्रेरणा से उनके परिवार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा और उपलब्धियां की चर्चा की। रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आज के दौर में जब मूल्य का पतन हो रहा है ऐसी स्थिति में कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट द्वारा अपने माता-पिता को ऐसा सम्मान दिया जा रहा है। समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को नगर परिषद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए स्व अरुणलता सिन्हा के पुत्र एवं राज्य के वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने अपनी मां अरुणलप्ता सिन्हा और अपने पिता लाला शंभूनाथ के जीवन का वर्णन किया और उनसे मिले मार्गदर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार इन दोनों के आदर्शों पर चल रहा है और समाज को हमेशा इस परिवार ने कुछ देने की कोशिश की है।




संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 20 अप्रैल, 2026 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society-Together for Fire Prevention" (सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ) रखा गया है।

अग्निकांड एक गंभीर एवं विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन-सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होनेवाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society-Together for Fire Prevention", "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड

PR. No. 377388/IPRD/2025-26